✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




पीएम नरेन्द्र मोदी ने असम में बांस से इथेनॉल तैयार करने वाले प्लांट का उद्घाटन किया


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 110 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 15 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सत्यमेव जयते

भारत सरकार



## विकसित बिहार विकसित भारत

**बिहार के लोगों के लिए विद्युत, रेलवे, एयरपोर्ट, आवासन एवं शहरी कार्य, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन तथा डेयरी क्षेत्रों की 36000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उपहार**

### शिलान्यास

- पीरपैंती (भागलपुर) में 3x800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना • कोसी–मेची अंतर–राज्यीय नदी लिंक परियोजना फेज़–I
- बिक्रमशिला–कटरिया के बीच नई रेल लाइन (26 किमी)
- सुपौल तथा कटिहार जिलों में अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) एवं अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) कार्य
- दरभंगा, कटिहार तथा भागलपुर में जलापूर्ति परियोजनाएं

### उद्घाटन

- पूर्णिया हवाई अड्डे के अंतरिम टर्मिनल भवन • अररिया–गलगलिया (ठाकुरगंज) के बीच नई रेल लाइन (111 किमी)
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत भागलपुर में अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) तथा अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी)
- पूर्णिया में स्वदेशी गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा

### हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

- पूर्णिया हवाई अड्डे से पहली वाणिज्यिक उड़ान
- अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन से होकर जाने वाली कटिहार–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस • जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस
- सहरसा–छेहरटा (अमृतसर) अमृत भारत एक्सप्रेस • जोगबनी–इरोड अमृत भारत एक्सप्रेस

### गृह प्रवेश

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) (बिहार के 35600 लाभार्थी)
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) (बिहार के 5920 लाभार्थी)

### एनआरएलएम के अंतर्गत लाभों के वितरण

- बिहार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत समूह स्तरीय संघों के लिए ₹500 करोड़ की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) तथा पाँच सीएलएफ को चेकों की सुपुर्दगी

### शुभारंभ

- राष्ट्रीय मखाना बोर्ड

### परियोजनाओं के लाभ

- पूर्णिया हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के विकास से क्षेत्र में हवाई यात्रा की माँग पूरी होगी
- नई लाइनों और रेलगाड़ियों के परिचालन से कुशल एवं किफायती रेल यात्रा के साथ यात्री और माल ढुलाई के लिए संपर्कता को बढ़ावा मिलेगा
- नए ताप विद्युत संयंत्रों से विद्युत उत्पादन से घरेलू और औद्योगिक खपत के लिए विद्युत की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी
- नए जलापूर्ति तंत्रों से संधारणीय जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी
- अवरोधन एवं विपथन (आई एंड डी) तथा नए अपशिष्ट शोधन संयंत्र (एसटीपी) नदी के प्रदूषण को कम करेंगे तथा गंगा के पुनरुद्धार में सहायक सिद्ध होंगे
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण एवं शहरी) के अंतर्गत 41,520 परिवार घर के मालिक बनेंगे
- गोजातीय लिंग–विभेदित वीर्य उत्पादन सुविधा से डेयरी किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा उनका आर्थिक बोझ कम होगा
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत धनराशि के वितरण से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा और ग्रामीण निर्धन परिवारों / स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण
- मखाना उत्पादन उद्योग को बढ़ावा, जिससे इस क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर बिहार की पहचान को सुदृढ़ता मिलेगी

## श्री नरेन्द्र मोदी

**माननीय प्रधानमंत्री**

द्वारा

सोमवार, 15 सितंबर, 2025 | अपराह्न 03:30 बजे | पूर्णिया, बिहार

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खान**
राज्यपाल, बिहार

**श्री नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री मनोहर लाल**
केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री

**श्री शिवराज सिंह चौहान**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह**
केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री

**श्री किंजरापु राममोहन नायडू**
केंद्रीय नागर विमानन मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**श्री सी. आर. पाटिल**
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री

**श्री सम्राट चौधरी**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री विजय कुमार सिन्हा**
उप मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री राजेश रंजन**
संसद सदस्य (लोकसभा)

**श्री विजय कुमार खेमका**
विधायक, पूर्णिया











CBC 03111/15/0011/2526

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

# गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लाई गई राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 ऐतिहासिक पहल : डॉ. प्रेम कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की आमसभा रविवार को दानापुर के पनास बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में विशाल सिंह, अध्यक्ष एनसीसीएफ-सह-अध्यक्ष बिस्कोमान, विशिष्ट अतिथि विनय कुमार शाही, अध्यक्ष बिहार को-ऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड, रमेश चंद्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक, रितेश कुमार, अध्यक्ष पाटलिपुत्र सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक और प्रबंध निदेशक वात्सलय मिश्रा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 लाई गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को समृद्धि का आधार माना है और यह नीति उसी दिशा में क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारत की प्राचीन व्यवस्था है, जो छोटे-छोटे संसाधनों को मिलाकर बड़े कार्य संपन्न करने की परंपरा को आगे बढ़ाती है। भारतीय समाज की नींव में सहकारिता की भावना रची-बसी है, जो सामूहिक भागीदारी, लोकतांत्रिक नियंत्रण और साझा लाभ पर आधारित है। यह नीति सहकारिता संस्थाओं को आर्थिक विकास का प्रभावशाली साधन बनाते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में अहम योगदान देगी। मंत्री ने बताया कि भारत में दुनिया की एक चौथाई से अधिक सहकारी समितियां हैं और एक तिहाई ग्रामीण जनसंख्या सीधे इससे जुड़ी है। सहकारिता आंदोलन ने बीते 100 वर्षों से सामाजिक उत्थान की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है और अब प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में यह नया आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम नरेन्द्र मोदी देंगे पीरपैंती अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अपने बिहार आगमन के मौके पर भागलपुर जिले की जनता को अडानी पावर लिमिटेड के प्रस्तावित पीरपैंती अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना की एक बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को पूर्णिया में नवनिर्मित एयरपोर्ट टर्मिनल के उद्घाटन स्थल से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 2400 मेगावाट क्षमता वाले पीरपैंती थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यस करेंगे। इस कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मौके पर राज्य के ऊर्ज़ा मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार राज्य विधुत जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, अडानी पावर लिमिटेड के नरेश गोयल सहित भागलपुर के सांसद और विधायकगण मौजूद रहेंगे। बिहार सरकार एवं अडानी पावर लिमिटेड के बीच हुए एकरनामे के अनुसार भागलपुर जिले के पीरपैंती में प्रस्तावित 2400 मेगावाट क्षमता वाले अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल विधुत परियोजना के निर्माण पर लगभग 29 हजार करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। परियोजना में 800 मेगावाट की तीन अलग-अलग इकाईयां स्थापित की जाएगी। इसके लिए कोयला और पानी का स्तोत्र झारखंड के गोड्डा जिले में स्थित ईसीएल का राजमहल खदान तथा पीरपैंती के निकट गंगा नदी है। इस बीच प्रदेश भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्र ने प्रदेश के सुदूर एवं पिछड़े पीरपैंती क्षेत्र में इस वृहत बिजली परियोजना के निर्माण का स्वागत करते हुए कहा कि समूचे भागलपुर जिले में औद्योगिक विकास में तेजी आएगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जिले के युवाओं को अब काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने पत्ता पर पीएम मोदी का तस्वीर बनाकर किया अनोखा स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित 15 सितंबर को पूर्णिया में आगमन को लेकर पूरा बिहार उत्साहित है। वहीं पीएम को आने की खुशी में एक बार फिर से देश के चर्चित अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपने खास अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेर कर स्वागत किया है। रविवार को इंटरनेशनल लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने अपनी 5 घंटे के कठिन परिश्रम के बाद दुनिया के सबसे छोटे 5 सेमी पीपल के हरे पत्तों पर अत्यंत सूक्ष्म और बारीक रूप से पीएम मोदी के साथ पूर्णिया एयरपोर्ट, अमृत भारत ट्रेन और मिथिला मखाना की खास तस्वीर उकेर लिखा 'वेलकम मोदीजी इन मिथिला बिहार' मधुरेंद्र ने अपनी अनूठी कलाकृति के माध्यम से मिथिला के धरती पर स्वागत किया हैं। यह तस्वीर इतना आकर्षक है कि सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। बता दे कि कि भारतीय रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार का जन्म 5 सितंबर 1994 को बिहार के चंपारण में बरवाकला गांव नहीहाल में हुआ था। ये भारत के एक प्रसिद्ध रेत कलाकार व मूर्तिकार और पत्ता कलाकार है। उन्हें सभी सामाजिक, प्राकृतिक और ज्वलंत विषयों पर बड़े पैमाने पर पत्ता और रेत की मूर्तियां बनाकर समाज में सकारात्मक सन्देश देने के लिए पुरे विश्व में जाने जाते है।

# मार्कण्डेय ऋषि की स्मृति में 36वां संस्कृत सम्भाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत संस्कृत दिवस एवं स्थापना दिवस के शुभावसर पर महर्षि मार्कण्डेय स्मृति स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का शुभारंभ संस्कृतमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवम आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृत भाषा विश्व की भाषा उसी समय होगी जब विश्व के लोग संस्कृत बोलने लगेंगे। मॉरीशस के पूर्व शिक्षा मंत्री अरमुगम परशुरामन भी चाहते हैं कि यह अभियान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भौतिक रूप से भी बोलना सीखाए। अपने उद्घाटन उद्‌बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृहसचिव उत्तर प्रदेश शासन ने कहा कि पुरुषार्थ के सम्यक ज्ञान के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यावश्यक है। भारत के सभी लोगों को मार्कण्डेय पुराण का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना चाहिए। पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन, उत्तर प्रदेश शासन धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी ने कहा कि मार्कण्डेय ऋषि मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले ऋषि हैं। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रोफेसर रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, असम प्रांत की सहसंयोजिका सुजाता घोष, विशिष्ट अतिथि डॉ. मधु कुमारी, राजस्थान प्रांत की सह संयोजिका कल्पना शर्मा, बिहार प्रांत के प्रचार सचिव मुरलीधर शुक्ल आदि वक्ताओं ने महर्षि मार्कण्डेय को मानव कल्याण का प्रणेता बताया तथा महामृत्युंजय जाप की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी।

# मरीजों को दवा देने में बिहार प्रदेश नंबर वन

## सरकारी अस्पतालों में दी जाने वाली दवाओं की स्थिति पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जारी किया रैंकिंग स्कोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा मुहैया कराने में प्रदेश देश भर में नंबर वन है। राज्य को यह खिताब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के एवीडीएमएस केंद्रीय डैशबोर्ड की ओर से मासिक राज्य रैंकिंग में मिला है। राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का एक सुखद परिणाम है कि लोगों को सरकारी अस्पतालों में अब आसानी से दवाएं उपलब्ध हो जा रही हैं। गंभीर बीमारियों के साथ-साथ सामान्य बीमारियों की दवाएं भी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवीडीएमएस केंद्रीय डैशबोर्ड की ओर से राज्यों के लिए हर महीने एवरेज स्कोर आधारित रैंकिक दी जाती है। यह रैंकिंग अस्पतालों में इलाज के लिए आए रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के आधार पर जारी होती है। बिहार पिछले साल के अक्टूबर में मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के मामले में पहले स्थान पर चल रहे राजस्थान को पछाड़ते हुए 79.34 अंकों के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल कर लिया। इस महीने दूसरे स्थान पर 77.89 अंक के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर तो 64.68 अंकों के साथ तेलंगाना तीसरे स्थान पर रहा। इसके बाद अस्पतालों में रोगियों को दवा उपलब्ध कराने के मामले में राज्य का दबदबा लगातार कायम रहा। केंद्र सरकार की ओर से हाल में अगस्त 2025 के लिए जारी एवरेज स्कोर में एक बार फिर से राज्य को 82.13 अंक के साथ पहला स्थान दिया गया है। 78.61 अंक के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर तो 73.28 अंक के साथ पंजाब तीसरे स्थान पर है।

**मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में दी जाती हैं 611 दवाएं**

राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में कुल 611 प्रकार की दवाएं मरीजों को दी जाती हैं। इसके तहत मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के ओपीडी में 356 प्रकार की दवा, आईपीडी में 255 प्रकार की दवा, जिला अस्पताल के ओपीडी में 287 प्रकार की दवा, आईपीडी में 169 प्रकार की दवा, अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में 212 प्रकार की दवा, आईपीडी में 101 प्रकार की दवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के ओपीडी में 212 प्रकार की दवा, आईपीडी में 97 प्रकार की दवा, रेफरल अस्पताल के ओपीडी में 203 प्रकार की दवा, आईपीडी में 98 प्रकार की दवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 201 प्रकार की दवा, आईपीडी में 93 प्रकार की दवा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 180 प्रकार की दवा, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में 140 प्रकार की दवा, आईपीडी में 53 प्रकार की दवा, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 151 प्रकार की दवा तो स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर 97 प्रकार की दवाएं दी जाती हैं।

# रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीइओ सतीश कुमार ने किया पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार द्वारा आज पटना-मोकामा-राजेंद्रपुल रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस रेल खण्ड पर संरक्षा, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का मुआयना किया। इस क्रम में उन्होंने राजेंद्रपुल के समानांतर गंगा नदी पर निर्माणाधीन नए रेल पुल का भी जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड द्वारा सोनपुर मंडल के नारायणपुर एवं पसराहा स्टेशन के मध्य कि.मी. संख्या 88/20 पर रेलवे ट्रैक के रख-रखाव सहित संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा-निर्देश में प्रत्येक वर्ष की भांति अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हाजीपुर एवं पटना में किया गया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप-1 (आयु 6 से 9 वर्ष), ग्रुप-2 (आयु 10 से 12 वर्ष) एवं ग्रुप-3 (आयु 13 से 15 वर्ष) के कुल 179 बच्चे शामिल हुए। विदित हो कि बच्चों के रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने एवं प्रासंगिक विषयों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर संगठन की सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी एवं संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह द्वारा बच्चों को उपहार स्वरुप रोचक पुस्तक एवं स्नैक्स वितरित किया गया।

# नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बाल्यकाल से संस्कृत अध्ययन अनिवार्य : मृत्युंजय झा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास दिखाई दे रहा है। बच्चों और युवाओं में अनुशासन, संस्कार तथा कर्तव्यनिष्ठा के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। ऐसे समय में संस्कृत शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो नई पीढ़ी में उच्च आदर्शों, मानवीय मूल्यों और नैतिक चेतना का संचार कर सकती है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और दर्शन की आत्मा है। इसमें जीवनोपयोगी श्लोक, सूक्तियां और कथाएं निहित हैं जो बालकों में सत्य, अहिंसा, करुणा, परोपकार और कर्तव्यपालन जैसी प्रवृत्तियों को स्वाभाविक रूप से विकसित करती हैं। अध्यक्ष ने बल देते हुए कहा कि यदि बाल्यकाल से ही बच्चों को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए तो वे चरित्रवान, अनुशासित और आदर्श नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे एक मजबूत नींव पर ही भवन स्थायी बनता है, वैसे ही प्रारम्भिक अवस्था में संस्कृत शिक्षा से बच्चों का नैतिक आधार मजबूत होगा। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को संस्कृत अध्ययन के प्रति जागरूक करें। 'शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे चरित्र और सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण करना है। संस्कृत शिक्षा इस दिशा में सबसे प्रभावी साधन है' उन्होंने कहा।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसलों की हो रही रियल टाइम मॉनिटरिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एक ऐसा राज्य बना चुका है जहां उगाई जा रही फसलों का डाटा डिजिटल रुप से देखा जा सकता है। कृषि विभाग सभी 38 जिलों में उगाए गए खरीफ फसलों का डाटा डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की शुरूआत कर चुका है। इससे आसानी से पता चल रहा है कि राज्य के किस जिले में फसल की कितने क्षेत्र में खेती की गई है। कृषि विभाग खरीफ 2025-26 में राज्य के करीब 1 करोड़ 99 लाख से अधिक प्लॉट का डिजिटल क्रॉप सर्वे करने जा रहा है जिसके बाद सभी 38 जिलों के 30652 से अधिक गांवों में उगाए गए फसलों का डाटा डिजिटली उपलब्ध हो जाएगा जिससे फसलों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी। साथ ही इससे कृषि को लेकर बेहतर योजना बनाने में सफलता मिल रही है। राज्य सरकार की योजनाबद्ध नीतियों, आधुनिक तकनीक के समावेश और किसानों को केंद्र में रखकर बनाई गई रणनीतियों के चलते बिहार की कृषि प्रणाली पारंपरिक ढांचे से निकलकर अब एक आधुनिक और लाभकारी प्रणाली में तब्दील हो गई है।

# राष्ट्रीय महिला पुलिस दिवस पर सम्मान समारोह में शामिल हुईं अभिनेत्री पाखी हेगड़े



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के निमडा पाली ग्रामसभा में पाखी फाउंडेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला पुलिस दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश की सुरक्षा और सेवा में लगातार तत्पर रहने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन वीरांगनाओं को सलाम करना था, जो घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ प्रदेश की सुरक्षा में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेत्री पाखी हेगड़े उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ये बहनें सिर्फ अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं। इनका समर्पण और साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बनेगा। पाखी हेगड़े ने आगे कहा कि महिला पुलिस कर्मियों ने यह साबित किया है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। आज वे अपराध नियंत्रण से लेकर आपदा प्रबंधन और जनसेवा तक हर मोर्चे पर मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिला पुलिसकर्मियों का मनोबल और भी मजबूत होगा। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और आम लोगों ने भी महिला पुलिसकर्मियों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम का माहौल भावुक और प्रेरणादायी रहा। अंत में पाखी फाउंडेशन की ओर से संदेश दिया गया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर और सम्मान दिया जाए, ताकि समाज और अधिक सशक्त बन सके।

# भगवान श्रीकृष्ण की लीला स्थलों पर हम बना रहे हैं श्रीकृष्ण पाथेय तीर्थः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे पूर्वजों ने लोकतंत्र रूपी पौधे की जड़ों को इतनी खूबसूरती से सींचा है, कि अब यह विशाल वटवृक्ष बन चुका है। भगवान श्रीकृष्ण सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्षधर थे। उन्होंने अपने राजकाज में लोकतांत्रिक मूल्यों और सभी के विचारों को महत्व दिया। हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर ही चल रही है। उनके विचार हमारे लिए अमूल्य पूंजी है, हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए मध्यप्रदेश एवं देश में उनकी लीला स्थलों को चिन्हित कर श्रीकृष्ण पाथेय विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र खेल परिसर में 13 और 14 सितंबर को आयोजित खेलो इंडिया एनटीपीसी जोनल आर्चरी टूर्नामेंट 2025 का आज भव्य समापन हो गया। यह प्रतियोगिता बिहार में पहली बार आयोजित की गई। आज तीरंदाजी के कंपाउंड प्रतिस्पर्धा के कड़े मुकाबले में पुरुष वर्ग में आरएसपीबी के शुभम दास तथा महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल की प्राप्ति वेटेबल ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक सह सचिव श्री रविंद्र नाथ चौधरी, बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार, हरेश कुमार, कंपटीशन डायरेक्टर,(भारतीय तीरंदाजी संघ , बिहार ओलंपिक संघ की उपाध्यक्ष नूतन कुमारी, अंजलि कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। पुरुष वर्ग - शुभम दास आरएसपीबी स्वर्ण पदक विजेता , दिव्यांशु सिंह, झारखंड रजत पदक विजेता,विक्रम कुमार बिहार , कांस्य पदक विजेता एवं एमडी आदिल एसपीएसबि चौथे स्थान पर, महिला वर्ग - प्राप्ति वेटेबल, स्वर्ण पदक विजेता पश्चिम बंगाल, संगीता कुमारी मुर्मू रजत पदक विजेता झारखंड, राज अदिति कुमारी झारखंड, कांस्य पदक विजेता , सलोनी उरांव झारखंड चौथे स्थान पर रहीं। इस तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, उड़ीसा छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल एवं एसपीएसबी, आरएसबी,सीएसईबी के कुल 350 प्रतिभागी, प्रशिक्षक, प्रबंधक, तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे थे। खिलाड़ियों में 200 पुरुष और 120 महिला प्रतिभागी हैं ।

# बिहार छात्र संसद का आठवां संस्करण संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के प्रतिष्ठित ए.एन. कॉलेज के सभागार में आयोजित 8वें बिहार छात्र संसद में राज्य के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भविष्य पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श हुआ। इस एकदिवसीय आयोजन में राज्य के कोने-कोने से आए 700 से अधिक छात्र-छात्राओं और प्रख्यात अतिथियों ने भाग लिया। पूरे दिन चले इस लोकतांत्रिक महोत्सव में युवाओं ने बिहार के भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर सार्थक संवाद, मंथन और समाधानपरक चर्चा की। 'बिहार छात्र संसद' एक गैर-राजनीतिक, वैचारिक और युवामुखी मंच है जिसकी स्थापना का उद्देश्य युवाओं को केवल भाषण देने का अवसर नहीं बल्कि विचार करने, बहस करने और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी समझने का वास्तविक मंच देना है। यह मंच पिछले आठ वर्षों से बिहार में नेतृत्व निर्माण, वैचारिक जागरूकता और जन संवाद की संस्कृति को मजबूत कर रहा है। इस मंच की खास बात यह है कि यह न किसी दल से जुड़ा है, न किसी एजेंडे से - सिर्फ युवाओं की आवाज और उनकी ऊर्जा को दिशा देने के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार छात्र संसद के संस्थापक एवं अध्यक्ष अंकित कुमार के प्रेरक भाषण से हुआ। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा बिहार छात्र संसद का उद्देश्य है 'प्रोत्साहित युवा, प्रगतिशील बिहार'। हम चाहते हैं कि राज्य के युवा केवल समस्याओं पर चर्चा न करें, बल्कि समाधान भी सुझाएं, जिम्मेदारी लें और नेतृत्व करें। ये मंच इसलिए जरूरी है क्योंकि जब युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होते हैं, तभी समाज और राजनीति दोनों में स्थायी परिवर्तन आता है।

CMYK

## एक नजर

### शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण रखना मेरी पहली प्राथमिकता : थानाध्यक्ष

**नारदीगंज,नवादा।** नारदीगंज थाना में नवपदस्थापित थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक को भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान ने रविवार को बुके और राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट कर स्वागत कर उज्वल भविष्य की कामना की। वे शनिवार को नारदीगंज थाना में योगदान दिया। नवपदस्थापित थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने संवाददाताओं को बताया इसके पहले मेहंदिया में थानाध्यक्ष के पद पर रहकर कार्य किया है। उन्होंने कहा क्षेत्र में अमन, शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कोई भी निर्दोष व्यक्ति को दंडित नहीं किया जाएगा, उन्हें न्याय दिलाने के लिए आगे रहूंगा। वही दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस गश्ती अभियान चलते रहेगा। पीड़ित व्यक्ति बेहिचक मिले, उन्हें न्याय मिलेगा। आप सभी का सहयोग भी जरूरी है।

### घर में चोरी, मोबाइल—लैपटॉप समेत नकद व जेवरात गायब

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में बीते 12 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने प्रकाश कुमार के घर धावा बोलकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित प्रकाश कुमार ने नारदीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि घटना की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। सुबह उठने पर सबसे पहले उन्होंने देखा कि बेड पर रखा मोबाइल गायब है। इसके बाद खोजबीन करने पर पता चला कि घर से लैपटॉप, दो साड़ियां, लैपटॉप के कागजात, पत्नी के नाम पर पंजीकृत सिम वाला मोबाइल, सोने की कनवाली और करीब 25 हजार रुपये नकद भी चोरी हो चुके हैं। पीड़ित ने आशंका जताई है कि चोर घर की छत के रास्ते अंदर घुसे और पूरे घर की तलाशी लेकर सामान चुरा ले गए। सूचना मिलते ही नारदीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### सफल प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**पकरीबरावां।** रविवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों के बीच कविता गायन, कहानी, निबंध, श्रुतलेखन आदि प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। कविता गायन एवं कहानी में वर्ग चतुर्थ की छात्रा आयत उमरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आलिया नाज, अंकुश कुमार, विशाल कुमार, शबा प्रवीण, नौसिन, आरुषि कुमारी, फारिया, फातिमा, शबा नाजरीन, अंजिला सहित अन्य ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, वरीय शिक्षक मो.अख्तर एवं शिक्षा सेवक नुरेसा खातून ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते डाला।

### हिंदी भारत माता के ललाट की बिंदी

**दनियावां(पटना)।** हिंदी विकास मंच, सरथुआ के तत्वावधान में रविवार को हिंदी दिवस पर परिचर्चा का आयोजन कर इसके विकास और संवर्धन पर विचार व्यक्त किये गए। संस्था के अध्यक्ष साहित्यकार व शिक्षाविद डॉ. राजीव नयन सिंह ने कहा कि हिंदी पूरे भारत को एकसूत्र में पिरोती है। यह भारत माता के ललाट की बिंदी है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) के द्वारा देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया है। इसके विकास और संवर्धन के लिए युवाओं, बुद्धिजीवियों और हिंदी प्रेमियों को आगे आना चाहिए। हिंदी के विकास में हिंदी के कवियों,लेखकों और उपन्यासकारों का अहम योगदान है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र, आचार्य शिवपूजन सहाय, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, पंत, महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर,नागार्जुन व अनेक साहित्यकारों ने हिंदी के निधि को भरने का उत्तकृष्ट कार्य किया है। सचिव नीतू कुमारी ने इस मौके पर कहा कि हिंदी आज पूरे विश्व में लोकप्रिय है।हिंदी में रोजी रोजगार की अपार संभावना है। इस मौके पर कल्पना सिंधु, शिवानी सुमन, दीपशिखा, अविरल नयन, रामचंद्र प्रसाद सिंह, पप्पू कुमार समेत 50 से ज्यादा हिंदी प्रेमी मौजूद रहे।

### 26 बोतल शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बुढ़ियासाख के समीप से शनिवार की शाम पुलिस बलों ने एक स्कूटी में बने तहखाने से पुलिस बलों ने 26 बोतल शराब बरामद किया। साथ ही स्कूटी पर सवार रहे एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर कोडरमा जिले से जंगली रास्ते का उपयोग कर रजौली आ रहा था। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में शराबबंदी को सफल बनाए जाने को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अलावे सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्रों में हो रहे शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध पुलिस बलों के सहयोग से लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते शनिवार की शाम बुढ़ियासाख के होते हुए एक स्कूटी में शराब रखकर धमनी की तरफ आने की गुप्त सूचना मिली।सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई सत्यदेव प्रसाद को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ सादे लिबास में भेजा गया। बुढ़ियासाख स्थित वन विभाग की चेक नाका के समीप एक स्कूटी को जांच हेतु रोका गया। स्कूटी में बने तहखाने से 375 एमएल वाले 22 बोतल रॉयल स्टेज एवं 4 बोतल बी7 नामक शराब बरामद किया गया। साथ ही स्कूटी चालक सह शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र निवासी मुरली मेहता के पुत्र कृष्णा मेहता के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब व स्कूटी के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर शराब बरामदगी मामले में बीते चार माह से फरार चल रहे नामजद शराब तस्कर धमनी गांव निवासी स्व. संजय यादव के पुत्र अरविंद कुमार को भी गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्करों को रविवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### भारत और पाकिस्तान मैच में भारत की जीत के लिए बच्चों ने मांगी दुआ

**औरंगाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का हाई वोल्टेज मैच खेला जा रहा है। फैंस भारत की जीत के लिए नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ कर रहे हैं। शहर के पठान टोली में छोटे बच्चे सना अली खानम, आरिब अली खान, जमजम खानम नमाज पढ़कर भारत की जीत के लिए दुआ कर रहे हैं। देश भर में भारतीय टीम के फैंस अपने-अपने तरीके से चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराने के लिए दुआ कर रहे हैं। बता दें कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। हर किसी की जुबान पर बस एक ही नारा है जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया जीतेगा। बता दें कि भारत-पाकिस्तान का मैच हमेशा से ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होता है। इस दुआ में शामिल सभी लोगों को उम्मीद है कि अल्लाह ने चाहा तो भारतीय टीम यह मैच जीतकर देश का गौरव बढ़ाएगी।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु डीएम ने की समीक्षा बैठक

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल आयोजन हेतु सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 के अवसर पर पूर्व तैयारी हेतु नालंदा जिला अंतर्गत सात विधानसभा क्षेत्र 171- अस्थावां , 172- बिहारशरीफ ,173-राजगीर ,174 -इसलामपुर ,175- हिलसा, 176 -नालंदा एवं 177 -हरनौत में शांतिपूर्ण ,निष्पक्ष एवं भयरहित वातावरण में मतदान/मतगणना कार्य सम्पादन हेतु संबंधित कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा गठित कोषांग कार्मिक कोषांग, स्वीप कोषांग, वाहन एवं सुगम कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि व्यवस्था/आदर्श आचार संहिता/ सी विजील/ संचार योजना/




रूट चार्ट कोषांग, मतपत्र -सह- बज्र गृह कोषांग, अभ्यर्थी व्यय/ निर्वाचन व्यय/ लेखा अनुश्रवण कोषांग, मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, इवीएम कोषांग, जिला निर्वाचन कोषांग, नाम निर्देशन कोषांग, अर्द्ध सैनिक बल कोषांग, डिजिटल कैमरा एवं बेव कास्टिंग कोषांग, जन शिकायत समाधान कोषांग कार्मिक कल्याण कोषांग, माइक्रो आब्जर्वर कोषांग, मतगणना कोषांग, सिंगल विंडो कोषांग आदि विषयों पर चर्चा करते हुए सभी कोषांग के संबंधित पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ससमय निर्वहन हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कार्मिक कोषांग के संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए डीएम ने कहा कि पे लेबल के अनुसार मजिस्ट्रेट, प्रेजाइडिंग तथा अन्य मतदान कर्मियों का वर्गीकरण शीघ्र सुनिश्चित करें। वाहन कोषांग के संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यकतानुसार वाहन का

**प्रशिक्षण कार्य हेतु बेहतर व्यवस्था की तैयारियां सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश**

प्रकार, संख्या सहित रूट चार्ट शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कोषांग के संबंधित नोडल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्य हेतु बेहतर व्यवस्था की तैयारियां सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के क्रम में अन्य कोषांग के संबंधित नोडल पदाधिकारी को भी डीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला परिवहन पदाधिकारी, आइटी मैनेजर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बंद घर में महिला का मिला फांसी के फंदे से लटका शव

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के पोआरी गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब एक बंद पड़े घर से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने ताक-झांक की। अंदर का दृश्य देख सबके होश उड़ गए। घर की मालकिन ललिता देवी (28 वर्ष) का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों के अनुसार मृतका के पति जीतू मोची दो माह पहले दिल्ली मजदूरी करने गए थे। वहीं तीन दिन पहले सास अपने पोता-पोती को लेकर रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। ऐसे में ललिता घर में अकेली रह रही थी। इसी बीच अचानक घर से तेज बदबू फैलने लगी। जब ग्रामीणों ने खिड़की से अंदर झांका तो महिला का शव लटका हुआ दिखाई दिया। देखते ही देखते गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि मृतका पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही थी।

## बीपीएससी परीक्षा देने आए छात्र का संदिग्ध हाल में मिला शव

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब प्लेटफॉर्म नंबर-1 के गेट के पास एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला । मृतक की पहचान गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के फेनागी गांव निवासी गौरव कुमार (32 वर्ष) पिता गोपाल केवट के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गौरव लखीसराय में रहकर रेडियोलॉजी का कोर्स कर रहा था। शुक्रवार को वह बीपीएससी की परीक्षा देने बिहारशरीफ आया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने बताया कि शाम से ही वे लगातार फोन कर रहे थे, लेकिन गौरव फोन नहीं उठा रहा था। रविवार सुबह जब परिजनों ने फिर कॉल किया तो फोन रेलवे के स्टाफ ने उठाया और युवक की मौत की सूचना दी। मृतक के पिता ने कहा कि शुरुआती जानकारी में हार्ट अटैक की बात




सामने आई है। आशंका है कि परीक्षा देने के बाद गौरव गया जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था और रात में स्टेशन पर ही रुक गया था। रेल थाना प्रभारी संजय कुमार पंडित ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर एक युवक के लेटे होने की सूचना पर रेल कर्मी मौके पर पहुंचे। उठाने का प्रयास किया गया तो वह मृत पाया गया। मौके से मिले पहचान पत्र और मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचित किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेजा गया है। अंतिम कारण रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नगर आयुक्त ने सीवेरेज के कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक बिहारशरीफ़ स्मार्ट सिटी दीपक कुमार मिश्रा ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सीवेरेज के कार्यों की समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के क्रम मे उपस्थित संवेदक भुगन इंफ्रास्ट्रक्चर को सीवेरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य 25 सितम्बर तक पूर्ण करने का निदेश दिया। नाला रोड मे मछली मंडी के रास्ते को कनेक्ट कर सुगम परिचालन व्यवस्था बहाल करने का भी निदेश दिया गया। नगर आयुक्त सह प्रबंध निदेशक के द्वारा स्मार्ट सिटी के सभी तकनीकी कर्मियों को क्षेत्र में भौतिक रूप से उपस्थित रहकर गुणवत्ता पूर्ण प्रोजेक्ट को अविलम्ब पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। बैठक मे स्मार्ट सिटी के वरीय तकनिकी प्रबंधक, तकनीकी प्रबंधक एवं सम्बंधित योजना के कांट्रेक्टर उपस्थित थे।

## नवादा विधानसभा से उम्मीदवारी को लेकर डॉ. अनुज सिंह की हुंकार, कुंतीनगर में उमड़ा जनसैलाब

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**नवादा।** नवादा विधानसभा से भावी प्रत्याशी और शिक्षाविद् सह समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह ने रविवार को कुंतीनगर स्थित खेल मैदान में समर्थकों की विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में करीब 25 से 30 हजार की भीड़ उमड़ी, जिसमें सभी जाति-धर्म के लोग, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। कवि सम्मेलन और कव्वाली ने जनसभा का माहौल जीवंत कर दिया। डॉ. अनुज के पहुंचते ही उनका समर्थकों ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन अनिल कुमार सिंह और अजय कुशवाहा ने किया। अपने संबोधन में डॉ. अनुज ने कहा कि नवादा की जनता अब भ्रष्ट और पदलोलुप जनप्रतिनिधियों से तंग आ चुकी है। यह जनसभा साबित करती है कि जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने आह्वान किया कि



अगर जनता उन्हें सेवा का अवसर देगी तो वह नवादा विधानसभा को विकास की राह पर ले जाएंगे। उन्होंने खासकर महिलाओं और युवाओं से अपील की कि वे मतदान के समय मन को स्थिर रखकर बदलाव के पक्ष में मतदान करें। सभा में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. अनुज के समर्थन में मतदाताओं से अपील की। शैक्षिक समूह के सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि पिछले जनप्रतिनिधियों ने केवल खुद को मजबूत किया, जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। पटवासराय सरपंच देवराज पासवान ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने की अपील की। पूर्व मुखिया रणजीत चौहान और अल्पसंख्यक समाज के प्रतिनिधियों ने भी डॉ. अनुज को योग्य उम्मीदवार बताते हुए उनके समर्थन में नारे बुलंद किए।
सभा के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के पंचायत और वार्ड प्रभारी समेत हजारों कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। जनसभा में उपस्थित जनसैलाब ने साफ संकेत दिया कि नवादा की जनता बदलाव के मूड में है।

## भाजपा मंडल ने किया सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** भाजपा नालंदा मंडल द्वारा रविवार को चाइनीज टेंपल नालंदा में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारीगण, पंचायत अध्यक्षगण एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यशाला का उद्देश्य आगामी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) की तैयारियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से आरंभ होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती (2 अक्टूबर) तक चलाया जाएगा। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार ने सेवा पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि



इस अवधि में समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प हर कार्यकर्ता को लेना है। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री सागर कुमार ने किया। कार्यशाला में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा के प्रत्येक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर समाज के बीच पार्टी की सेवा भावना को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर मंत्री अरविंद कुमार, अजय कुमार, भूषण कुमार, राजू पासवान (उपाध्यक्ष मंडल), रूपा देवी, कुंदी देवी, पिंटू यादव, संजय शर्मा, जितेंद्र कुमार, राजेश्वर प्रसाद, भरत शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, शशि भूषण सिंह, अजय कुमार, उमेश, जितेंद्र कुमार, सदेव प्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## होटल एवं मैरिज हॉल संगठन की वार्षिक आम सभा आयोजित

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** होटल एवं मैरिज हॉल संगठन की वार्षिक आम सभा होटल गुरु कृपा इन में आयोजित की गई। आम सभा में विगत वर्ष नगर निगम द्वारा बगैर सुविधा के गार्बेज टैक्स में पिछले साल का ब्याज के साथ जोड़कर और 300 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स की वृद्धि को लेकर लंबे व्यापक संघर्ष के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका के आलोक में राज्य सरकार द्वारा नगर निगम बिहार शरीफ अंतर्गत दुकान मकान मार्केट में सहित राज्य भर में प्रॉपर्टी टैक्स को घटाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया गया। संघ के सचिव सह रोटरी क्लब बिहार शरीफ के सचिव मनीष यादव ने कहा कि हमारे संघ के संघर्ष का लाभसिर्फ बिहारशरीफ के व्यवसायी को ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के व्यवसाइयों, मकान मालिक एवं आम जनता को मिला




है। हालांकि यह जीत आंशिक है क्योंकि गार्बेज टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स अलग-अलग होगा या एक साथ होगा अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सचिव ने कहा कि यह जीत संघ की नहीं बल्कि पूरे शहर और राज्यवासियों की जीत है। संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि बिहार शरीफ स्मार्ट सिटी है इसलिए शहर के ग्रेड (सी) के आधार पर आमदनी खर्च को ध्यान में रखते हुए सरकार टैक्स दर तय करती है तो टैक्स दर और कम होगी और आम जनता और व्यवसाइयों को राहत मिलेगी संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद अमजद सिद्दीकी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर टैक्स दर में अप्रत्याशित वृद्धि पूरी तरह गैर कानूनी है। जिसे वापस होनी चाहिए संघ के विधि सलाहकार एवं सदस्य कार्यकारिणी साकेत पांडे ने कहा कि टैक्स वृद्धि को भी वापस होना चाहिए। संघ के सदस्य कार्यकारिणी ऋषभ राज उर्फ अजीत कुशवाहा ने संघर्ष में साथ रहे सभी होटल मालिक को का धन्यवाद दिया और आगे आने वाली सभी समस्याओं पर व्यापक संघर्ष की अपील की।

## महादलित युवक की बेरहमी से हत्या, अवैध नर्सिंग होम संचालक पर आरोप

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**नवादा।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां महज डेढ़ लाख रुपये के विवाद में एक अवैध नर्सिंग होम संचालक पर महादलित युवक की बेरहमी से हत्या का आरोप लगा है। मृतक की पत्नी ने संचालक पर आंख फोड़ने, सीने पर वार करने और जहरीला इंजेक्शन देकर पति की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।
मामला सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के जमुई गांव का है। मृतक संतोष मांझी आस्था नर्सिंग होम, तिलैया (हिसुआ) में कंपाउंडर का काम करता था। पत्नी प्रतिमा देवी ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि संतोष को संचालक निर्भय कुमार पांडेय के यहां से लगभग डेढ़ लाख रुपये बकाया था। जब उसने बार-बार बकाया पैसे की मांग की, तो आरोपी ने धोखे से उसे अपने एक अन्य नर्सिंग होम बस्ती बिगहा बुलाया।



इसके बाद परिवार को सूचना दी गई कि संतोष मांझी का सड़क हादसा हो गया है। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि संतोष गंभीर हालत में है। उसकी दोनों आंखें फूटी थीं, सीने पर गहरे चोट के निशान थे और वह खून की उल्टी कर रहा था। आरोप है कि निर्भय कुमार और उसके सहयोगियों ने संतोष के साथ मारपीट की और फिर जहरीला इंजेक्शन लगाकर उसे बेहोश कर दिया। बाद में उसे नवादा के बुधौल स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
पत्नी का आरोप है कि आरोपित और उसके साथियों ने जबरन शव को एंबुलेंस से गांव लाकर बिना पोस्टमार्टम कराए जला दिया। विरोध करने पर उसे और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई। लगातार गुहार लगाने के बाद हिसुआ डीएसपी के निर्देश पर हिसुआ थाना में कांड संख्या 534/25 दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी ने यह भी बताया कि आरोपी के पास अभी तक उनके पति का मोबाइल और मोटरसाइकिल भी है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।

## बाइक की टंकी में बने तहखाने से भी शराब बरामद,नाबालिग को किया निरुद्ध

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार की सुबह लगभग 10 बजे उत्पाद बलों ने गिरिडीह से एकंगरसराय जा रहे एक बस पर सवार रहे एक युवक के पास से दो बोतल शराब बरामद किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। रविवार की सुबह उत्पाद एएसआइ सुजीत कुमार के द्वारा बिहारशरीफ जाने वाली राजधानी एसएसटी नामक बस की जांच की गई। जांच के दौरान बस में सवार रहे एक युवक के पास से 375 एमएल वाले इंपीरियल ब्लू नामक दो बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान नालंदा जिले के एकंगरसराय निवासी विनोद प्रसाद के पुत्र संजीत कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वे गिरिडीह से एकंगरसराय एक बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी और बेटी के साथ जा रहे थे। पार्टी करने करने के लिए वे गिरिडीह से ही शराब खरीदकर काले रंग की प्लास्टिक में बंद कर झोले में छिपाकर ले जा रहे थे। उत्पाद बलों द्वारा झोले की जांच के दौरान शराब बरामद की गई। पति के गिरफ्तारी के बाद पत्नी और बच्ची का रो-रो कर बुरा हाल था। पीड़ित पत्नी द्वारा परिजनों को पति के गिरफ्तारी की सूचना दी गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब के साथ गिरफ्तार युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना के आलोक में उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने एक बाइक के पेट्रोल टंकी में बने तहखाने से 750 एमएल वाले 6 बोतल रॉयल स्टेज एवं 375 एमएल वाले 9 बोतल इंपीरियल ब्लू नामक शराब बरामद किया गया है। साथ ही एक विधि निरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शनिवार की शाम से लेकर रविवार की सुबह तक 17 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिन्होंने शराब का सेवन किया हुआ था। सभी के शराब पिए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराबियों ने न्यायालय में जुर्माना राशि भर अपने-अपने घर चले गए। इस मौके पर गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## नीतीश सरकार में बिहार का हो रहा चहुंमुखी विकास : श्रवण कुमार

<u>नवबिहार टाइम्स ब्यूरो</u>

**बिहारशरीफ।** वेन प्रखंड में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने विभिन्न योजनाओं के तहत सात सड़कों और एक पीसीसी ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। जिन सड़कों का कार्यारंभ हुआ उनमें एनएच-82 सिलाव नहर पर से धाना बिगहा माधोपुर से अकौना भाया करजारा गांव तक, जघारो अकौना पथ से मिर्जापुर तक, ग्राम एकसारा पंचायत सरकार भवन से सामुदायिक भवन तक, बिहार एकसारा पथ से सैदपुर भाया एकसारा तक, बिहार एकगसराय पथ से करन बिगहा मोड़ से बड़ी आंट तक भाया करन बिगहा, छोटी आंट, जोगा बिगहा तक, एलओ-29-2027 विसुनपुर से महमदपुर तक, एलओ-29-2031




बड़ी आंट से महमदपुर भाया चंद्र बिगहा तक सड़क निर्माण और जोगा बिगहा गांव में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत पीसीसी ढलाई का उद्घाटन शामिल है। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार का चहुंमुखी विकास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में संभव हुआ है। कभी यह राज्य सूखा, सिंचाई की किल्लत, बिजली और पानी की कमी से जूझता था, लेकिन 2005 के बाद तस्वीर बदल गई। आज हर घर तक नल का पानी पहुंच रहा है, चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध है और स्कूलों में बेहतर शिक्षा व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के ऐतिहासिक फैसलों ने बेटियों की जिंदगी बदल दी है। जो बेटियां कभी घर से बाहर नहीं निकलती थीं, वे आज आत्मनिर्भर होकर समाज को सुरक्षा दे रही हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि पिछले 20 सालों में कानून का राज स्थापित कर विकास को गति दी गई है और यह बदलाव बिहार की जनता की जुबानी सुना जा सकता है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि 2005 के बाद बिहार ने सुशासन का नया अध्याय लिखा है—अंधेरे से उजाले तक, भय से विश्वास तक और पिछड़ेपन से प्रगति तक का सफर तय किया है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, जिला प्रवक्ता धनंजय कुमार देव, त्रिनयन कुमार, जदयू नेता मुन्ना कुमार, जयराम सिंह, प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, राजा मुखिया सोहित पटेल, अनिल प्रसाद, टुनटुन सिंह, जीतेंद्र सिंह, उत्तम पटेल, संतोष मुखिया, रामेश्वर केवट, भागेरण पाल, धुरी मांझी, शैलेंद्र पाल, नागमणि प्रसाद, दीपक दास, मो. कलीम, विजय सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आइआइएम बोधगया में कन्वर्जेंस 2.0 का आयोजन

## नई तकनीकों के साथ स्वास्थ्य व्यवस्था पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया(गयाजी)।** आईआईएम बोधगया ने 14 सितंबर को अपने प्रमुख स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन, कन्वर्जेंस 2.0 का आयोजन रविवार को किया जिसमें उद्योग जगत के अग्रणी, नीति निर्माता, चिकित्सक और नवप्रवर्तक भारत में स्वास्थ्य सेवा के एक प्रौद्योगिकी-संचालित, रोगी-केंद्रित भविष्य पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए। इस कार्यक्रम का विषय था टेक्नोलॉजी से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बदलाव और इस विशेषज्ञ इस बात पर व्यावहारिक अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एकत्रित हुए कि कैसे उभरती हुई प्रौद्योगिकियां स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को नया रूप दे रही हैं। दिन की शुरुआत उद्घाटन समारोहों के साथ हुई जिसके बाद आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय ने भारत-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारत पश्चिमी देशों की तरह स्वास्थ्य सेवा का खर्च नहीं उठा सकता। हमें एक ऐसे राष्ट्र की आवश्यकता है जो स्वस्थ, तन और मन से सुदृढ़ हो। आईआईएम बोधगया के एमबीए एचएचएम (अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन) के अध्यक्ष प्रो. स्वप्नराग स्वैन ने नेतृत्व शिखर सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला जो शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच ज्ञान का एक मजबूत और निरंतर आदान-प्रदान स्थापित करना है। इन टिप्पणियों ने शिखर सम्मेलन के लक्ष्य को मापनीय, समतामूलक समाधानों पर केंद्रित किया और आगे की चर्चाओं के लिए माहौल तैयार किया। वरिष्ठ डॉक्टरों और विशेषज्ञों की पैनल चर्चा में स्वास्थ्य सेवा के कई अहम पहलुओं पर बात हुई। पहले सत्र मेडटेक और मेडिकल उपकरणों में नवाचार में चर्चा हुई कि कैसे आर एंड डी से लेकर इस्तेमाल तक की प्रक्रिया चलती है, मेक इन इंडिया के तहत घरेलू उत्पादन क्यों जरूरी है और एआई, आईओटी व रोबोटिक्स से उपकरणों की क्षमता और मरीजों के नतीजे कैसे बेहतर हो सकते हैं। चर्चा में शामिल विशेषज्ञों में एमडी (जिमर बायोमेट) अजय बग्गा, एमडी और जीएम, दक्षिण एशिया, बायगॉन मनीष सरदाना, एमडी, हेल्थकेयर एंड लाइफ साइंसेज, अल्वारेज एंड मार्सल राम पांडा, उप निदेशक, गेट्स फाउंडेशन डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी, ग्रुप वीपी, रोमसंस ग्रुप सुश्री प्रगति अवस्थी शामिल थे। अगले सत्र का विषय डिजिटल बदलाव से स्वास्थ्य सेवाओं में नया रूप था जिसमें डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, एआई और डेटा का इस्तेमाल इलाज और नतीजों को बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया गया। साथ ही टेलीमेडिसिन और पहनने योग्य डिवाइस मरीजों की पहुंच आसान कर रहे हैं। पैनल ने यह भी कहा कि भविष्य के लिए डिजिटल रूप से तैयार स्वास्थ्यकर्मी जरूरी हैं। वक्ताओं में क्लियरमेडी हेल्थकेयर के नवनीत बाली, मेट्रो हॉस्पिटल्स के डॉ. समीर गुप्ता, डेलॉइट के विक्रम आनंद, मेडिकवर हॉस्पिटल्स के नीरज लाल, एस्टर डीएम हेल्थकेयर के दुर्गा पी. नायक, और होस्मैक इंडिया के डॉ. अभिषेक पवार शामिल थे। कार्यक्रम में दवा और जीवन विज्ञान क्षेत्र पर भी चर्चा हुई जिसमें आपूर्ति-श्रृंखला के लचीलेपन, नवीन उपचारों की सामर्थ्य और पहुंच, नैदानिक परीक्षणों की भूमिका और टीकों, इम्यूनोथेरेपी और व्यक्तिगत चिकित्सा में उभरते रुझानों पर एक पैनल चर्चा हुई। पैनल के सदस्य में सिंथिक्स लैब्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (पीपुल्स एंड कल्चर) मनप्रीत सिंह सोढ़ी, एसीजी फार्मापैक के वैश्विक मानव संसाधन प्रमुख (एचआर) राजेश कुमार पेब्बिली, अरबिंदो फार्मा के प्रतिभा प्रबंधन प्रमुख (टैलेंट मैनेजमेंट) सुहास राम सी, बोहरिंजर इंगेलहाइम के प्रमुख मानव संसाधन प्रमुख (एचआर), डॉ. रेड्डीज के प्रमुख मानव संसाधन बिजनेस पार्टनर मौसम कुमार और एल्केम लैब्स के एसोसिएट उपाध्यक्ष (लर्निंग) पृथ्वीश पाठक शामिल थे।

# भाजपा गयाजी विधानसभा क्षेत्र की बैठक संपन्न, कार्यक्रमों को सफल बनाने की बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी, गया विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार ने की। इसमें भाजपा प्रदेश नेता प्रेम सागर, विधानसभा प्रभारी नीरज निश्चल, संगठन विस्तारक अनिल मलाड, सुनील कुमार सिन्हा, ऋषि लोहानी, शंभु यादव, अनिल गुप्ता, पवन कुमार, राम पुकार सिंह, वेद प्रकाश, सूरज राणा, गोपाल चंद्रवंशी, शिवनारायण चंद्रवंशी, कौशलेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, सूरज सेठ, नितीश कुमार, अशोक साहनी, गौतम कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई गई जिसके अनुसार 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा जिसमें समाज सेवा संबंधी कार्यक्रम आयोजित होंगे। 23 सितंबर को गया शहर विधानसभा स्तर पर एनडीए सम्मेलन होगा जिसमें संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा होगी। 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से लेकर महात्मा गांधी जयंती तक जनसंपर्क अभियान चलेगा। इस दौरान घर-घर पदयात्रा, महाजन संपर्क और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों ने 'सेवा ही संगठन' की भावना के साथ सभी अभियानों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ इन कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

# शेरघाटी में भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के बैनर तले बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शहर के गोलाबाजार स्थित भारतीय स्वतंत्र शिक्षक संघ शेरघाटी इकाई के बैनर तले रविवार को निजी एवं स्वतंत्र विद्यालय संचालकों का एक संगठनात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से जुड़े शिक्षकों और पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा ने की जबकि संचालन का दायित्व सचिव कौशलेंद्र कुमार ने निभाया। बैठक में शिक्षकों ने निजी विद्यालयों से जुड़े विभिन्न समस्याओं, विद्यालय संचालन में आ रही बाधाओं तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही संगठन की मजबूती एवं शिक्षक हितों की रक्षा के लिए ठोस रणनीति बनाने पर बल दिया गया। कोषाध्यक्ष हारून राशिद ने संगठन की वित्तीय स्थिति और आगे की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, जय कुमार गिरी, कैफी खान, अर्जुन केशरी, आशुतोष किशोर उर्फ कुणाल किशोर तथा मो. दानिश ने भी अपने विचार रखे और संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की अपील की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा के क्षेत्र में निष्पक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए संघ निरंतर प्रयासरत रहेगा। उपस्थित सदस्यों ने यह भी कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभ है और इसे सुदृढ़ करने के लिए समाज और सरकार दोनों की सकारात्मक भूमिका जरूरी है।

# स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक पर वित्तीय अनियमितता का आरोप, प्रभारी ने आरोपों को किया खारिज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत दौलतपुर प्राथमिक विद्यालय उत्तरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक नवीन कुमार ने वित्तीय अनियमितता के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। रविवार को दोपहर तीन बजे आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। नवीन कुमार ने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने किसी तरह की वित्तीय अनियमितता की है और न ही किसी दस्तावेज पर फर्जी हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में वे पितृपक्ष मेला महासंगम में आवासन प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि कई बार प्रधान शिक्षिका को प्रभार सौंपने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने बताया कि मध्यान्ह भोजन में मेन्यू के अनुसार फल और अंडा समय पर उपलब्ध कराया गया है। नवीन कुमार ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह के आरोप उन पर लगाए गए थे, लेकिन जांच में वे निराधार पाए गए। कुछ लोग पैसों की अनुचित मांग पूरी न होने पर झूठी शिकायत कर प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने बताया कि आरोपों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जो प्राप्त हो चुका है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों को समाज व परिवार के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी/गयाजी।** देश के युवाओं खासकर छात्रों का उद्देश्य सिर्फ पठन - पाठन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उनमें अपने समाज और परिवार के प्रति जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए। मेरा यह मानना है कि प्रत्येक विद्यार्थी न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति भी जिम्मेदार है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह ने वी.डी.एस. बॉयज़ हॉस्टल में नए छात्रों के लिए अभ्युदय इंडक्शन कार्यक्रम में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कही। कुलपति ने छात्रों से जीवन में एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी और मेहनत से प्रयास करने का आह्वान किया। अंत में कुलपति प्रो. सिंह ने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की अपील की। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की परंपराओं, सुविधाओं और उनके दायित्वों से अवगत कराना था जिसमें सीयूएसबी में नव-नामांकित विभिन्न राज्यों से आए छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर हॉस्टल के मुख्य वार्डन प्रो. विपिन कुमार सिंह ने छात्रों को हॉस्टल की सुविधाओं, अनुशासन तथा सामूहिक जीवन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हॉस्टल केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी केंद्र है। कार्यक्रम में डीन एवं छात्र कल्याण संयोजक डॉ. सुजीत कुमार, प्रॉक्टर सेल का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. मंगलेश तथा एंटी-रैगिंग सेल के नोडल अधिकारी डॉ. जावेद अहसन भी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों, अवसरों और मूल्यों से परिचित कराया। अभ्युदय कार्यक्रम ने नए छात्रों को आत्मविश्वास, प्रेरणा और विश्वविद्यालय परिवार से जुड़ाव की नई ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर छात्रों ने भी अपने विचार साझा किए और आने वाले समय में कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### वज्रपात से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रविवार की दोपहर प्रखण्ड क्षेत्र के सरेवा गांव के 54 वर्षीय राजेन्द्र सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह की मृत्यु वज्रपात से हो गया। इस संबंध में ग्रामीण नीरज सिंह ने बताया कि स्व.मनोज सिंह के खेत में मोटर से धान का पटवन चल रहा था। पटवन के क्रम में तेज बारिश होने लगी और स्व.सिंह एवं गांव के ही हरि मांझी आहर के पिण्ड पर अवस्थित पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए और पेड़ पर ठनका गिर गया। ठनका गिरने से हरि मांझी आहर के खाता में फेंका गया और स्वस्थ है वहीं मनोज सिंह ठनका के चपट में आ गए। आनन-फानन में ग्रामीणों के द्वारा मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव पहुंचते ही गांव में सन्नाटा पसर गया और परिजनों का रो रोकर हाल बुरा हो गया। गौरतलब है कि मृतक को एक पुत्री एवं एक पुत्र है। पुत्री की शादी हो चुकी है और पुत्र पढ़ाई कर रहा है। पूर्व सरपंच रमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह सहित कई ग्रामीणों ने सरकार से मृतक के परिजनों को अविलंब प्राकृतिक आपदा राहत कोष से मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

### आठ वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के तरारी गोपालपुर गांव में पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर दो फरार वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी सुदामा यादव और अनिल यादव, दोनों ग्राम तरारी गोपालपुर निवासी हैं। ये दोनों करीब आठ वर्षों से फरार चल रहे थे। छापेमारी एसआई सोहराब अली ने पुलिस बल के साथ मिलकर की। गिरफ्तारी के बाद दोनों का कोविड जांच कराया गया और आगे की कार्रवाई पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।

### महिलाओं ने किया जितिया व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** गया जिला के डोभी प्रखंड क्षेत्र में महिलाओं ने श्रद्धा और धूमधाम से जितिया पर्व मनाया। सुबह व्रती महिलाओं ने स्नान-ध्यान कर व्रत का संकल्प लिया। दिनभर निर्जला उपवास रखते हुए पुत्र की लंबी आयु की कामना की। शाम को नदी, तालाब और कुएं पर स्नान कर पूजा-अर्चना की। जितिया की कथा सुनकर महिलाओं ने आशीर्वाद मांगा। गांवों में इस अवसर पर धार्मिक माहौल बना रहा। बच्चे और परिवार के सदस्य भी सहयोग में शामिल रहे। पारंपरिक गीत गाकर महिलाओं ने पर्व का उल्लास बढ़ाया। बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर रौनक रही। पर्व के समापन पर महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

### टिकट को लेकर महागठबंधन, एनडीए और जन सुराज के नेता सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है। महागठबंधन से सबसे अधिक दावेदार सामने आए हैं। वे लगातार गांव-गांव जाकर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। एनडीए खेमे से भी कई नेता टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं, जन सुराज से दो प्रत्याशी मैदान में हैं। स्थानीय राजनीतिक जानकारों के अनुसार इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। महागठबंधन और एनडीए के बीच पारंपरिक टक्कर तो होगी ही, जन सुराज के प्रत्याशी भी चुनावी समीकरण प्रभावित कर सकते हैं। सभी दलों के दावेदार गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और जनाधार मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। कोंच-टिकारी के स्थानीय नेता पूरी तरह सक्रिय हैं, वहीं क्षेत्र से बाहर रहने वाले नेता भी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। अब पार्टी हाईकमान किस पर भरोसा जताता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

### शिक्षक नीरज कुमार आजाद को विश्व हिंदी रत्न की मानद उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र के रहने वाले शिक्षक नीरज कुमार आजाद को विश्व हिंदी रत्न की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें यह उपाधि देवनागरी लिपि के संरक्षण, हिंदी भाषा साहित्य के विकास में अमूल्य योगदान देने के लिए दिया गया। नेपाल सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता 2025 में लगभग पन्द्रह हजार साहित्यकारों ने हिस्सा लिया था जिसमें श्री आजाद की कविता को उत्कृष्ट घोषित किया गया।

# पुत्र की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को महिलाओं ने अपने पुत्र की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला उपवास रखा। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़ा यह व्रत महिलाओं द्वारा बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ किया गया। प्रातःकाल से ही महिलाओं ने स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण किया और घर तथा मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित कर फल-फूल, पुष्प एवं धूप-दीप से पूजा अर्पित की। पुत्र की रक्षा और उनके जीवन में खुशहाली के लिए माताओं ने कठोर उपवास का पालन किया। परंपरा के अनुसार इस व्रत में जल का भी त्याग किया जाता है जिसे निर्जला उपवास कहा जाता है। महिलाओं ने दिन भर निर्जल रहकर भगवान विष्णु का स्मरण किया और संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य तथा परिवार की समृद्धि की मंगल कामना की। शाम होते ही पूजा-अर्चना के उपरांत महिलाओं ने व्रत कथा का श्रवण किया। कई स्थानों पर समूह में महिलाओं ने एकत्र होकर सामूहिक पूजा भी संपन्न की। वातावरण पूर्णतः धार्मिक और भक्ति भाव से ओत-प्रोत रहा। श्रद्धालु महिलाओं ने कहा कि यह व्रत पुत्र की रक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण और फलदायी माना जाता है। शहर एवं गांवों में आयोजित इस व्रत से धार्मिक वातावरण बना रहा। बच्चे और परिवारजन भी इस पूजा में शामिल हुए और माताओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। यह व्रत मातृत्व की ममता और भारतीय परंपरा की गहरी झलक प्रस्तुत करता है।

# तालाब में डूबने से 54 वर्षीय वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अलीपुर थाना क्षेत्र के केसपा ग्राम में रविवार को तालाब में डूबने से 54 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान केसपा ग्राम निवासी धनेश्वर मोची के 54 वर्षीय पुत्र सूरजमल मोची के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार सूरजमल मोची खेत से काम कर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव स्थित तालाब में हाथ पैर धोने उतरे। हाथ पैर धोने के क्रम में सूरजमल मोची का पैर फिसल गया जिससे गहरे पानी में डूब गये। आसपास मौजूद लोगों की मदद से सूरजमल को निकाला गया व अनुमण्डल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अनुमण्डल अस्पताल के समीप संचालित अवध मेडिकल स्टोर के परिसर में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग कुमार ने लोगों को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया। शिविर के आयोजक चंदन सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग सौ की संख्या में मरीजों को चिकित्सीय परामर्श के साथ-साथ निशुल्क दवाई भी वितरण किया गया। डॉ अनुराग कुमार द्वारा त्वचा संबंधी रोग का इलाज किया गया व उचित परामर्श दिया गया। डॉ कुमार ने बताया कि पसीने से दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, संक्रमण व सिरोसिस की परेशानी बढ़ती है। ऐसी परेशानी आने पर लोगों से स्वयं उपचार नहीं करने की अपील की।

# हिन्दी दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** हिंदी दिवस के अवसर पर रविवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय दखिनगांव में एक दिवसीय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सह मानववादी साहित्यकार उपेंद्र कुमार पथिक ने कहा कि हिंदी भाषा को 14 सितंबर 1949 को ही राज भाषा के रूप में स्वीकार किया गया, लेकिन इसके बाबजूद आजादी के 79 वर्ष बाद भी आज सरकारी कार्यालयों और न्यायालयों में हिंदी भाषा में काम काज नहीं हो पा रहा है, जो बहुत ही निंदनीय बात है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा से ही राष्ट्र की एकता और अखंडता बरकरार रखी जा सकती है, इसलिए सभी सरकारी कार्यालयों और न्यायालयों में अनिवार्य रूप से हिंदी भाषा में कामकाज का बढ़ावा के साथ साथ बातचीत की भाषा को भी हिन्दी में अनिवार्य कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 1967 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन वित्त मंत्री राम स्वरूप वर्मा ने सरकारी कार्यालयों और न्यायालयों में हिंदी को राजकाज की भाषा बनाने के लिए दिल्ली में वित्त मंत्री रहते हुए गिरफ्तारी दी थी।यह एक ऐतिहासिक आंदोलन था। इतना ही नहीं उन्होंने अपने कार्यकाल में वित्त मंत्रालय से सभी अंग्रेजी टाइपराइटरों को नीलाम करके हिंदी टाइपराइटर खरीदवाया था, तब से वहां हिंदी भाषा में ही काम काज होता रहा।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार दोनों वाहन अवैध रूप से बालू ढोकर बेचने जा रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर शेरघाटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रैक्टरों के चालकों की पहचान सरोज मांझी, निवासी ममहमदपुर और प्रदीप मांझी, निवासी घाघर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों चालकों को हिरासत में लेने के बाद न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया। शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि अवैध खनन और बालू के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# हिंदी की उपेक्षा एक सशक्त समृद्ध भाषा की उपेक्षा : डॉ. विवेकानंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** स्थानीय डॉक्टर विवेकानंद पथ गोल बागीचा में रविवार को हिंदी दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े महासभा एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने किया। डॉ मिश्रा ने कहा कि हिंदी जन-जन की अभिव्यक्ति का एकमात्र सरल, समृद्ध अद्वितीय भाषा है। किंतु दुर्भाग्य है कि क्षुद्र राजनीतिक कारणों से हिंदी हीनता का पर्याय बन गई है। सम्मानित साहित्यकार आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव ने कहा जो लोग हिंदी का विरोध करते हैं उन्हें स्वामी दयानंद सरस्वती महात्मा गांधी के एम मुंशी लोक की मांग तिलक श्यामा प्रसाद मुखर्जी कन्हैया लाल मानिक लाल मुंशी प्रेम गोपाल स्वामी आदि जिन्होंने हिंदी को राजभाषा बनाने के लिए स्वीकृति दी उनसे हिंदी विरोधियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रसिद्ध आयुर्वेदज्ञ आचार्य सच्चिदानंद मिश्र ने कहा की अंग्रेजी का मोह और हिंदी से असंतोष रखने वाले लोग ही हिंदी के विकास में बाधक स्वरूप खड़े हैं जो एक गतिशील मजबूत राष्ट्र के लिए कतई उचित नहीं कहा जा सकता। इसके अलावा जिन प्रमुख व्यक्तियों ने अपने विचार रखे उनमें स्वराज मनोहर स्वामी, सुमन गिरी, डॉ दिनेश सिंह, डॉ रविंद्र कुमार, देवेंद्र नाथ मिश्रा, अजय मिश्रा, रंजीत पाठक, पवन, डॉक्टर मृदुला मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद याहिया, मोहम्मद अल्ताफ रहमान, कमर तलक, आयशा हिना, कौशल, पुष्पा कुमारी, रीना पायल, नीलम कुमारी, प्रोफेसर गीता पासवान, प्रियांशु मिश्रा, किरण पाठक।उधर रानीगंज इमामगंज मे भी हिंदी दिवस के अवसर पर कौटिल्य मंच के जिला सचिव योगेंद्र पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रमुख व्यक्तियों में ओम बाबू केडिया, इशरत जमील, शोभा कुमारी, कुमारी आरती, प्रतिमा सिंह, राजेंद्र पांडे, महेंद्र पांडे, सुनील मिश्रा, ज्ञानेश कुमार, पांडे मदनलाल, आलोक कुमार, कंचन कुमारी, अदिति कुमारी, किरण देवी, अंशु, श्वेता, सुबोध कुमार, अरविंद प्रसाद, भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के जिला सचिव योगेंद्र पांडे आदि शामिल रहे।

# जीबीएम कॉलेज में अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी विभाग ने की क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ सीमा पटेल के संरक्षण में एवं अर्थशास्त्र विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ नगमा शादाब एवं अंग्रेजी विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर्स डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी व डॉ पूजा के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को एक अत्यंत रोमांचक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ पटेल एवं मंचासीन प्रोफेसरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। छात्राओं को चार समूहों गंगा, यमुना, सरस्वती एवं निरंजना में बांट दिया गया जिसमें से प्रत्येक समूह में अंग्रेजी विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग की छात्राएं समान रुप से शामिल थीं। क्विज में इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं अन्य विभागों की छात्राओं ने भी भाग लिया। गंगा समूह में लवली, रिया, प्रियंका व गुलनाज़, यमुना समूह में रितिका, सर्वांगी, मनीषा व रवीना, सरस्वती समूह में श्रुति, प्रतिमा, अंजली, रिया एवं निरंजना समूह में विनायिका, खुशी, प्रिंसी, व मुस्कान रहीं। प्रथम चक्र में 10 अंक पाने वाली गंगा समूह की छात्राएं तथा द्वितीय चक्र में 25 अंक पाने वाली सरस्वती समूह की छात्राएं तृतीय चक्र में प्रतिभागिता से वंचित रह गयीं। तृतीय चक्र की प्रतियोगिता यमुना और निरंजना समूह की छात्राओं के बीच ठन गयी थी। बोनस अंक की वजह से 65 अंक प्राप्त करने वाली निरंजना टीम की छात्रा विनायिका, खुशी, प्रिंसी, व मुस्कान ने 60 अंक प्राप्त करने वाली यमुना टीम के ऊपर विजय पा ली। कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो डॉ सहदेब बाउरी एवं मंचासीन प्रोफेसरों ने विजेता टीम को पुरस्कृत करने के उपरांत सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ रश्मि, डॉ नगमा, डॉ पूजा, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ विजेता लाल, डॉ फातिमा, डॉ अफशां नाहिद एवं डॉ शबाना परवीन हुसैन की सामूहिक भूमिका रही। कॉलेज की पीआरओ एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी आईक्यूएसी के तत्वावधान में तथा स्टुडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम के तहत किया गया। डॉ वीणा जायसवाल द्वारा अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य से पूछे जा रहे रोचक प्रश्नों को छात्राएं काफी ध्यान से सुन रही थीं, और टीम स्पिरिट, आई क्यू, इंटेलिजेंस एवं यूनिटी का प्रदर्शन करते हुए समय सीमा के भीतर प्रश्नों का उत्तर देने की कोशिश कर रही थीं। कुछ प्रश्न दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने भी पूछे गये।

# सीयूएसबी में 23 पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी, 23 सितंबर तक होगा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 23 पीएचडी कार्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने रविवार को बताया कि विश्वविद्यालय कुल 23 विषयों में कुल 305 सीटों पर अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांगजन श्रेणियों में प्रवेश प्रदान करेगा।कुलपति ने बताया कि पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश यूजीसी की सार्वजनिक सूचना संख्या एफ.4-1 (यूजीसी-नेट समीक्षा समिति)/2024 (नेट)/140648, दिनांक 27 मार्च, 2024 के अनुसार किया जाएगा। जन संपर्क पदाधिकारी ने बताया कि सीयूएसबी ने 23 विषयों क्रमशः बायोइन्फरमेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, एनवायर्नमेंटल साइंस, लाइफ साइंस, जियोलॉजी, ज्योग्राफी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स, कंप्यूटर साइंस, फिजिकल एजुकेशन, टीचर एजुकेशन, लॉ, मास कम्युनिकेशन, इंग्लिश, साइकोलॉजी, कॉमर्स, फार्मेसी, सोशियोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री और इकोनॉमिक्स में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

संपादकीय

# हिंदी : राजभाषा, राष्ट्रभाषा और विश्वभाषा

एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है। आज देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। देश की राजभाषा हिंदी होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसलिए भारत सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार किया जा सके। राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। केंद्र सरकार के कार्यालयों में हिंदी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्?चित करने हेतु भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा उठाए गए कदमों के परिणामस्?वरूप कंप्?यूटर पर हिंदी में कार्य करना अधिक आसान एवं सुविधाजनक हो गया है। राजभाषा विभाग द्वारा वेब आधारित सूचना प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है, जिससे भारत सरकार के सभी कार्यालयों में हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा अन्?य रिपोर्टें राजभाषा विभाग को त्?वरित गति से भिजवाना आसान हो गया है। सभी मंत्रालयों और विभागों ने अपनी वेबसाइटें हिंदी में भी तैयार कर ली हैं। सरकार के वि?भि?न्?न मंत्रालयों एवं वि?भागों द्वारा संचालि?त जन कल्?याण की वि?भि?न्?न योजनाओं की जानकारी आम नागरि?कों को हिंदी में मि?लने से गरीब, पि?छड़े और कमजोर वर्ग के लोग भी लाभान्?वि?त होते हुए देश की मुख्?यधारा से जुड़ रहे हैं।

देश की स्?वतंत्रता से लेकर हिंदी ने कई महत्?वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत सरकार द्वारा विकास योजनाओं तथा नागरिक सेवाएं प्रदान करने में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हिंदी तथा प्रांतीय भाषाओं के माध्यम से हम बेहतर जन सुविधाएं लोगों तक पहुंचा सकते हैं। इसके साथ ही विदेश मंत्रालय द्वारा 'विश्व हिंदी सम्मेलन' और अन्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक वर्ष सरकार द्वारा 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है, जिसमें विश्व भर में रहने वाले प्रवासी भारतीय भाग लेते हैं। विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम से भारतीय मूल्यों का विश्व में और अधिक विस्तार हो रहा है। विश्?वभर में करोड़ों की संख्?या में भारतीय समुदाय के लोग एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी का इस्?तेमाल कर रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्?तर पर हिंदी को एक नई पहचान मिली है। भारतीय विचार और संस्?कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है।

# क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि में चार चांद लगाता है एयरपोर्ट



सुमन कुमार झा

15 सितंबर, 2025 खास तौर पर 1.15 करोड़ लोगों वाले सीमांचल क्षेत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। पहली बार यहाँ के लोग उसी व्यक्ति को देखेंगे जिसने एक दशक में वादा पूरा किया। चार जिलों पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज से मिलकर बना सीमांचल के लोगों ने इस क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि की कोई उम्मीद नहीं छोड़ी है।

पिछले दो दशकों से अधिक समय तक मेरा आत्मीय संबंध देश के प्रतिष्ठित राजनेताओं के साथ रहा है। इस दीर्घ अवधि में मुझे भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों की यात्राएँ करने और वहाँ की धरती, वहाँ के जन-मन तथा वहाँ के संघर्षों को निकट से देखने-समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन यात्राओं के दौरान जब भी नए लोगों से अनौपचारिक वार्तालाप होती, तो स्वाभाविक रूप से एयरपोर्ट और हवाई संपर्क की चर्चा अवश्य उठती थी, और सच कहूँ तो उस क्षण मुझे गहरी पीड़ा का अनुभव होता था कि सीमांचल और कोसी जैसे महत्वपूर्ण भूभाग को अब तक इस सुविधा से वंचित रखा गया है। मुझे पूर्ण विश्वास और हृदयंगम संतोष है कि पूर्णिया एयरपोर्ट न केवल संपूर्ण सीमांचल और कोसी क्षेत्र के लिए एक सेतु का कार्य करेगा, यह एयरपोर्ट इस क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति का स्वर्णिम द्वार सिद्ध होगा, और यहाँ के युवाओं, व्यापारियों, छात्रों तथा आम नागरिकों के लिए नयी संभावनाओं के अनंत क्षितिज खोलेगा। इस ऐतिहासिक निर्णय और युगांतकारी उपलब्धि के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी तथा बिहार के दूरदर्शी मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी के प्रति अपनी गहन कृतज्ञता और हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। सचमुच, यह दिन सीमांचल और कोसी के स्वप्नों को साकार करने वाला है।

अप्रैल 1933 में ब्रिटिश शासन के तहत, पूर्णिया के लोगों ने पहली बार देखा और महसूस किया कि इंसान पक्षियों की तरह उड़ सकता है। सपने कभी नहीं मरते और इसलिए पूर्वजों की आँखों में जो सपना था, वह आखिरकार नौ दशकों से भी ज़्यादा समय बाद हकीकत में बदल गया। पूर्णिया के लोगों ने लगातार सरकारों द्वारा लंबे समय तक उपेक्षा के बावजूद सपने देखना कभी नहीं छोड़ा। सरकार आती-जाती रहती है, लोगों को रहना चाहिए, लेकिन सपने देखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है और उनके लिए सपनों के साथ जीने का एक सुंदर संदेश दिया है।

भारत के विभिन्न शहरों में एयरपोर्ट का विकास केवल यातायात की सुविधा तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। बिहार के सीमांचल क्षेत्र में स्थित पूर्णिया एयरपोर्ट भी इन्हीं में से एक है। यह एयरपोर्ट ऐतिहासिक, सामरिक और भौगोलिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। इस एयरपोर्ट का भौगोलिक स्थान इतना उपयुक्त है कि इसे पूर्वी भारत के सामरिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण ठिकानों में से एक माना गया। इसका लोकेशन नेपाल की सीमा, उत्तर-पूर्वी राज्यों और बंगाल की खाड़ी से नजदीक होने के कारण सामरिक दृष्टि से उपयोगी रही। पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास सैन्य और नागरिक दोनों दृष्टियों से समृद्ध रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर आज तक इसने अलग-अलग भूमिकाएँ निभाई हैं। बिहार के विकास में भी नई संभावनाएँ खोलेगा। इस तरह, पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का भी प्रतीक है। आइए इसके इतिहास, विकास, महत्व और वर्तमान स्थिति को विस्तार से समझते हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले ब्रिटिश शासनकाल में हुआ था। उस समय इसका मुख्य उद्देश्य सैन्य और सामरिक गतिविधियों के लिए था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत में कई एयरफील्ड बनाए गए थे, ताकि जापान और अन्य धुरी राष्ट्रों के हमलों का सामना किया जा सके। इन्हीं में से एक एयरफील्ड पूर्णिया में भी बनाया गया।

स्वतंत्रता के बाद भारतीय वायुसेना ने इस एयरपोर्ट को अपने नियंत्रण में ले लिया। 1950 और 1960 के दशक में यह एयरफोर्स स्टेशन के रूप में प्रमुख रहा। यहाँ से कई महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास और मिशन संचालित किए गए।

सामरिक दृष्टि से यह एयरबेस इतना महत्वपूर्ण था कि 1962 के भारत-चीन युद्ध और 1971 के भारत-पाक युद्ध में भी इसकी भूमिका रही। हालांकि इसकी तुलना गुवाहाटी या बागडोगरा जैसे बड़े एयरबेस से नहीं की जाती, लेकिन सीमांचल और उत्तर-पूर्वी राज्यों तक पहुंच के लिए यह रणनीतिक दृष्टि से अहम रहा।

1960 के दशक में इस एयरपोर्ट का उपयोग कुछ समय तक नागरिक उड्डयन के लिए भी किया गया। पूर्णिया से पटना, कोलकाता और दिल्ली तक छोटी दूरी की उड़ानें संचालित होती थीं। उस समय भारतीय एयरलाइंस (जो बाद में एयर इंडिया में विलय हुई) ने यहां से सीमित सेवाएं शुरू की थीं। लेकिन समय के साथ यात्री संख्या कम होने, व्यावसायिक घाटे और बेहतर सुविधाओं वाले पास के हवाई अड्डों (जैसे बागडोगरा और पटना) की वजह से नियमित उड़ानें बंद हो गईं।

पूर्णिया एयरपोर्ट को बाद में इंडियन एयरफोर्स स्टेशन के रूप में अधिसूचित कर दिया गया। वर्तमान में इसे एयर फोर्स स्टेशन पूर्णिया के नाम से जाना जाता है। यहाँ भारतीय वायु सेना का नियंत्रण है और नागरिक उड्डयन के लिए सीमित उपयोग की अनुमति है। इस एयरबेस पर अब भी समय-समय पर वायुसेना के विमान उतरते रहे हैं और सैन्य अभ्यास होते रहते हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट का इतिहास केवल सैन्य तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीमांचल के आर्थिक विकास के सपनों से भी जुड़ा रहा है। पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया जैसे जिलों के लिए यह एयरपोर्ट निकटतम हवाई सुविधा है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित रहा है। रेल और सड़क की सीमित सुविधाओं के कारण यहां एयरपोर्ट का महत्व और भी बढ़ जाता है। कृषि और व्यापार (विशेषकर मखाना, चाय, मक्का, और जूट) के निर्यात में यह सहायक हो सकता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को देश धन्यवाद दे रहा है कि 2016 में केंद्र सरकार ने 'उड़ान' (ष्ठह ङ्क स्त्रद्द ष्ठद्दह्यद्ध द्यड्ड ड्डद्ब हड्डद्दह्लद्बद्म) (उड़े देश का आम नागरिक) योजना की शुरुआत की। इस योजना का मकसद छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ना था। पूर्णिया एयरपोर्ट को भी इस योजना के तहत शामिल किया गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और रक्षा मंत्रालय के बीच कई दौर की बातचीत हुई, ताकि इस एयरपोर्ट को नागरिक उड़ानों के लिए खोला जा सके। चूंकि यह एक एयरफोर्स स्टेशन है, इसलिए यहाँ नागरिक उड्डयन की अनुमति सीमित रूप से दी जाती है।

2021-22 में यहां से नागरिक उड़ानें शुरू करने की तैयारी चल रही है। रनवे और टर्मिनल के आधुनिकीकरण की योजना बनी और फलीभूत हुआ,15 सितम्बर 2025 से नियमित उड़ानें शुरू हो रहीं हैं।

पूर्णिया एयरपोर्ट के इतिहास को देखते हुए इसका भविष्य उज्ज्वल है। 'उड़ान' योजना के तहत यहां से नियमित उड़ानें शुरू हो रहीं हैं, सचमुच में सीमांचल क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास तेज हो जाएगा। उत्तर-पूर्वी राज्यों और बिहार को जोड़ने में यह एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। नेपाल और बांग्लादेश की नजदीकी इसे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और टूरिज़्म के लिए भी आकर्षक बना सकती है। पूर्णिया का कृषि और व्यापारिक महत्व (जैसे मखाना, चाय, मक्का, और जूट) एयर कार्गो सेवाओं के जरिये राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जा सकता है।

पूर्णिया एयरपोर्ट का विकास और इसका संचालन न सिर्फ़ बिहार बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र, पड़ोसी देश नेपाल और बांग्लादेश के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। यह क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। सीमांचल जो नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से सीधे जुड़े हैं। ऐसे में अगर पूर्णिया एयरपोर्ट पूरी तरह से सक्रिय और विकसित हो गया है तो इसके दूरगामी आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक प्रभाव होंगे।

सीमांचल क्षेत्र बिहार का पिछड़ा इलाका माना जाता है। यहां रोज़गार और उद्योग की कमी है। एयरपोर्ट सक्रिय होने से निवेशक आसानी से इस क्षेत्र में आएंगे। कृषि आधारित उद्योग जैसे मक्का, मखाना, जूट, धान, केला, लीची और मछली के कारोबार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ार तक पहुंचाने में एयरपोर्ट सहायक होगा। इससे व्यापारियों को पटना या कोलकाता जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, सीधे हवाई मार्ग से माल की ढुलाई संभव होगी।

बांग्लादेश भारत का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार है। कपड़ा उद्योग, जूट उत्पाद, मखाना और मछली उद्योग से जुड़े व्यापारी पूर्णिया एयरपोर्ट के माध्यम से सीमांचल और उत्तर भारत तक आसानी से पहुंच पाएंगे। सीमांचल और बांग्ला देश दोनों ही जूट उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं। एयर कनेक्टिविटी से संयुक्त उद्योग और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

पूर्णिया एयरपोर्ट भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश सीमा के करीब है। इससे वायुसेना और सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियों में तेजी आएगी। अवैध तस्करी, ड्रग्स और घुसपैठ पर नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। एयरपोर्ट से भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश के बीच संपर्क मज़बूत होगा। क्षेत्रीय सहयोग की दृष्टि से भी यह भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति को मजबूती देगा। पूर्णिया एयरपोर्ट सीमांचल, नेपाल और बांग्लादेश के लिए विकास का द्वार है। यह न केवल आर्थिक और सामाजिक बदलाव लाएगा बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और रणनीतिक महत्व के लिहाज से भी अहम होगा। अगर सरकार और स्थानीय प्रशासन इसका सही ढंग से विकास करें तो पूर्णिया एयरपोर्ट न केवल सीमांचल, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए विकास का नया केंद्र बन सकता है।

**( लेखक बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री श्री मंगल पांडेय के निजी सहायक हैं और यह उनके निजी विचार हैं)**

अध्यात्म

## नामुमकिन को कैसे मुमकिन बनायें

एक समय की बात है एक राजा के दो बेटे थे, उम्मेदसिंह और रघुवीर सिंह। एक बार दोनों राजकुमार जंगल में शिकार करने गए। रास्ते में एक विशाल नदी थी। दोनों राजकुमारों का मन हुआ कि क्यों ना नदी में नहाया जाये। यही सोचकर दोनों राजकुमार नदी में नहाने चल दिए। लेकिन नदी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा गहरी थी। रघुवीर सिंह तैरते तैरते थोड़ा दूर निकल गया, अभी थोड़ा तैरना शुरू ही किया था कि एक तेज लहर आई और रघुवीर सिंह को दूर तक अपने साथ ले गयी। रघुवीर सिंह डर से अपनी सुध बुध खो बैठा गहरे पानी में उससे तैरा नहीं जा रहा था अब वो डूबने लगा था। अपने भाई को बुरी तरह फँसा देख के उम्मेदसिंह जल्दी से नदी से बाहर निकला और एक लकड़ी का बड़ा लट्ठा लिया और अपने भाई रघुवीर सिंह की ओर उछाला। लेकिन दुर्भागयवश रघुवीर सिंह इतना दूर था कि लकड़ी का लट्ठा उसके हाथ में नहीं आ पा रहा था। इतने में सैनिक वहां पहुँचे और राजकुमार को देखकर सब यही बोलने लगे – अब ये नहीं बच पाएंगे , यहाँ से निकलना नामुनकिन है। यहाँ तक कि उम्मेदसिंह को भी ये अहसास हो चुका था कि अब रघुवीर सिंह नहीं बच सकता, तेज बहाव में बचना नामुनकिन है, यही सोचकर सबने हथियार डाल दिए और कोई बचाव को आगे नहीं आ रहा था। काफी समय बीत चुका था, रघुवीर सिंह अब दिखाई भी नही दे रहा था। अभी सभी लोग किनारे पर बैठ कर रघुवीर सिंह का शोक मना रहे थे कि दूर से एक सन्यासी आते हुए नजर आये उनके साथ एक नौजवान भी था। थोड़ा पास आये तो पता चला वो नौजवान रघुवीर सिंह ही था। अब तो सारे लोग खुश हो गए लेकिन हैरानी से वो सब लोग रघुवीर सिंह से पूछने लगे कि तुम तेज बहाव से बचे कैसे ? सन्यासी ने कहा कि आपके इस सवाल का जवाब मैं देता हूँ – ये बालक तेज बहाव से इसलिए बाहर निकल आया क्यूंकि इसे वहां कोई ये कहने वाला नहीं था कि यहाँ से निकलना नामुनकिन है इसे कोई हताश करने वाला नहीं था, इसे कोई हतोत्साहित करने वाला नहीं था। इसके सामने केवल एक लकड़ी का लट्ठा था और मन में बचने की एक उम्मीद और इसने प्रयत्न जारी रखा और बस इसीलिए ये बच निकला। जिंदगी में भी कुछ ऐसा ही होता है, जब दूसरे लोग किसी काम को असम्भव कहने लगते हैं तो हम भी अपने हथियार डाल देते हैं। हम अपनी क्षमता का आंकलन दूसरों के कहने से करते हैं। आपके अंदर अपार क्षमताएं हैं, किसी के कहने से खुद को कमजोर मत बनाइये। सोचिये विक्रम से अगर बार बार कोई बोलता रहता कि यहाँ से निकलना नामुमकिन है, तुम नहीं निकल सकते, ये असम्भव है तो क्या वो कभी बाहर निकल पाता ? उसने स्वयं पे विश्वास रखा, स्वयं पे उम्मीद थी बस इसी उम्मीद और लगातार प्रयास ने उसे बचाया।

# तरक्की की दौड़ में हम खुद ही काट रहे हैं अपनी जड़ें...

**पहले गांव सामूहिकता बोध और परिवार की तरह होते थे, आज सामूहिक बलात्कार की खबरें आम हैं। एक-दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा ने केवल इंसानियत को ही कमजोर नहीं किया, बल्कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ पर्यावरणीय संकट बनकर सीधे-सीधे हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन पर असर डाल रहा है। स्पष्ट है कि चाहे वह पशुओं का घर छीनना हो, प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ करना हो या इंसानियत को ताक पर रखना हो- प्रकृति और जीवन का चक्र हमेशा जवाब देता है। अगर अभी सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में हम आर्थिक रूप से तो मजबूत हो जाएंगे, लेकिन इंसानियत और नैतिक मूल्यों के नाम पर हमारा दिवालिया होना तय है। सचेतन अनदेखी का हासिल शायद ज्यादा भयावह हो सकता है।**

दीपिका शर्मा

आर्थिक विकास की अंधी होड़ में न मानवीय संवेदनाएं बच रही हैं, न प्रकृति का संतुलन। प्रकृति अब चेतावनी देने के बजाय सीधा हिसाब चुकता कर रही है। आज देश में विकास की रफ्तार तेज है, लेकिन इसी रफ्तार में इंसानियत और प्रकृति, दोनों पिछड़ते जा रहे हैं। रोज आत्महत्या और हिंसा की खबरें समाज की मानसिक थकान का सबूत हैं, तो बादल फटना और पशुओं की आक्रामकता प्रकृति के असंतोष के संकेत।

सवाल यह है कि क्या हम आज सब कुछ जानकर भी अनजान बन रहे हैं और आंख मूंदकर विकास के नाम पर अपनी जड़ें खुद ही काट रहे हैं! देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की कोशिशें लगातार जारी हैं, लेकिन रोज सामने आने वाली आत्महत्या और हत्या की खबरें यह संकेत दे रही हैं कि नागरिक चेतना और मनोबल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है।

आए दिन होते रिश्तों के कत्ल, बलात्कार, छोटी-छोटी बातों पर हत्या और आत्महत्या- ये सब संकेत हैं कि मनुष्य मानसिक रूप से थकता जा रहा है और मानवीय मूल्यों को पीछे छोड़ चुका है। संवेदनशीलता लगातार घट रही है, सहनशीलता खत्म हो चुकी है। मगर एक-दूसरे से आगे निकलने की दौड़ बढ़ती जा रही है, जो तनाव, अकेलापन, रिश्तों में खटास और अविश्वास के रूप में दिखाई देती है। इसके कारण समाज के ताने-बाने को बचाना तो दूर, परिवार को बचा पाना भी मुश्किल हो गया है।

आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आय, कारोबार और उत्पादन को ही सफलता का पैमाना मान लिया गया है। इस दौड़ में हम उन नैतिक जिम्मेदारियों और प्राकृतिक संतुलन को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो जीवन की असली नींव हैं। हम भूल रहे हैं कि यह जीवन कोई 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की देन नहीं है, जिसमें कोई चिप लगा कर अपने अनुसार नियंत्रण किया जाए। यह प्रकृति की देन है और जो उसके दिए जीवन के मूल और मोल को नहीं समझेगा, प्रकृति वह जीवन सूद समेत वापस ले लेगी। फिर क्यों आज मनुष्य सब जानते हुए भी अनजान बन रहा है?

हाल में लावारिस कुत्तों का मुद्दा इस उपेक्षा का एक उदाहरण है। कुत्ते प्रकृति में विभिन्न आवासों-जंगल, घास के मैदान, तटीय क्षेत्र में रहने के लिए बने हैं, सड़कों पर भटकने के लिए नहीं। मगर मानव ने उनके प्राकृतिक घर छीनकर उन्हें 'आवारा' बना दिया। परिणामस्वरूप वे आक्रामक होते जा रहे हैं। मामला इतना बढ़ा कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और इस पर विशेष कमेटी बनाई गई। यही स्थिति पर्यावरण के साथ भी है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में हाल ही में बादल फटने की घटनाएं इसकी चेतावनी हैं। पहाड़ों को काटकर और नदियों का अस्तित्व मिटाकर हमने अपने लिए घर तो बना लिए, लेकिन प्रकृति ने उसी नदी को विनाश के रूप में लौटा दिया।



आज पहले के समय से तुलना करें तो परिस्थिति बिल्कुल उलट गई है। उस समय इंसान और प्रकृति के बीच एक गहरा रिश्ता था। दोनों के बीच एक सामंजस्य बना हुआ था। हमारे बुजुर्ग पेड़-पौधों, ऋतुओं, नदियों और पशुओं की पूजा करते थे। वे भले पढ़े-लिखे कम थे, लेकिन उन्हें अच्छी तरह पता था कि जो कुछ हमें मिल रहा है, वह प्रकृति की ही देन है। अगर इसके प्रति भाव बदल गया तो तबाही तय है। गांवों में लोग सादा जीवन जीते थे और सामूहिकता पर जोर देते थे। संवेदनाएं और जिम्मेदारियां भी साझा होती थीं। गली-मोहल्ले के लोग भी रिश्तों से जुड़े होते थे, जिससे भाईचारे का संदेश मिलता था। आज सब उलट है।

गांव से लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बढ़ती इच्छाओं के चलते अपनी जरूरतों के लिए प्रकृति को निरंतर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं, पशुओं से जंगल छीने जा रहे हैं, नदियों का अस्तित्व मिटाया जा रहा है। रिश्तों का रोज खून हो रहा है। एकजुटता, विश्वास और सामूहिकता खत्म होने के कगार पर हैं। इसका खामियाजा हमें त्रासदी के रूप में भुगतना पड़ रहा है. नदियों के खत्म होने से बाढ़, भूकम्प और बादल फटने जैसी घटनाओं में लोगों की जान जा रही है। पशुओं से जंगल छीनकर उन्हें सड़कों पर रहने को मजबूर किया गया है और उनका आक्रोश अब इंसानों पर उतर रहा है।

कई पक्षी और पशु प्रजातियां विलुप्त होने के रास्ते पर हैं। गौरैया, जो कभी हर आंगन में दिखती थी, अब शहरों से गायब है। ऋतुओं का संतुलन बिगड़ चुका है। कभी भीषण गर्मी, तो कभी अनियंत्रित बारिश और कभी असामान्य सर्दी। बढ़ता जलवायु परिवर्तन हमें विनाश की ओर ले जा रहा है। रिश्ते तार-तार हो रहे हैं। अपनों का ही कत्ल आम हो गया है।

पहले गांव सामूहिकता बोध और परिवार की तरह होते थे, आज सामूहिक बलात्कार की खबरें आम हैं। एक-दूसरे से आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा ने केवल इंसानियत को ही कमजोर नहीं किया, बल्कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ पर्यावरणीय संकट बनकर सीधे-सीधे हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन पर असर डाल रहा है।

स्पष्ट है कि चाहे वह पशुओं का घर छीनना हो, प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ करना हो या इंसानियत को ताक पर रखना हो- प्रकृति और जीवन का चक्र हमेशा जवाब देता है। अगर अभी सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में हम आर्थिक रूप से तो मजबूत हो जाएंगे, लेकिन इंसानियत और नैतिक मूल्यों के नाम पर हमारा दिवालिया होना तय है। सचेतन अनदेखी का हासिल शायद ज्यादा भयावह हो सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों में आप फँस सकते हैं।

**वृषभ**
आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फँस सकते हैं। कमजोरी हो सकती है।

**मिथुन**
उच्च अधिकारी आपका प्रोत्साहन बढ़ायेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिये धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमन्द लोगों की सहायता करेंगे।

**कर्क**
नयी नौकरी आरम्भ करने के लिये समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। लोगों के बीच आपके सम्पर्क का दायरा बढ़ेगा।

**सिंह**
बड़े-बुजुर्गों के लिये उपहार खरीद सकते हैं। जल्दबाजी एवं क्रोध के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नये-नये विचार उत्पन्न होंगे।

**कन्या**
कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। अनावश्यक खर्चों की चिन्ता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को अधिक तूल न दें। कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुशासित रहने वाला है। आज आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आपकी मन:स्थिति विचलित हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकते हैं। अपने खानपान को संयमित रखें।

**धनु**
अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर**
जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। आज आपको लोन और कर्ज लेने से बचना चाहिये। प्रेमीजन के साथ सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर सकते हैं। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी।

**मीन**
वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

# युवाओं का संकल्प और सकारात्मक सोच ही देगी प्रदेश को नई दिशा : सम्राट चौधरी

## भाजयुमो ने युवाओं के साथ युवा शंखनाद कार्यक्रम का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कंकौल स्थित प्रेक्षागृह में भाजयुमो ने रविवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों के युवाओं के साथ युवा शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शशांक शेखर ने की जिसमें बड़ी संख्या में युवक एवं युवतियां शामिल हुई। युवाओं की अत्यधिक भीड़ से हॉल में कुर्सियां कम पड़ गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं के जयघोष से माहौल साकारात्मक रहा। युवाओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आप सभी युवा साथी के साकारात्मक विचार से ही बिहार प्रगति के पथ पर अग्रसर और गतिमान रहा और भविष्य में भी रहेगा। विकसित बिहार



के संकल्प को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अग्रणी भूमिका रही है। आज छात्र-नौजवानों को उच्च शिक्षा हेतु स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत लाभ मिल रहा है। महिलाओं को जीविकोपार्जन को हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं लालू परिवार पर भी जमकर हमला बोला और कहा कि जिनके परिवार ने मुख्यमंत्री रहते बिहार को रसातल में भेजने का कार्य किया उनके पुत्र मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। हमारे नौजवान ऐसे लोगों के मनसूबे को कभी पूरा नहीं होने देंगे। वहीं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष भारतेन्दु मिश्रा ने कहा है बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनाने में हम सभी युवा साथी आने वाले चुनाव में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर विकास के पथ पर अग्रसर करने वाले सरकार को बनाने का कार्य करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सुशासन सरकार जनकल्याण की दिशा में उल्लेखनीय व अभिनंदनीय कार्य कर रही है। बिहार विकास की रफ्तार पकड़ चुका है और इसलिए यहाँ पर जनता ने फिर एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान देने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का योगदान अतुलनीय है। आज वही लालू परिवार महिलाओं की सुरक्षा का राग अलाप रहे हैं। जिन्होंने आईएएस की पत्नी के साथ दो वर्षों तक ज्यादती किया। ऐसी मानसिकता वाले लोगों को हमारे युवा कभी सरकार में आने नहीं देंगे। भाजपा बेगूसराय के जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, प्रदेश महामंत्री शशि रंजन, नगर विधायक कुंदन कुमार, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष कुमार, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, संजय कुमार, राजकिशोर सिंह, रजनीश कुमार, सुरेंद्र पासवान, श्री ष्ण सिंह,शुभम कुमार सुमित सन्नी आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन शशांक शेखर ने किया। मौके पर भाजयुमो के महामंत्री मोनू कुमार सिंह, धर्मेंद्र भारती, जिला उपाध्यक्ष सत्यम चंद्र, अमित कुमार, गौतम कुमार, शिवम वत्स, अर्जुन साहू, अविन राज, गुड्डू कुमार, जितेन्द्र कुमार, शुभम कुमार, मृत्युंजय वीरेश आदि उपस्थित थे।

## सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है हिन्दी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** यूएचएच तथा यूएमएस चकमुजफ्फर में हिदी दिवस का आयोजन रविवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पंडित तथा संचालन खुश्बू कुमारी ने किया। सहायक शिक्षक कन्हैया कुमार ने कहा कि हिदी हमारी मातृभाषा है। आज के ही दिन 1949 में अधिकारिक रूप में अंगिकार किया गया था। यह संपूर्ण राष्ट्र में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह एक समृद्ध भाषा है। यह अज्ञानी से शुरू होकर ज्ञ-ज्ञानी तक का सफर तय कराकर अनगढ मानव को सुगढ बनाता है। हमें अपनी मातृभाषा से प्यार करने की आवश्यकता है। यह एक समृद्ध भाषा है। यह अपने में अनेक भाषाओं को समाहित कर समृद्ध संसति से परिचय कराती है। इसे बोलना तथा सीखना काफी आसान है। इसका अधिकाधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है। छात्राओं ने एकांकी के माध्यम से हिदी की उत्पत्ति, इसकी संयुक्त संसति, विरासत आदि के संबंध में बताया। एकांकी में शिल्पी प्रिया, खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी, सोनालिका कुमारी ने हिस्सा लिया।

## एक नजर

### एसपी ने बलिया थाना का किया निरीक्षण

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को एसपी मनीष कुमार के द्वारा बलिया थाना पहुंचकर लंबित कांडों की समीक्षा की गई। उन्होंने थाने में लंबित कांडों का गहन निरीक्षण किया । एसपी ने लगभग 2 घंटे तक आर्म्स एक्ट मारपीट समेत संगीन मामले के आरोपी को अभिलंब गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने साथी पुराने मामले को जल्द निपटारा करने को कहा है। समीक्षा के दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। जिसकी जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ साक्षी कुमारी ने बताया कि एसपी मनीष कुमार के द्वारा थाने में लंबित कांडों की समीक्षा की गई। जिस दौरान उन्होंने थाने में लंबित कांड को अभिलंब निष्पादन करने अपराधी गिरफ्तारी करने शराब की बरामद्गी करने आगामी दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस गश्त तेज करने एवं किसी भी समस्या से निपटने को लेकर स्थानीय पुलिस को अलर्ट मूड में रहने का निर्देश दिया है।

### तेजस्वी के आगमन को लेकर बैठक

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के राजद कार्यकर्ताओं का रविवार को एक बैठक का आयोजन मुरादपुर में हुई। जिसकी जानकारी देते हुए राजद के जिला महासचिव अर्जुन यादव ने बताया कि 17 सितंबर को सदर प्रखंड स्थित कंकौल में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के प्रस्तावित आगमन को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित किया गया था जिसका अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अफरोज एवं संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष अभिनव गुप्ता ने की। मौके पर डक्टर सूरज यादव, प्रमोद कुमार, उमा शंकर यादव, देवेंद्र ठाकुर, समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### जिला प्रशासन ने किया हिंदी दिवस का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला प्रशासन रविवार को हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सहायक समाहर्ता अजय यादव, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका सुश्री तन्नू कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इसके अतिरिक्त मनोज झा, स्वप्नम झा, रंजन झा, प्रभा कुमारी, चाँदनी कुमारी एवं रंजना सिंह आदि ने भी अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को ऊँचाई प्रदान की।समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन मध्य विद्यालय हर्राख के शिक्षक उमेश मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में वरीय उप समाहर्ता पूजा ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने दल-बल के साथ छापेमारी करते हुए आरा छपरा फोरलेन के बबुरा छोटी पुल से तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें गोविंद कुमार पिता बिंदेश्वरी राय, रामवीर कुमार पिता स्व सुभाष राय और सोनू कुमार पिता श्रीरामविलास राय, तीनों ग्राम छिहत्तर, थाना मनेर, जिला पटना के निवासी है। पुलिस ने एक ऑटो से 113.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। इसमें 180 एमएल टेट्रापैक के 430 पीस, 750 एमएल के रॉयलस्टेज 48 बोतल शामिल हैं। इसके साथ ही एक अपाचे मोटरसाइकिल (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर) और नकद 46,500 भी जब्त किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर शराबबंदी कानून के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 58 मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को अनुमंडल व्यवहार न्यायालय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिस लोक अदालत में अदालत पीठ की अध्यक्षता न्यायिक पदाधिकारी किरण कुमारी के द्वारा दोनों पक्षों की आपसी सहमति से कल 58 मामले की सुनवाई की गई जिसमें 49 मामले अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के थे जिसमें चार मामले नैंसी दायर की गई थी। जबकि 45 मामले प्राथमिकी की दर्ज कराए गए थे। वही प्राथमिकी की मामले में सुरेश यादव पर बिजली चोरी एवं डोमन शाह पर बाल श्रमिक करने के आरोप थे। जिसमें डोमन शाह को 10 हजार अर्थ दंड के साथ मुक्त कर दिए गये। जबकि 9 मामले एसडीएम तरणिजा के द्वारा किया गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के मामले में मारपीट के विवाद शामिल थे वहीं व्यवहार न्यायालय में शंभू अग्रवाल एवं रामानंद सिंह के बीच वर्ष 2092 से नैंसी का विवाद चल रहा था जो आपसी सहमति के आधार पर सुलह कर दिया गया। जबकि अशर्फी यादव पर 2003 से न्यायालय में मामले चलाए जा रहे थे। वही राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित हुए और उत्साहपूर्वक अपने मामलों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण में भाग लिया। कई वादकारियों ने स्वेच्छा से कहा कि अब वे नामित अभियुक्तों के विरुद्ध वाद को आगे नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि उनके बीच आपसी संबंध सुधर चुके हैं। और उन्होंने सौहार्दपूर्ण समझौता कर लिया है। लोक अदालत में 20 वर्ष से अधिक पुराने लंबित मामलों का भी निस्तारण किया गया। जिससे पक्षकारों को लंबे समय से प्रतीक्षित राहत प्राप्त हुई। मौके पर अधिवक्ता अमर भूषण, ब्रजकिशोर मेहता मणि भूषण यादव संजय कुमार आजाद वरीय लिपिक कमलेश झा, प्रिंसेस पांडे, स्वप्नम कुमारी, कृति चौधरी, सुमन कुमार शामिल थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

### मतदाता पुनरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत नव निर्मित प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में प्रखंड प्रशासन की ओर से मतदाता सूची की गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर एवं बीएलओ सहायक को पुरस्कार सह सम्मान समारोह आयोजित कर रविवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीडियो आलोक कुमार सिंह, बीपीआरओ राजू कुमार, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, नीलू कुमारी एवं सीडीपीओ के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में संगीत की छात्रा प्रतिभा कुमारी एवं अन्य छात्राओं के द्वारा स्वागत अभिनंदन गीत गाकर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम में 18 सुपरवाइजर 18 बीएलओ एवं 18 सहायक बीएलओ को पाग, चादर, माला, कलम, डायरी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्यनारायण आर्य ने की, मंच संचालन शिक्षक उमेश राय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुपरवाइजर बीएलओ को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों की मैं सदा आभारी हूं। रोसड़ा अनुमंडल के शिवाजीनगर प्रखंड की अव्वल स्थान प्राप्त हुआ है इसी प्रकार समय-समय पर तन मन से सभी कर्मी सहयोग करेंगे तो शिवाजी नगर का नाम ऊंचा रहेगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर सुपरवाइजर प्रदीप कुमार, शांति भूषण राय, पारस महाराज रामनाथ, राज राजकुमार राय, बाल मुकुंद सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, सिकंदर मलिक, राजकुमार मुखिया, मदन कुमार, मृत्युंजय कुमार राय, विकेश कुमार सिंह, हीरानंद झा सहित सुपरवाइजर एवं बीएलओ ने भाग लिया।

## बालू खनन पर भोजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 24 गिरफ्तार, नाव जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर/भोजपुर।** सोन नदी में अवैध बालू खनन पर रोकथाम के लिए भोजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक नाव को जब्त किया है, जिसमें अवैध बालू लोड कर डोरीगंज की ओर ले जाया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोरीगंज की ओर से खाली नावें आकर बबुरा, कोईलवर और चांदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोन नदी में अवैध बालू खनन कर रही हैं। रात के अंधेरे में इन नावों से बालू लादकर उन्हें वापस डोरीगंज की ओर भेजा जा रहा था। इस सूचना



पर भोजपुर एसपी के निर्देशानुसार एसडीपीओ (सदर-02) रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कोईलवर थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान एक नाव को जब्त किया गया और उस पर मौजूद 24 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित पटना जिला के मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी टोला, हाथी टोला व मुंजी टोला के रहने वाले हैं। सभी के खिलाफ कोईलवर थाना में कांड संख्या 215/25, 14 सितंबर 2025 को भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की धारा 303 (2), 317 (2), 132, 109, 3(5) एवं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## राजस्व महाअभियान के तहत लगा शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** राज्य सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत शिवाजी नगर प्रखंड में अंचल अधिकारी के नेतृत्व में तिथिवार शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को रहियार उत्तर पंचायत के मनोकामना दुर्गा मंदिर प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ भू-स्वामियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के उद्देश्य से आवेदन प्रपत्र लिए गए। शिविर का नेतृत्व प्रखंड के अंचल अधिकारी वीणा भारती कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व महाअभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर रैयतों की जमीन से संबंधित समस्याओं का समय



पर समाधान किया जाए। इसके लिए प्रत्येक पंचायत के हल्का गांवों में अलग-अलग तिथियों पर दो-दो शिविर निर्धारित किए गए हैं। प्रथम चरण और द्वितीय चरण के इन शिविरों का आयोजन 20 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा अंचल अधिकारी ने बताया कि शिविरों में रैयतों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित राजस्व कर्मचारी, अमीन, सीएससी ऑपरेटर और अन्य तकनीकी सहायकों के माध्यम से दर्ज किया जा रहा है, ताकि आगे की प्रक्रिया सुचारु ढंग से हो सके। उन्होंने रैयतों को भरोसा दिलाया कि हर आवेदन का गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा और निर्धारित समय पर कार्रवाई की जाएगी। रविवार को आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में रैयतों ने पहुँचकर अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रपत्र जमा किए। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी साकेत रमण सुधाकर, अंचल अमीन सुनीता कुमारी, कानूनगो अजय कुमार, सीएससी सुपरवाइजर राम किशोर यादव, सहायक राम कुमार, ऑपरेटर रवि शंकर झा, जीतेन्द्र कुमार, विकास मित्र चंद्रदेव राम, सरपंच पति बाबू प्रसाद सिंह, शिक्षक समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से गांव-गांव के रैयतों को बड़ी सुविधा मिल रही है और उन्हें प्रखंड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहा है।

## सनातन को बनाए रखने में कायस्थ परिवार का है बड़ा योगदान

### चित्रांश महासम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** महाराजा अग्रसेन भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद चित्रांश महासभा की ओर से कायस्थ महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान चित्रगुप्त की स्तुति से की गई।

वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि 1957 में उत्तर प्रदेश विधानसभा में कायस्थ सदस्यों की संख्या 50 थी, परन्तु 2022 में कायस्थ सदस्यों की संख्या मात्र 3 रह गई है जो चिंता का विषय है। इस संख्या को अब बढ़ाने की आवश्यकता है। सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन का मुख्य उदेश्य होता है समाज में एकता बनाए रखना। सनातन को बनाए रखने में कायस्थ परिवार का बड़ा योगदान है। उत्तर प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कायस्थ समाज हर वक्त देश और समाज की दशा और दिशा तय करने का काम किया है। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाए समाज को बदलने का कार्य करती है लेकिन समाज में बदलाव



तभी होगा जब सभी लोग खुशहाल और समृद्ध हों।

गाजियाबाद के भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने कहा भगवान चित्रगुप्त सम्पूर्ण जगत का भाग्य लिखते हैं और आज मुझे उनके संतान के साथ मिलकर एक सबल समाज निर्माण करना है। लक्ष्मी नगर विधायक अभय वर्मा ने कहा कि अपने आपको क्षमतावान बनाए, अपनी क्षमता के अनुकुल ही लोग आईएएस, आईपीएस या समाज का मार्गदर्शक बनता है। मौके पर गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु वर्मा उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन को मजबूत रखोगे तो समाज के हर क्षेत्र में एक दूसरे को सहयोग कर सकोगे। कायस्थ परिवार समाज को हर वक्त राह दिखाने में अग्रसर रहा है और आगे भी रहेगा। स्वागत-सत्कार का कार्य संगठन के संयोजक राजीव कान्त, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा के अलावे महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नुपुर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान दसवीं बोर्ड में 90 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त करने वाले 21 बच्चो को चित्रांश प्रतिभा सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व अशोक श्रीवास्तव के नाम पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भारत के उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड के पचास से अधिक संगठन का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सचिव प्रभाकर श्रीवास्तव के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर प्रमोद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव, विभाकर श्रीवास्तव एवं अन्य चित्रांश परिवार के सदस्यों का सहयोग मिला।

## उड़ान इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी का हुआ गौरवगान

### हिन्दी हमारी सांस्कृतिक धरोहर, इसे सम्मान और व्यवहार में अपनाना हम सबका कर्तव्य : निदेशक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** हिंदी दिवस के अवसर पर उड़ान इंटरनेशनल स्कूल केशावे में हिंदी भाषा एवं साहित्य का भव्य उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक सुमन 'सौरभ', प्राचार्य शिमोंता राय, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार पांडे, हिंदी विभागाध्यक्षा सह उप-प्रधानाचार्या गार्गी चौधरी, संस्त विभागाध्यक्ष हीरा राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के उपरांत बच्चों ने हिंदी भाषण, कविता-पाठ, निबंध




प्रतियोगिता, ड्राइंग-पेंटिंग एवं अन्य सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष आकर्षण कक्षा छठी की छात्रा कृष्णा 'राज' का हिंदी भाषा देश की भाषा गीत पर प्रस्तुत मनोहारी नृत्य रहा जिसने सभी उपस्थितजनों के मन को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर निदेशक सुमन 'सौरभ ने कहा हिंदी हमारी सांसतिक धरोहर है। इसे सम्मान और व्यवहार में अपनाना हम सबका कर्तव्य है। प्राचार्य शिमोंता राय ने छात्रों से आह्वान किया हिंदी को विज्ञान, तकनीक और व्यवसाय की भाषा बनाना हमारी नई पीढ़ी का लक्ष्य होना चाहिए। उप-प्रधानाचार्य श्री अमित कुमार पांडे ने कहा हिंदी दिवस केवल उत्सव नहीं। आत्ममंथन का अवसर है। श्रीमती गार्गी चौधरी ने कहा हिंदी हमारी पहचान है। इसे अपनाकर हम आत्मगौरव का अनुभव कर सकते हैं। संस्कृत विभागाध्यक्ष हीरा राय ने कहा हिंदी और संस्त दोनों भारत की आत्मा हैं। इनका संरक्षण हम सबका दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को हिंदी व्याकरण की पुस्तकें, उपन्यास कलमें और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## दुर्गा पूजा समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** दुर्गा पूजा समिति गौरीपुर के सदस्यों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता रजाकपुर के पूर्व मुखिया गणेश महतो तथा संचालन हसनपुर बागर के मुखिया विजय पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि यह तीन पंचायत रजाकपुर, हसनपुर तथा विष्णुपुर का संयुक्त दुर्गा मंदिर है। शारदीय नवरात्रि पर इन पंचायत के श्रद्धालुओं की काफी जमघट रहती है। तीन दिनों के मेला तथा महानवमी के दिन बलि एवं अग्नि परीक्षण के समय भक्तों द्वारा आग पर चलने के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। सदस्यों ने इस पूजा तथा मेला को आकर्षक बनाने की रूपरेखा पर विस्तृत विचार विमर्श किया। मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने हेतु स्वयंसेवक का चयन, तैनाती, सांसतिक कार्यक्रम के तहत विदेशिया नाच, मीना बाजार लगाने, झूला, दुकान आदि व्यवस्थित रूप से करने की रूपरेखा बनाई गई। मौके पर उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, सरपंच प्रतिनिधि घूरन पासवान, पूर्व सरपंच विजय महतो, पूजा समिति अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी, रंजीत चौधरी, प्रभंजन, विजय आदि मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने पदयात्रा कर चुनावी अभियान का किया आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** सदर विधानसभा के पूर्व विधायक अमिता भूषण ने रविवार को पदयात्रा से अपने चुनावी अभियान का आगाज कर दिया। हालांकि इससे पूर्व भी वो लगातार क्षेत्र में अपने मतदाताओं से संपर्क में रही है। लेकिन इस बार वो पदयात्रा के दौरान चुनावी मोड में नजर आई। इस पदयात्रा की शुरुआत में रविवार को वीरपुर प्रखंड के वीरपुर पश्चिम और पूर्वी पंचायत के भैरव स्थान, नव टोलिया, हाय स्कूल टोला, टमटम स्टैंड, पकड़ी, बरैपुरा गांव के विभिन्न मुहल्लों का भ्रमण की और मतदाताओं से आशीर्वाद से ली। बातचीत के क्रम में श्रीमती भूषण ने बताया कि यह आमतौर पर मेरा रूटीन भ्रमण है। चूंकि चुनाव नजदीक है इसलिए मीडिया इसे चुनावी पदयात्रा के तौर पर देख रही है। पिछले पांच सालों में विकास को जो जंग लगी है। लोगों में इस से बहुत नाराजगी है। लोग मंहगाई बेरोजगारी बढ़ते अपराध जलजमाव से त्रस्त हैं। वर्तमान कार्यकाल में इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। मुझे इस बात का संतोष है कि लोग मेरे कार्यकाल को मडल के तौर पर देखते हैं और तुलना करते हैं। दर्जनों की संख्या में इनके साथ स्थानीय लोग भी चल रहे थे। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धर्मराज सहनी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, संजीव कुमार, डा. रामसागर सिंह, डा. गीता प्रसाद सिंह, अमित कुमार, मो खालिद मोहम्मद हनान, रूपेश कुमार, राममूर्ति सिंह, आनंद कुमार, अमित कुमार, रितेश कुमार, जितेंद्र कुमार, रौशन पंडित, नाथो साह, मो अशरफ, अभिनव गुप्ता, आनंद प्रेम, मो जमाल, गंगा राम पंडित, नीरज कुमार, बबलू कुमार, सुरजीत कुमार सहित सैकड़ो लोग साथ थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा क्षेत्र महुआवा में एसएसबी सक्रिय

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमा क्षेत्र के महुआवा एस एस बी और नेपाल पुलिस की एक बैठक की गई, बैठक में एस एस बी के सेनियर पदाधिकारी के उपस्थिति में नेपाल में तख्तापलट के दौरान हुए हमले और जेल से भागे कैदीयों पर विशेष निगरानी करने की चिंता जाहिर की गई, सीमा क्षेत्र की सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा, आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व सीमा पर नेपाल व एस एस बी के द्वारा चौक चौराहों पर विशेष निगरानी, नेपाल से भागे हुए अपराधियों को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश रोकने के लिए सधन जांच अभियान, तृतीय देश के नागरिकों के अवैध आवागमन पर अंकुश लगाना सहित अन्य कमी बिन्दुओं पर चर्चा हुई।

### एसआईएस सुरक्षा जवानों की बंपर बहाली

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार की इ एल आई योजना के तहत एस आई एस में सुरक्षा जवानों एवं सुपरवाइजरों, अधिकारियों की बमपर बहाली रक्सौल अनुमंडल के आदापुर,रामगढवा, रक्सौल में होनी है,इसकी जानकारी रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी के अनुमोदन पत्र संख्या 268/9/9 में बताया गया है कि सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, थाना प्रभारी इनके कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो, जिनकी प्रतियां भेज दी गई है, दिनांक 16/17 को आदापुर 18/19, को रामगढवा,20/21/22 सितंबर को रक्सौल में पंजीकरण कर प्रशिक्षण कराया जाएगा।

### बाइक सवार दो युवकों को बस ने रौंदा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज से हरसिद्धि के तरफ जा रहे बाईक सवार दो युवकों को बस ने रौदा प्राप्त सूत्रों से पता चला कि मनोज बस जो रक्सौल से अरेराज आ रही थी, बस ने जोरदार टक्कर मोटरसाइकिल में मार दिया जिसमें एक आदमी वही पर दम तोड़ दिया और दुसरा जख्मी हो गया । उसका भी स्थिति नाजुक बना हुआ है मरने वाला अरेराज के वार्ड नं 2 के बुलेट गिरि पिता स्वर्गीय टिमन गिरि है और जो घायल हुए हैं उनका नाम नन्हे गिरि पिता स्वर्गीय ललन गिरि जो अरेराज के वार्ड नं 1 निवासी है बस का नम्बर 4401 है बुलेट गिरि के चार लड़की और एक लडका है बुलेट गिरि अपने परिवार को देख रेख करने वाला एकलौता था इनके परिवार के लोगों का रो रो के बुरा हाल हो गया है '

### सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल भवन में इंडोर खेल का उद्घाटन

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक सितंबर से दो अक्टूबर 24 तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल भवन में इनडोर खेलों का उद्घाटन शनिवार को किया गया। मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



इनडोर गेम में तलवारबाजी, कैरम और थांग टा खेलों की स्पर्धाएं होनी हैं।आज हुए थांग टा मार्शल आर्ट खेल में जिला स्तरीय विभिन्न विद्यालयों के आए हुए बच्चे की सहभागिता रही। प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में इशानी कुमारी, अनन्य कुमारी, साजिया जैस्मीन, आफरीन परवीन, रूपिका कुमारी, दिव्य कुमारी और दीक्षा प्रिया शामिल हैं। वही रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में आराध्य राज, अवंतिका कुमारी, सोनम कुमारी, आलिया जैस्मीन, अर्पिता कुमारी एवं आराध्य गुप्ताविजयी रही। जबकि कांस्य पदक खिलाड़ियों में अन्वी कुमारी, संस्कृति कुमारी, अंशी कुमारी, कशिश कुमारी एवं अंजली कुमारी ने हासिल किया। इनके अतिरिक्त बहुत सारे लड़कों ने भी अच्छा अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर थांग-टा संघ के जिला अध्यक्ष साजिद रजा, सचिव अशफाक अहमद, कबड्डी संघ के सचिव भानु जी, इथेलेटिक्स संघ के सचिव अरविन्द कुमार, आशीष कुमार, थांग टा संघ के सयुक्त सचिव अमित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बिना पैन कार्ड के स्वीकार नही होंगे दस्तावेज

**बेतिया/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** अब भू निबंधन में दस लाख की वैल्यू वाले भूमि के निबंधन में क्रेता विक्रेता के बिना पैन कार्ड के कोई भी निबंधन स्वीकार नही किया जायेगा। अवर निबंधन पदाधिकारी गिरीश चंद्र ने बताया कि आयकर विभाग की टीम ने शुक्रवार को रुटीन सर्वे के निमित कार्यालय में उपस्थापित किये गये दस्तावेजो का अवलोकन किया था। कतिपय दस्तावेजो में दस लाख से अधिक वैल्यू होने के कारण विक्रेता के पैन कार्ड नही होने पर आपति जतायी है। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग से प्राप्त निदेशोंा एवं विभिन्न प्रावधानों के अनुसार अब दस लाख या दस लाख से उपर के मुल्याकंनवाले दस्तावेजो में बिना पैनकार्ड के दस्तावेजो को स्वीकार नही किया जायेगा। इसके लिए सभी निबंधनार्थियों, दस्तावेज नवीसों एवं अधिवक्ताओं को सूचित कर दिया गया है। अब किसी भी पक्षकार के पास पैनकार्ड उपलब्ध नही होने की स्थिति में निबंधन हेतू उपस्थापित दस्तावेजो को स्वीकार नही किया जायेगा।

### बाघ लौटा जंगल की ओर, लोगों ने ली राहत

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वीटीआर के गोवेर्धना वन क्षेत्र से निकल कर रिहायशी इलाकों में चहल कदमी कर रहे आदम खोर बाघ ने जंगल में प्रवेश कर मंगुराहा वन क्षेत्र में प्रवेश कर गई है । इसकी जानकारी देते हुए गोवर्धना वन क्षेत्र के रेंजर सत्यम कुमार ने बताया बाघ पर वन विभाग की टीम कड़ी नजर रखी हुई है । वैसे ट्रैकिंग करने के क्रम में पाया गया कि बाघ मंगुराहा वन क्षेत्र में प्रवेश कर गई है।विदित हो कि मटियरिया थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के पास पास के जंगल के किनारे बाघ की चहल कदमी थी और गुरुवार वार को मवेशी चारा रही एक वृद्ध महिला को बाघ ने मौत का घाट उतार दिया था। बाघ के जंगल में चले जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है ।

### इस्ट चंपारण लायंस क्लब में मधुमेह जांच शिविर का किया आयोजन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब तथा लाइफ सपोर्ट डायग्नोस्टिक केंद्र, बेलबनवा के द्वारा दूसरे रविवार को निशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन गांधी कांप्लेक्स बेलबनवा में किया गया । शिविर में 47 लोगों का जांच किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि सेवा ही धर्म है और सेवा से समाज में सुधार लाया जा सकता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु हम सभी सदस्यों के साथ प्रत्येक रविवार को निशुल्क शिविर लगाते हैं । वहीं क्लब सचिव डॉ सच्चिदानंद पटेल ने मरीज को शुगर नियंत्रित रखने का उपाय बताते हुए नियमित व्यायाम करने के साथ -साथ खान-पान पर भी ध्यान देने की सलाह दी । कार्यक्रम में सह सचिव मनीष झा ,ई.सुधांशु सिन्हा,संजीव कुमार,पंकज कुमार,सुनील सिन्हा ,डॉक्टर अभिनव दीपांकर सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर मधुमेह जांच कार्यक्रम को सफल बनाया। इसकी जानकारी क्लब पीआरओ सुजीत कुमार सिंह ने दिया।



### चनपटिया में सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद ने कहा कि आज का दिन चनपटिया के लिए काफी महत्वपूर्ण है। चनपटिया से गुजरने वाली सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों ठहराव शुरू हो गया है। सप्त क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन भी अब चनपटिया में रुकेगी। उन्होंने कहा कि चनपटिया में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए उन्होंने लोकसभा में मामला उठाया था। चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह को साथ लेकर रेल मंत्री से मिले थे। इसका सार्थक परिणाम निकला है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष में चनपटिया का काफी विकास हुआ है। विधायक उमाकांत सिंह पहल पर 90 से ज्यादा सड़कों का निर्माण हुआ है।

# पूरे बिहार में गूंज रहा बदलो सरकार बदलो बिहार : दीपंकर

## बिहार की 43 सीटों पर तैयारी कर रही है माले



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि चम्पारण आजादी और गांधी के आंदोलन की भूमि है। हमें पूरी उम्मीद है कि बदलो बिहार, बदलो सरकार के नारे के साथ चल रहे बिहार बदलाव के आंदोलन को यहां पूरी ताकत मिलेगी। सिकटा विधानसभा में आयोजित सफायत अंसारी के शहादत दिवस में भाग लेने बेतिया पहुंचे हुए थे। परिसदन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार बदलना है तो सरकार बदलना होगा। सरकार में बदलाव के बाद ही बिहार में बदलाव आएगा। भट्टाचार्य ने कहा उनकी पार्टी बिहार के 243 में 43 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। महागठबंधन में अभी सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इस माह के अंत तक सब कुछ साफ हो जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में शिक्षा, बेरोजगारी, पलायन, गरीबी मुद्दा होगा। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसआईआर के माध्यम से गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का वोट के अधिकार से वंचित करने की कोशिश कर रही है। महागठबंधन और उनकी पार्टी की लगातार आंदोलन के बाद सुप्रीम कोर्ट इसमें हस्तक्षेप की। आधार कार्ड को भी मान्यता दी गई। उन्होंने पुराने पेंशन नियम को लागू करने का समर्थन किया। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि नौजवानों को रोजगार की सुरक्षा नहीं है। भूमि सर्वेक्षण के काम में लगे नौजवान अपनी नौकरी अस्थाई करने की मांग कर रहे हैं तो उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। विरोध करने पर उनकी पिटाई हो रही है। सरकार सरकारी कर्मचारियों का पेंशन छीन ली है। विपक्षी पार्टियों के विरोध के कारण निर्वाचन आयोग को तीन मौके पर पीछे हटना पड़ा है। पार्टी के वरिष्ठ नेत्री मीना तिवारी ने कहा कि नीतीश राज में महिलाओं पर अत्याचार बड़ा है। चुनाव नजदीक आने के बाद सरकार को महिलाएं याद आने लगी है। उन्हें तरह-तरह का प्रलोभन दिया जा रहा है। सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि नीतीश सरकार सिर्फ झांसापट्टी दे रही है।

# लोगों को धोखा दे रहे हैं प्रशांत किशोर : डा. संजय



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिमी चंपारण के सांसद डा.संजय जायसवाल ने जन सुराज पार्टी के प्रणेता सूत्रधार प्रशांत किशोर पर हमला बोलते हुए कहा है कि वे जनता के सामने कुछ और बोलते हैं और लिखित जवाब में कुछ और देते हैं। प्रशांत किशोर झूठा आरोप लगाते हैं। लेकिन जवाब देने का वक्त आता है तो पलट जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अपने आदतो से बाज नही आ रहे है। जबकि मैने उनसे पांच सवालो का जबाब मांगा है। वे मेरे सवालों का जवाब दे। सांसद ने कहा कि प्रशांतकिशोर ने वर्ष 2022 में ही अपनी पार्टी का गठन कर लिया था। जबकि महात्मा गांधी के भितिहरवा आश्रम से पदयात्रा निकालकर लोगों से झूठ बोले कि पूरा बिहार घूमने और जनता के विचारों से अवगत होने के बाद ही पार्टी गठन होगा। प्रशांत किशोर के आयोजन का सारा खर्च एनजीओ के माध्यम से हो रहा है। तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक के शराब फैक्ट्री के मालिक उन्हें चंदा दे रहे हैं। इन कंपनियों के मालिकों को लाभ पहुंचाने के लिए हीं वे सरकार बनने के एक घंटे के भीतर शराबबंदी हटाने का आश्वासन दे रहे हैं। सांसद ने कहा कि प्रशांत किशोर कांग्रेस और राजद को लाभ पहुंचाने की रणनीति के तहत काम कर रहे हैं। लेकिन बिहार की जनता समझदार है। वह सब कुछ समझ रही है। मौके पर चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, भाजपा नेता रवि सिंह, विभय रंजन चौबे, जनक साह, फुन्नी राय आदि मौजूद रहे।

# नरकटिया क्षेत्र अब भी है मूलभूत सुविधाओं से वंचित: ई. दीपक कुमार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रान्त में कार्यरत प्रवासी भारतीय इंजीनियर दीपक कुमार नरकटिया विधान सभा क्षेत्र से स्वतंत्र(निर्दलीय) प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरेंगे.एक वीडियो संदेश के माध्यम से उन्होंने यह जानकारी दी है.यह बातें उन्होंने भोजपुरी भाषा व ठेठ गंवई अंदाज में कही है.



इंजीनियर श्री कुमार ने नरकटिया विधानसभा क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए सरकारी तंत्र का दुरूपयोग व स्थानीय विधायक की ढुलमुल नीति को माना है.बंजरिया प्रखण्ड के एक छोटे से गांव से निकल कर अमेरिका पहुंचने फिर वहां से लौटकर बनकटवा, छौड़ादानो, लखौरा आदि स्थानों के रिश्तेदारों के यहां आने जाने से क्षेत्र के पिछड़ेपन का पता चलता है.दस वर्षों से एक डॉक्टर के विधायक होने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर नहीं हो सकी.स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था काफी लचर है.उन्होंने विद्यालय में पुस्तकालय और डिजिटलाइजेशन की कमी के लिए भी सरकारी नीतियों के अलावे स्थानीय नेताओं पर भी निशाना साधा.दुनिया में आने वाले नए विचारों से बच्चों को जोड़ने के लिए पुस्तकालय और डिजिटलाइजेशन पर बल दिया.साथ ही विधायक निधि कोष के दुरूपयोग और काम रोजगार के अवसर लाने में असफल होने का आरोप उन्होंने विधायक डॉ.शमीम अहमद पर लगाया है.आजादी के अमृत काल में भी नरकटिया बाढ़ और सुखाड़ की विभीषिका, चचरी पुल, सड़क की कमी, बिजली, पानी, शिक्षा,स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहा है.साथ ही उन्होंने बीजबनी कुशमारी घाट, तीयर- यमुनी नदी पुल,प्रखण्ड मुख्यालयों में शौचालय की कमी,खाद की किल्लत,सिंचाई के साधनों का अभाव नरकटिया की नियति बन जाने से क्षेत्र आज भी पिछड़ेपन का शिकार है।

### अस्पताल की कुव्यवस्था को लेकर 18 को धरना

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एक निजी होटल में शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अखिलेश राज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था, मरीजो को हो रही परेशानी आदि पर व्यापक चर्चा हुई। इसके पश्चात उपस्थित सदस्यों ने अनुमंडल अस्पताल की चरमराती व्यवस्था के विरुद्ध आगामी 18 सितंबर को अस्पताल के सामने धरना एवं प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। बैठक के उपरांत शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच के सागर श्रीवास्तव ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में कुव्यवस्था के खिलाफ 18 सितंबर को धरना दिया जाएगा। जिसमें सभी ज्वलंत मुद्दों पर व्यापक विरोध प्रकट किया जाएगा। बैठक में किशोरी लाल जयसवाल, गौरी शंकर दुबे, रीना देवी, विक्रमा ठाकुर, आजम रियाज ,मदन प्रसाद, अरुण शुक्ला, भगवान सिंह राणा, तौकीर आलम ,परवेज आलम, शेखर गुप्ता, इलियास अंसारी, विनोद जायसवाल, राजा आलम, आनंद कुमार, केशव कुमार गुप्ता, इंजीनियर जमील अख्तर आदि उपस्थित रहे।

# प्रसाद रत्नेश्वर को 24 सितम्बर को पटना में मिलेगा प्रदर्श कला का राष्ट्रीय सम्मान

## बिहार सरकार सम्मान स्वरूप देगी एक लाख रुपये , प्रतीक चिह्न, प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्रम



**मोतिहारी/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा प्रदर्श कला के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला 2024 -2025 का राष्ट्रीय सम्मान प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर को दिया जाएगा। बिहार सरकार के इस सर्वोच्च सम्मान स्वरूप प्रसाद रत्नेश्वर को एक लाख रुपये के साथ स्मृति चिह्न, मोमेंटो, प्रमाण -पत्र, अंगवस्त्र आदि से सम्मानित किया जाएगा। 'प्रदर्श कला के लिए यह सम्मान राष्ट्रीय स्तर के राज्य एवं राज्य के बाहर के नामचीन कलाकार को दिया जाता है। इस वर्ष का यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रसाद रत्नेश्वर को 24 सितम्बर को पटना में विभाग द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों मिलेगा। उपमुख्यमंत्री,कला संस्कृति मंत्री सहित विभाग के आला अधिकारी मंच पर होंगे। प्रसाद रत्नेश्वर पिछले 41 वर्षों से मोतिहारी,पटना एवं दिल्ली रंगमंच पर सक्रिय है। वे 12 वर्षों तक राज्य सरकार की बिहार संगीत नाटक अकादमी की कार्यसमिति के सदस्य तथा दो वर्षों तक एक कलाविद सदस्य के रूप में इजेडसीसी , संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में अपनी सेवाएँ दे चुके है। नाटक के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त प्रसाद रत्नेश्वर का नाटक ' निलही कोठी ' विदेसिया लोक नाट्य शैली का नाटक है जिसका राष्ट्रीय स्तर पर मंचन हो चुका है। इसके अलावा कविता, गजल, शोध प्रबंध, शोध पत्र संग्रह एवं जीवनी की पाँच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। दिल्ली में बिहार महोत्सव एवं संयुक्त चम्पारण में चम्पारण महोत्सव के आयोजन को आरंभ करने का इन्हें श्रेय प्राप्त है। थारु जनजाति को विश्व की एक नई सभ्यता के रूप में चीन के विश्व मंच पर प्रस्तुतिकरण इनकी अन्यतम उपलब्धियों में शामिल है।प्रसाद रत्नेश्वर ने बताया कि इस सम्मान का महत्व यह है कि 150 वर्षों के मोतिहारी रंगमंच के इतिहास में कई पीढ़ियों के गुजर जाने के बावजूद यहाँ के किसी रंगकर्मी को एक राज्यस्तरीय राजकीय सम्मान प्राप्त नहीं हुआ था। इस राष्ट्रीय सम्मान के साथ शुरूआत हो रही है।

# नेपाल में प्रदर्शन में जान गंवाने वालों को मिलेगा 'शहीद' का दर्जा : पीएम



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नव बिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने जेन-जी आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' का दर्जा और उनके आश्रितों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर बैन के फैसले के विरोध में हुए आंदोलन के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को देश की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई थी।अपने शपथ ग्रहण के दो दिन बाद रविवार को उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। इस दिन सुबह लैंचौर स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपने कार्यकाल की शुरूआत की जिसके बाद वे सिंह दरबार गईं। उन्होंने गृह मंत्रालय के भवन से अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन शुरू किया। पिछले मंगलवार को हिंसक प्रदर्शनों और आगजनी से मुख्य परिसर क्षतिग्रस्त हो गया था।इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय को वहां से स्थानांतरित कर दिया गया था। कार्यभार संभालते ही प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शनों के पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान की. मुख्य सचिव एकनारायण आर्यल ने कहा है कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' माना जाएगा और उनके परिवारों को 10-10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक रिपोर्ट रिपोर्ट के अनुसार,नेपाल की नई सरकार ने 134 घायल प्रदर्शनकारियों और 57 घायल पुलिसकर्मियों के चिकित्सा उपचार की घोषणा की है।

### मांगों को लेकर दो सप्ताह से हड़ताल पर हैं स्वच्छता कर्मी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपनी मांगों को लेकर विते एक सितंबर से स्वच्छता कर्मी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है। कर्मियो के हड़ताल पर जाने से पंचायतों में स्वच्छता कार्य प्रभावित है। पंचायतों में नियमित रूप से घर घर कचरा उठाव कार्य ठप पड़ा है। वही चौक चौराहों पर गंदगी पसर गई है साथ ही कचरों की ढेर भी लग गई है। लोगो का कहना है कि करीब दो सप्ताह से कचरा उठाव नही हो रहा है। वही स्वच्छता कर्मियों की मानें तो जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है, तब तक वे स्वच्छता कार्य ठप रखेंगे। स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार, मुकेश ठाकुर, राहुल कुमार, राजा कुमार, विवेक कुमार, रवि तिवारी आदि ने बताया कि बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक और स्वच्छता कर्मी संघ के आह्वान पर अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में एक सितंबर से संघ के माध्यम से आंदोलन कर रहे हैं। जब तक हमारी मांगो को सरकार पूरा नहीं करती हड़ताल जारी रहेगा।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**एकमा/रसूलपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** जिसे के रसूलपुर थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान एनएच-531 पर चैनवा स्थित असहनी गेट के समीप रविवार की दोपहर एक अनियंत्रित ट्रक ट्रेलर की चपेट में आने से सिवान जिले के बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सिवान जिले के एमएच नगर हसनपुरा थाना क्षेत्र के चांद परसा गांव निवासी मनन यादव के पुत्र 50 वर्षीय सज्जन यादव के रूप में हुई। वे रसूलपुर थाना क्षेत्र के बाल गांव में अपनी बेटी से मिलकर घर लौट रहे थे। इस दौरान ट्रक ट्रेलर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक धर्मेंद्र साह (निवासी बलिया, उत्तर प्रदेश) वाहन छोड़कर अरहर के खेत में छिप गया, लेकिन ग्रामीणों ने पकड़कर पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। हादसे से आक्रोशित लोगों ने एनएच-531 जाम कर दिया, जिससे कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। सूचना पाकर रसूलपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। अतरसन के पूर्व मुखिया व वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव उर्फ गुड्डु यादव के सहयोग से आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया गया। इसके बाद यातायात बहाल हो सका। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।

# नरकटियागंज से माया किन्नर ने ठोंका ताल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किन्नर समाज अब राजनीतिक क्षेत्र में अपनी भागीदारी को मजबूत करने का एलान किया है। नगर की जानी-मानी किन्नर प्रतिनिधि माया रानी ने रविवार को ऐलान किया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में नरकटियागंज से चुनावी मैदान में उतरेंगी। इसकी घोषणा उन्होंने स्थानीय नागरिकों, किन्नर समाज के प्रतिनिधियों, और विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं की मौजूदगी में की। माया रानी ने कहा कि अब समय आ गया है, जब केवल समाज सेवा ही नहीं, बल्कि समाज के वास्तविक प्रतिनिधित्व के लिए भी कदम उठाना जरूरी है। माया रानी ने कहा कि किन्नर समाज को हमेशा समाज का दूसरा दर्जा दिया गया, लेकिन हमने हर मुश्किल वक्त में देश व समाज की सेवा की है। हम घरो में खुशिया बांटते हैं किसी का बुरा नही सोचते। चाहे कोरोना महामारी हो, बाढ़ हो, सुखाड़ हो, गरीब बहनों की शादी हो या बच्चों की पढ़ाई, हर संकट में हमारी सहभागिता रही। लेकिन आज भी हम समाज में उपेक्षित हैं। सांसद, विधायक, सभापति, पार्षद, कोई भी कभी हमारे दुख-दर्द को समझने नहीं आया। इसलिए अब हम खुद चुनाव लड़ेंगे, ताकि समाज के अधिकारों के लिए आवाज उठाई जा सके।



### शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भैरोगंज थाना की पुलिस ने शनिवार की रात थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से छापेमारी कर 31 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। भैरोगंज थानाध्यक्ष सीता केवट ने बताया पुलिस गश्ती को सूचना मिली कि मंझरिया गांव में शराब की तस्करी हो रही है।

पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए मंझरिया गांव में छापेमारी किया। जिस दौरान पुलिस ने एक घर में छुपा के रखे दस लीटर देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने मौके से शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। दूसरी ओर पुलिस ने बगहा व भैरोगंज मुख्य पथ में सिकटी पुल के समीप छापेमारी कर 21 लीटर देशी शराब के साथ शराब तस्कर कों गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सीता केवट ने बताया कि इस मामले में थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित कर गिरफ्तार शराब तस्करों से पूछताछ के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

# शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

## शिक्षकों से स्वयं आदर्श बनकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय पुरस्कार से सम्मानित और बीपीएससी से प्रधानाध्यापक बने शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोहरविवार को शहर के एक नीजी भवन में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीईओ रविन्द्र कुमार, रिटायर्ड आरडीडीई ब्रजेश कुमार ओझा और स्थापना डीपीओ कुमार अनुभव ने भी समारोह को संबोधित किया। मौके पर विधान पार्षद आफाक अहमद ने कहा कि शिक्षक का पद सार्वाधिक सम्मानित है, लेकिन शिक्षकों के आपसी विवादों से समाज और विभाग की छवि खराब हो रही है। उन्होंने शिक्षकों से स्वयं आदर्श बनकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी ने गर्ल्स प्लस टू के प्रधानाध्यापक मुनीन्द्र कुमार झा और प्राइमरी शिक्षिका पुष्पा कुमारी को राजकीय पुरस्कार मिलने पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी नहीं, बल्कि समर्पण की जरूरत है। 2010 में जिले के तीन शिक्षकों को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे दोहराने का आह्वान किया।रिटायर्ड आरडीडीई ब्रजेश कुमार ओझा ने सरकारी स्कूलों के प्रति जनता के विश्वास को चुनौती बताया और शिक्षकों से सुविधाभोगी रवैया छोड़ने को कहा। डीईओ रविन्द्र कुमार ने सरकारी स्कूलों में कम उपस्थिति पर चिंता जताते हुए शिक्षकों से कोचिंग संस्थानों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। डीपीओ कुमार अनुभव ने नव नियुक्त प्रधानाध्यापकों से अनुशासन और तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर स्कूलों की दशा सुधारने को कहा। समारोह का संचालन दीपक राही ने किया।

# हिंदी हमारी पहचान, लोकतंत्र में मतदाता हमारा अभिमान : उप विकास आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जहानाबाद जिले के प्रबुद्ध साहित्यकार, कवि, चित्रकार, समाजसेवी, मीडिया प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता की पहचान है। हमें प्रशासनिक कार्यों से लेकर दैनिक जीवन तक हिंदी के प्रयोग पर गर्व होना चाहिए और इसकी शुद्धता बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।



इसके उपरांत जिले के प्रबुद्धजनों एवं साहित्यकारों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गई। महेश कुमार मधुकर ने स्वरचित कविता-पाठ कर हिंदी की महत्ता पर विचार रखे। अजय विश्वकर्मा (कवि एवं चित्रकार) ने 'हिंदी है हिंदुस्तान की नाज़' शीर्षक कविता प्रस्तुत की। युवा कवि व संवाददाता अमृतेश कुमार मिश्रा ने अपनी गजल 'दे दे कोई हाथ, हौसले के साथ' सुनाकर सबको प्रभावित किया।

डॉ. मानसी सिंह ने कहा कि हिंदी बोलने में शर्म नहीं, गर्व होना चाहिए। राणा वीरेंद्र सिंह (राष्ट्रीय कवि संगम अध्यक्ष एवं समाजसेवी) ने देशभक्ति गीत गाकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। नंदन मिश्रा ने हिंदी वतन पर आधारित कविता का पाठ किया। ममता प्रिया ने कहा कि हिंदी दिवस केवल एक दिवस तक सीमित नहीं, बल्कि हमें हमेशा हिंदी को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके उपरांत सावित्री सुमन ने प्रेरणादायी गीत 'हम भारत के रहने वाले हिंदी मातृभाषा है" प्रस्तुत किया। श्री मनोज कुमार मिश्रा ( शब्दाक्षर प्रदेश अध्यक्ष) ने हिंदी की वैज्ञानिकता और समृद्धि पर प्रकाश डाला। पत्रकार दीपक कुमार एवं श्री राजीव रंजन विमल ने भी अपनी अभिव्यक्तियां रखीं और हिंदी की राष्ट्रभाषा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का अंत कस्तूरबा विद्यालय, जहानाबाद की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान से किया गया। तत्पश्चात अपर समाहर्ता सह विभागीय जांच पदाधिकारी विनय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग और शुद्धता को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी चंद्र किशोर सिंह, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शिल्पी आनंद सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे। विशेष रूप से कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वीप नोडल पदाधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरुकता का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि साहित्यकारों और कलाकारों की कलम मतदाता जागरुकता फैलाने का सशक्त माध्यम है। उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेकर मतदाता जागरुकता अभियान में सहयोग का संकल्प लिया।

# मुख्तियारपुर के ग्रामीणों का ऐलान "रोड नहीं तो वोट नहीं"

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ओबरा**। आजादी के 77 साल बाद भी सड़क सुविधा से वंचित मुख्तियारपुर गांव के ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने नारा बुलंद किया – "रोड नहीं तो वोट नहीं"। चंदा पंचायत के अंतर्गत आने वाले मुख्तियारपुर तक जाने के लिए अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। बिहारी बीघा से मुख्तियारपुर तक महज दो किलोमीटर की दूरी है, लेकिन आज भी ग्रामीण कीचड़नुमा रास्तों से गुजरने को विवश हैं। बरसात के दिनों में सड़क झील का रूप ले लेती है और फिर कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों और संबंधित पदाधिकारियों से गुहार लगाई, यहां तक कि मंत्री अशोक चौधरी को भी सड़क निर्माण के लिए आवेदन सौंपा गया। नापी भी की गई, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय ग्रामीण बिरेंद्र सिंह, चंदन कुमार, लूटन पासवान, संजय सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, दिनेश राम, विष्णुदेव पासवान, लालमोहन राम, अशोक चौधरी, ललन पासवान, चंदा देवी, निधि देवी, प्रभा देवी, कौशल्या देवी समेत अन्य ने बताया कि सड़क न होने से आवागमन पूरी तरह बाधित रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कत पढ़ाई करने वाले बच्चों को होती है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार दलित और महादलित उत्थान की योजनाओं की बात करती है, तो उनके गांव की अनदेखी क्यों की जा रही है। अबकी बार अगर सड़क निर्माण नहीं हुआ तो वे चुनाव में वोट बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

## डॉ. रणविजय सिंह की जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद (हसपुरा)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं भावी उम्मीदवार डॉ. रणविजय कुमार सिंह ने रविवार को धूसरी पंचायत में जन संवाद सह आशीर्वाद यात्रा निकाली। इस दौरान गांव-गांव में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और विकास संबंधी मांगें उनके समक्ष रखीं। तिलौती गांव में ग्रामीणों ने ईंट सोलिंग और पुल निर्माण की मांग की, वहीं महिलाओं ने श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता बनाने और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड सदस्य आवास योजना के नाम पर पैसे की मांग करता है। करण बीघा के ग्रामीणों ने जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए नाली निर्माण की मांग रखी। भौली गांव के किसानों ने सिंचाई सुविधा के लिए ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार लगाई।

# पेड़-पौधे हमारे अस्तित्व और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : गायत्री परिवार

**गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा 224वें साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 224वें साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के महमदपुर गांव में किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित प्रमोद कुमार विशेष लोक अभियोजक उत्पाद,जहानाबाद ने वृक्ष का महत्व बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण का ऐतिहासिक महत्व है। उन्होंने कहा कि ऋगवेद में वृक्षों को जीवनदायिनी के रूप में देखा गया है, वहीं धार्मिक महत्व में हिन्दू धर्म में पीपल और बरगद जैसे वृक्षों को पवित्र माना जाता है। वृक्ष सृष्टि में प्राणवायु प्रदाता है तथा भूमंडल पर जीवन का संचार के लिए वृक्ष एक प्रमुख कारक है। यह ऑक्सीजन के रूप में हमे शुद्ध वायु प्रदान करता है, साथ हो मिट्टी के कटाव, भूजल स्तर बढ़ाने और बाढ़ व सूखे से बचाव में मदद करता है। इसके समग्र महत्व में प्राकृतिक संतुलन, पर्यावरण संरक्षण और मानव कल्याण में अहम भूमिका शामिल है। पेड़-पौधे हमारे अस्तित्व और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जीवन तथा पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने वृक्षारोपण को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे वन्यजीवों को भी आश्रय मिलता है तथा जैव विविधता को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान के जिला प्रभारी रंगेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पेड़ न केवल हमारे लिए, बल्कि समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी लाभकारी हैं। उन्होंने लोगों को वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि सबसे बड़ा पुण्य का कार्य वृक्ष लगाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम पांच पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क वृक्षारोपण करना प्रशंसनीय और अनुकरणीय कदम है। इस अवसर पर रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, कौशल कुमार, विनोद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, देवेन्द्र शर्मा एवं शिशुपाल सिंह उपस्थित थे।

# पुरानी पेंशन योजना को लागू करने को लेकर कर्मचारी संघ के नेताओं ने पटना में धरना प्रदर्शन में लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में एनएमओपीएस के बैनर तले पेंशन संघर्ष महारैली में जहानाबाद जिला इकाई संघ द्वारा सभी विभाग के कर्मचारियों एवं शिक्षको ने बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन लागू कराने हेतू शामिल हुए। जैसा कि ज्ञात हो वर्ष 2005 से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया है तथा उसके स्थान पर एनपीएस- यूपीएस लागू किया गया है। कर्मचारी संघ के नेताओं ने इसे कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ क्रूर मजाक एवं ठगने का कार्यक्रम बताते रहे है। उनका कहना है कि सभी सांसद, विधायक अनेकों पेंशन लेते है, चाहे वह एक दिन के लिए ही माननीय का पद क्यों न ग्रहण करें। वहीं कर्मचारी/ शिक्षक ने अपने जिंदगी का लगभग 40 साल या 60 वर्ष के उम्र तक सरकार की सेवा करने के बाद बुढ़ापे में दर -दर भटने के लिए छोड़ दिया है। वर्तमान सरकार की इस नीति के खिलाफ सभी विभाग के तमाम कर्मचारियों/ शिक्षकों ने सरकार के सभी नेताओं को सबक सिखाने का संकल्प लिया है। एनएमओपीएस नेताओं ने चेताया कि आने वाला विधानसभा चुनाव में सरकार को अपने हक के समर्थन में सबक सिखाएंगे। उन्होंने नारा दिया कि 'जो पेंशन की बात करेगा, वही बिहार में राज करेगा'। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं तमाम नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा एनपीएस-यू पी एस लागू करना शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बहुत बड़ा छलावा है एवं हम सभी को शेयर बाजार के हवाले छोड़ना राजतन्त्र का संकेत है। उनलोगों ने कहा कि हमलोगों को सीधे-सीधे ओपीएस चाहिए और इसे लेकर रहेंगे। जबतक सरकार ओपीएस नही देगी,तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर पेंशन संघर्ष महारैली में विशाल कुमार, राकेश कुमार, पी. के. मौर्य, उज्जवल कुमार, मीणा कुमारी, नीलम यादव, पंकज दुवेदी, शशिकांत कुमार, राम उदय कुमार,राम प्रसाद, संजय कुमार,शंभू कुमार, रामरतन कुमार, मुकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सहित 20 लगभग हजार कर्मचारी उपस्थित रहे।




## एक नजर

### ऐतिहासिक होगा महागठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन : सत्यनारायण




**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनैतिक दल कार्यकर्ता सम्मेलन के द्वारा शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में कुटुंबा विधानसभा अंतर्गत महागठबंधन घटक दल के कार्यकर्ताओं ने राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अंबा में बैठक की। श्री शर्मा ने बताया कि आगामी 18 सितंबर को एक निजी रिजॉर्ट, रामपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। इस सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर सत्यनारायण शर्मा, नंद कुमार यादव बैजनाथ मेहता पूर्व प्रमुख मनोज यादव, भाकपा माले नेता रमेश पासवान, विरेंद्र मेहता, जगनारायण यादव, संजय कुमार तेजा, पंकज यादव, पिंटू कुमार वर्मा, अर्जुन यादव, सुनील पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

### रफीगंज में पशुपालन सह प्राथमिक पशु चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड परिसर स्थित पशु चिकित्सा कार्यालय में शनिवार से पशुपालन सह प्राथमिक पशु चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह प्रशिक्षण 15 सितंबर से 26 सितंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण प्रभारी नरेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की अवधि 45 दिनों की है, जिसमें प्रत्येक दिन डेढ़ घंटे का सत्र आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में गाय, भैंस, भेड़, बकरी, मुर्गी, मछली और विदेशी नस्ल के सूअर जैसे पशुओं के पालन-पोषण के साथ-साथ उन्हें होने वाले सामान्य व संक्रामक रोगों की पहचान, प्राथमिक उपचार, समय पर टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की तकनीक पर विशेष जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो भविष्य में पशु मित्र की बहाली सहित अन्य योजनाओं में सहायक होगा। साथ ही, संबंधित पशुओं के पालन-पोषण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अनुदान का भी प्रावधान है। ग्रामीण युवाओं और किसानों को इस प्रशिक्षण से रोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे और पशुपालन क्षेत्र को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

### रफीगंज में 12 वर्षीय किशोर लापता, पांच दिन बाद भी सुराग नहीं



**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के राजा बिगहा पुल के समीप किराए के मकान में रह रही रजिया खातून का 12 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फैजान पिछले पांच दिनों से लापता है। लगातार खोजबीन के बावजूद अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना से परिजन गहरे सदमे और चिंता में हैं। फैजान की मां रजिया खातून ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि वह 9 सितंबर की शाम लगभग सात बजे बिना बताए घर से बाहर चला गया और फिर लौटकर नहीं आया। परिजनों ने आसपास और अपने पैतृक गांव—गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के कटारी में भी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। किशोर की तलाश में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को मोहम्मद फैजान के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल रफीगंज थाना को सूचित करें। परिवारजन बेटे की सुरक्षित वापसी की उम्मीद में दिन-रात पुलिस और प्रशासन की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।

### करंट लगने से किसान की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के उमता धरनई थाना क्षेत्र के बेरका गांव मे उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया जब खेत मे खाद डालने गए किसान की बिजली के करंट के सम्पर्क में आने से मौत हो गई। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि मृतक बेरका गांव निवासी 40 वर्षीय गिरिजेश मांझी धान के खेत में खाद छींटने गया था बताया जाता है कि इसी दौरान वह बिजली के करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुँची उमता धरनई थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौप दिया है।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा मई गुमटी निवासी देवचंद भुईयां के पुत्र प्रमोद भुईयां के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। इसी क्रम में रफीगंज पुलिस ने उसे मई गुमटी के समीप से धर दबोचा। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार चल रहे आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### मारपीट के मामले का आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि न्यू एरिया निवासी मोहम्मद कमरुद्दीन का पुत्र शाहिद अफरीदी, रफीगंज थाना कांड संख्या 309/25 में नामजद आरोपी था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार को उसे शहर के महाराजगंज के समीप से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उसे न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार आरोपियों में खलबली मच गई है।

# देव मंडल के नव दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। आज भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता सह बिहार विधान परिषद के सभापति प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह ने अपने आवास पर भाजयुमो देव मंडल के सभी नव दायित्वधारी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और शुभकामना प्रेषित किया। इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने, युवा मोर्चा के कार्यो का बोध कराने, समाज के लोगो से जुड़ कर सामाजिक अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिये आग्रह किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो को युवाओं के बीच चर्चा कर अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हिमांशु सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार पांडेय, सोनू कुमार सिंह, जिला मंत्री धीरज कुमार सोलंकी, निखिल कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, प्रियांशु चौरसिया, हिमांशु कुमार, गुड्डू यादव, शशांक शेखर, सूजीत कुमार सिंह, नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।



# हुलासगंज में हिंदी दिवस पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद**। हिंदी दिवस के अवसर पर हुलासगंज प्रखंड में मेरा युवा भारत जहानाबाद की ओर से ज्योत्सना युवा मंडल के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा एवं प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष रणधीर कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक बिट्टू कुमार ने की। प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें अधिक से अधिक काम इसी भाषा में करना चाहिए। प्रतियोगिताओं में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में नरमा गांव की निशा कुमारी प्रथम, रामपुर गांव की अंजली कुमारी द्वितीय और विश्वनाथ कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अंजली कुमारी प्रथम, निशा कुमारी द्वितीय और वैष्णवी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा और 20 सूत्री उपाध्यक्ष रणधीर कुमार ने मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बिट्टू कुमार ने युवाओं से "मेरा युवा भारत" के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# भाजपा की कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। सेवा पखवाड़ा एवं घर-घर संपर्क अभियान के निमित्त रविवार को भाजपा कुटुंबा पूर्वी मंडल कार्यालय, अंबा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायतों में कार्यशाला की तिथि निर्धारित की गई और आयोजन को लेकर प्रभारी नियुक्त किए गए। मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन तक यानी 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा और घर-घर जाकर लोगों को केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रवीण कुमार को ग्राम पंचायत अंबा, पंकज सिंह, अमरेंदर सिंह, कजरा सिंह को तेलहारा व कर्मा बसंतपुर, अमरेंद्र सिंह, सुजीत सिंह को भरौंधा, अभय पासवान को रिसियप और घेउरा, पंकज सिंह और अमरेंद्र सिंह को बैरांव पंचायत का प्रभारी बनाया गया है। उपरोक्त सभी पंचायत में 16 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महामंत्री अभय पासवान, युवा मोर्चा अध्यक्ष कजरा सिंह, पंकज सिंह, पंकज ठाकुर, जितेंद्र साव, बृजमोहन राम, श्रवण ठाकुर, बलराम गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# जगतपति स्मारक पर माल्यार्पण से होगी बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत

नवबिबहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा**। जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार से बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत की। यात्रा का शुभारंभ शहीद जगतपति कुमार स्मारक पर माल्यार्पण के उपरांत किया गया। जन सुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी अभिमन्यु शर्मा ने जानकारी दी कि इस यात्रा के दौरान कार्यकर्ता पंचायतों के हर क्षेत्र में जाकर गांव-गांव अभियान को आगे बढ़ाएंगे और प्रशांत किशोर के नेतृत्व में चल रहे जन सुराज आंदोलन की जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि विशेषकर बच्चों की शिक्षा में बदलाव और सामाजिक पुनर्निर्माण को लेकर पार्टी की योजनाओं को साझा किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता जातीय और वंशवादी राजनीति से ऊब चुकी है और एक ईमानदार तथा पारदर्शी नेतृत्व चाहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव, टोले-टोले पहुंचकर जनता को भ्रष्टाचार से मुक्त नई राजनीति का विकल्प प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह बदलाव यात्रा केवल सत्ता की राजनीति नहीं बल्कि सामाजिक जवाबदेही और सशक्त पहल की दिशा में उठाया गया कदम है। सात दिवसीय यह यात्रा 21 सितंबर को संपन्न होगी। अभिमन्यु शर्मा ने जनता से अपील की कि वे इस अभियान में भाग लेकर बदलाव की इस ऐतिहासिक पहल को सफल बनाएं।

# हसपुरा-अमझरशरीफ-देवकुंड पथ की बदहाल स्थिति पर ग्रामीणों का आक्रोश, बोले- 'सड़क नहीं तो वोट नहीं'

नवबिबहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के अमझरशरीफ–देवकुंड मार्ग की जर्जर स्थिति से परेशान ग्रामीणों का धैर्य आखिर टूट गया। पुरहारा, बिरहारा और अमझरशरीफ के ग्रामीणों ने रविवार को आक्रोश मार्च निकालकर अपने गुस्से का इज़हार किया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जनप्रतिनिधियों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन वादों के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। आक्रोश मार्च हसपुरा के बड़ी खेल मैदान से शुरू होकर मुख्य बाज़ार, थाना रोड होते हुए अमझरशरीफ तक पहुंचा और पुनः खेल मैदान पर समाप्त हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने जोरदार नारेबाज़ी करते हुए कहा– "सड़क नहीं तो वोट नहीं", साथ ही नेताओं के गांव में प्रवेश पर रोक लगाने की चेतावनी भी दी। ग्रामीणों ने बताया कि हसपुरा पुरानी थाना रोड से लेकर अमझरशरीफ देवकुंड पथ के त्रिसंकट चौक तक सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि बाइक हो या चारपहिया, आवागमन जोखिम भरा हो गया है। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क। यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमझरशरीफ स्थित दादा सैयदना साहब की मज़ार और देवकुंड स्थित बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही, इसी मार्ग से शहरतेलपा, करपी, किंजर, जहानाबाद और पटना की ओर प्रतिदिन छोटी-बड़ी गाड़ियां भी संचालित होती हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि हसपुरा बस स्टैंड से त्रिसंकट चौक तक सड़क लगभग पांच साल पहले जैसे-तैसे बनाई गई थी, लेकिन तब से अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई। जबकि नियमानुसार निर्माण एजेंसी को इसका रखरखाव करना था। ग्रामीणों ने कई बार सांसद, विधायक और पथ निर्माण विभाग से गुहार लगाई, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन और विभाग अब भी नहीं जागे, तो आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा नेताओं को भुगतना पड़ेगा। अब देखना यह है कि आक्रोश मार्च के बाद जिला प्रशासन की नींद खुलती है या नहीं।




# पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, बहन पर भाइयों संग मिलकर मारपीट का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। स्थानीय शहर के गड़ेरीया मोहल्ला वार्ड नंबर 16 में पारिवारिक विवाद के चलते घर के भीतर तनाव इस कदर बढ़ गया कि बड़े भाई के साथ मारपीट और गाली-गलौज तक की नौबत आ गई। आरोप है कि यह घटना घर की ही एक बहन और तीन छोटे भाइयों की मिली भगत से इस घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना में मारपीट के शिकार हुए पीड़ित का कहना है कि जिस आवासीय मकान में पूरा परिवार रहता है, उसी को शादी-ब्याह, जन्मदिन और अन्य निजी आयोजनों के लिए हॉल की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। बड़े भाई ने इस पर आपत्ति जताई, क्योंकि बार-बार होने वाले आयोजन से न सिर्फ शोर-शराबा बढ़ता था बल्कि पारिवारिक माहौल भी बिगड़ रहा था। इसी बात को लेकर विवाद गहराया और फिर बहन ने कथित तौर पर अपने भाइयों के साथ मिलकर बड़े भाई से हाथापाई कर दी। पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि विवाद की स्थिति तब और जटिल हो गई जब इस बीच घर की एक बहन, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, उसको भी बार-बार इस झगड़े में बीच में घसीटा जाने लगा। इससे घर का माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान न सिर्फ मारपीट की गई बल्कि कई बार घरेलू सामान और जेवर तक गायब होने की शिकायतें भी सामने आई हैं।



इस दौरान मामले के सूचक पक्ष का कहना है कि उन्होंने सुरक्षा और सबूत के लिए घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, लेकिन विवाद को छिपाने और किसी घटना के प्रमाण को मिटाने के लिए बार-बार कैमरे तोड़ दिए गए। इससे परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

घटना की जानकारी नगर थाने की पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाने के अधिकारियों का कहना है कि यह मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है और इसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ऐसे में बिना पूरी जांच और बयान दर्ज किए किसी निष्कर्ष पर पहुँचना उचित नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार, घायल बड़े भाई का इलाज कराया जा रहा है। उसके ठीक होने के बाद पुलिस उसका बयान दर्ज करेगी और फुटेज सहित अन्य प्रमाणों की जांच करेगी। साथ ही, परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने विवाद को शांत कराने के लिए दोनों पक्षों से बात करने की तैयारी शुरू कर दी है।

# शहर में चेन स्नैचरों का आतंक

# पूर्व सांसद आवास के पास वारदात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय में चेन स्नैचरों का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। बाइकर्स गैंग के अपराधी खुलेआम वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला रविवार की सुबह का है, जब पूर्व सांसद के आवास के समीप मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति के गले से बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। उसने बताया कि अहले सुबह टहलने के दौरान अचानक तेज रफ्तार बाइक से आए दो अपराधियों ने गले से चेन खींच ली। वह शोर मचाते हुए कुछ दूर तक उनके पीछे भागे, लेकिन बदमाश आंखों से ओझल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर फहीम आज़ाद खान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं और कई लोगों से पूछताछ भी की है। फुटेज के आधार पर जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। लगातार बढ़ रही चेन स्नैचिंग की घटनाओं से शहरवासियों में दहशत है। खासकर महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं और पुलिस से सख्त कदम उठाने की मांग कर रही हैं।

# लड़की के चाचा ने महाकाल गैंग को सुपारी देकर भतीजी और प्रेमी की करवाई हत्या, तीन गिरफ्तार

## ऑनर किलिंग में हत्या का मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑनर किलिंग हत्या मामले में रविवार को पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी ने इसका खुलासा किया है जहां पूर्व सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान में मृतक लड़की के परिवार वाले जिसमें लडकी के पिता एवं चाचा अपने सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण महाकाल गैंग को सुपारी देकर अन्य दोस्तों के साथ मिलकर लड़का एवं लड़की को पहले रामकृष्ण नगर स्थित भगत सिंह चौक के समीप मकान मालकिन राखी देवी के मकान में किराए के रूम से अपहरण कर हत्या करके शव को पोठही के पास चंदननगर गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया



था, ताकि हत्या की घटना को रेल दुर्घटना समझा जा सके। अनुसंधान क्रम में रामकृष्ण नगर स्थित किराए के मकान का पता कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तो पाया गया की कमरे एवं सीढ़ी पर कई जगहों पर खून के धब्बे पाए गए। इस संबंध में मकान मालकिन से पूछताछ के क्रम में पता चला कि घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद ना तो घटना की सूचना पुलिस को दी गई ना ही फर्श पर बिखरे खून के धब्बे को मिटाने का प्रयास किया गया। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस कांड की प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार एवं आप्राथमिक अभियुक्त दीनबंधु सिंह एवं मकान मालकिन राखी देवी को गिरफ्तार किया गया है। राहुल कुमार और दीनबंधु कुमार पर कई आपराधिक इतिहास रहे हैं। धनरूआ थाना में राहुल कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट, रंगदारी के पांच मामले हैं, दीनबंधु पर भी तीन मामले हैं। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार उम्र 23 वर्ष पिता गजेंद्र उर्फ गजी यादव लछुबिगहा, धनरूआ वही दीनबंधु कुमार उम्र 50 वर्ष पिता जानकी सिंह, देवकली और राखी देवी उम्र 35 वर्ष पिता धर्मराज कुमार भगत सिंह चौक रामकृष्ण नगर के निवासी हैं बहरहाल बीते 12.9.2025 को सुबह तकरीबन 7:00 पटना गया रेल खंड के पोठही रेलवे स्टेशन के पास चंदन नगर के पास एक अज्ञात युवक युवती का क्षत विक्षत शव केवड़ा पुलिस ने बरामद किया गया था।

## धनरूआ में करंट लगने से महिला की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ में जितिया व्रत की खुशियां मातम में बदल गई. दरअसल, करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। घटना धनरूआ प्रखंड के छाती पंचायत के छोटकी सिमहाडी गांव की है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह घर के बाहर बंधे जानवर को खोलने गई थी, इस दौरान बगल मे पोल के स्टैक यानि अर्थींग मे आई करंट की चपेट में आ गई जिससे महिला की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मंजू देवी उम्र 45 वर्ष पति बिनोद पासवान छोटकी सिम्हाडी है। मृतक रंजू देवी के तीन बेटे हैं जिनके लिए आज वह जितिया पर्व की थी जिसमें राहुल कुमार, शिशुपाल कुमार और निशु कुमार है। धनरूआ पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची जहाँ शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद पूरे गांव मे मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में गमगीन के साये मे जिउतिया पर्व के दिन सन्नाटा पसरा रहा।

## ग्वासा शेखपुरा पंचायत में कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** रविवार को ग्वासा शेखपुरा पंचायत के विभिन्न गांवों में बाढ़ विधानसभा-179 के उम्मीदवार कर्णवीर सिंह यादव उर्फ़ लल्लू मुखिया ने जनता से सीधे संवाद किया। कई जगहों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। जनसंपर्क अभियान में जनता का विशाल हुजूम उमड़ा, जिसमें महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल थे। स्थानीय लोगों ने अपनी सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा और रोजगार जैसी समस्याएं साझा किया। लल्लू मुखिया ने हर शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान का वादा किया। पूरे क्षेत्र में गूंजे नारों के बीच लल्लू मुखिया जिंदाबाद, विकास हमारा अधिकार। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दे के साथ वे चुनाव लड़ेंगे और यदि जनता उन्हें सेवा करने का



मौका देती है तो वे इसमें खरा उतरेंगे। इस अभियान ने स्पष्ट कर दिया कि जनता का विश्वास और समर्थन लल्लू मुखिया के साथ दृढ़ और मजबूत है। ज्ञात हो कि पिछले चुनाव में बहुत कम मतों से जीत दर्ज करने में चूक गए थे। जनसंपर्क के दौरान लल्लू मुखिया ने कहा कि यदि बाढ़ कि जनता हमें आशीर्वाद देती है तो बाढ़ विधानसभा को मॉडर्न विधानसभा बनाऊंगा।

## वज्रपात से एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी के दहीभता में रविवार को देर शाम को तेज बारिश के साथ ठनका गिरने से वार्ड नंबर 1 के निवासी गंधौर चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र मनोहर चौधरी का निधन हो गया। लोगों ने बताया कि बारिश होने लगा तो वह ताड़ के पेड़ नीचे छुप कर खड़ा था उसी समय ठनका की जद में आने से उसकी मृत्यु हो गई, जैसे ही लोगों को इसकी सूचना प्राप्त हुई स्थानीय लोगों की मदद से मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया, वह पेशे से किसान था। वह अपने पीछे पत्नी दो बेटा और दो बेटी छोड़ गया है। उसकी मृत्यु की खबर से गांव में गम की लहर फैल गई है

## हादसा : तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के बंडोह मोड़ के पास रविवार दोपहर बाद हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि दोनों के शव टैंकर के पहियों तले बुरी तरह कुचल गए और पहचान मुश्किल हो रही थी। मृतकों की पहचान होने के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया और रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल और गौरीचक थाना पहुंचे। राजद के फतुहा विधायक पूर्व मंत्री डॉ रामानंद यादव ने घटना को लेकर गहरा दुख जताया है। मृतकों की पहचान ट्रैफिक थाना में तैनात बाली गांव निवासी सिपाही सतीश



कुमार का 17 वर्षीय पुत्र वैभव राज और जहानाबाद निवासी 18 वर्षीय सूरज कुमार पिता धनंजय शर्मा के रूप में हुई है। सूरज अपने मौसा बाली गांव निवासी रामप्रवेश सिंह के घर रहकर पढ़ाई करता था. पढ़ाई के लिए ही उसे जहानाबाद से यहां भेजा गया था। दोनों लड़के का परिवार आपस में रिश्तेदार भी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बारिश के मौसम में मसौढ़ी से पटना की ओर तेज रफ्तार से जा रहे टैंकर ने उसी दिशा में जा रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सीधे टैंकर के नीचे आ गए. टैंकर ने धक्का मारने के बाद मौके से भाग लिया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने वायरलेस के जरिए संदेश भेजा। गोपालपुर थाना पुलिस ने संपतचक क्षेत्र में टैंकर को पकड़ लिया और चालक को हिरासत में लिया। हादसे के बाद दोनों शव और क्षतिग्रस्त स्कूटी हाईवे पर पड़ी रही, जिससे पटना-गया रोड पर लंबा जाम लग गया। कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी और यात्री घंटों परेशान रहे. घटना स्थल पर मौजूद सैकड़ों लोगों ने पुलिस और प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोश जताया और काफी देर तक शवों को हटाने नहीं दिया। स्थानीय लोगों का कहना था कि स्टेट हाईवे पर बेलगाम रफ्तार से भारी वाहन गुजरते हैं और बारिश के कारण सड़क और भी खतरनाक हो जाती है। घटना की सूचना मिलते ही गौरीचक थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्कूटी को किनारे किया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तब जाकर जाम हट सका। स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि पटना-गया रोड पर आए दिन बड़े हादसे हो रहे हैं. सड़क के किनारे बने बड़े गोदाम और वेयरहाउस के कारण भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं. इससे रास्ता संकरा हो जाता है और तेज रफ्तार गाड़ियां दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

## एक नजर

### एचएम से स्पष्टीकरण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां के प्रधानाध्यापक पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी किया है। दरअसल मध्यान भोजन के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को बच्चों को उबला हुआ अंडा देने का सरकारी निर्देश जारी किया गया लेकिन बच्चों को मध्यान भोजन के दौरान उबला अंडा देने के बजाय स्कूल की छुट्टी होने के बाद कच्चा अंडा थमा दिया जाता है जैसे कोई प्रसाद बांटा जा रहा हो। ऐसे में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां के प्रधानाध्यापक पर स्पष्टीकरण करते हुए 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। कहा कि कच्चा अंडा देना सरकारी नियमों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों (एचएम) को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मध्यान भोजन में बच्चों को उबला हुआ अंडा ही देना है। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जावा महुआ के साथ तीन गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को एक और जहां पुनपुन थाने की पुलिस ने जोगापुरा, मनोरा और अलाउद्दीनक समेत कई मुसहरी में छापेमारी कर 500 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया है। वहीं कई भठ्ठियों को भी धवस्त किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ऑपरेशन देसी शराब अभियान के तहत लगातार भठीयां ध्वस्त की जा रही है। वही लहसुना थाना क्षेत्र में रविवार के दिन शराब कांड में फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें उस्मानचक मुसहरी से फरार शराब कांड में पप्पू मांझी पिता लाल बाबू को गिरफ्तार किया गया है। वहीं सुकठीया गांव से रामप्रवेश यादव पे. सुशील यादव को एवं सनोज मांझी बालेश्वर मांझी उसमानचक मुसहरि से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि शराब छापेमारी के दौरान यह तीनों अपने-अपने घर से फरार हो गए थे, लेकिन इन सबों को चिन्हित कर छापेमारी की जा रही थी जिन्हें घर से ही गिरफ्तार किया गया है।

### याद किए गए दिवंगत साहित्यकार प्रो. सुमन

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संभावना चैरिटेबल ट्रस्ट, बाढ़ के तत्वावधान में ढेलवा गोसाईं में दिवंगत साहित्यकार प्रोफ़ेसर साधु शरण सिंह सुमन की जयंती आयोजित कर उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान ़संभावना सुरभिङ्क का स्मृति विशेषांक का भव्य विमोचन हुआ। संपादक अमित कुमार ने विशेषांक की रूपरेखा प्रस्तुत की। सचिव डॉ. अंजेश कुमार ने प्रो. लक्ष्मी नारायण सिंह, डॉ. कौमार्या मनोज, डॉ. मुचकुन्द शर्मा, रामदेव शर्मा 'प्रभंजन' और डॉ. रामाश्रय झा को विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संचालन हर्षवर्द्धन सिंह 'सुमन' ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कुमारी पल्लवी सुमन ने किया। अन्य वक्ताओं में डॉ. सियाराम सिंह, राजश्री आदि मौजूद रहे।

### दो गुटों में झड़प, एक जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ में लहरिया पोखर और बेढ़ना गांव के छात्रों के बीच हुई झड़प में एक छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई है। घटना के करणों का पता नहीं चल सका है।

### जलजमाव की समस्या से नहीं मिली निजात

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल अस्पताल परिसर में 20 दिन बाद भी जल जमाव की समस्या का समाधान करने में नगर परिषद नाकाम साबित हुआ है। इसके कारण अस्पताल परिसर में बदबू और मच्छरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मरीज परेशान है। अस्पताल प्रशासन द्वारा नगर परिषद को इस संबंध में सूचना दी गई थी। लेकिन उसके बावजूद नगर परिषद द्वारा जल निकासी को लेकर ठोस कदम नहीं उठाया।

### प्रेम प्रसंग में दो गांवों में तनाव

**बाढ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रेमी युगल का विवाद बेलछी थाने पहुंच गया। इसको लेकर दो गांवों के बीच तनाव बना हुआ है। इसको लेकर काफी संख्या में लोग शनिवार की शाम को बेलछी थाना पहुंचे। बताया जाता है कि बाढ़ और बेलछी के प्रेमी युगल हैं जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेमी शादी करने को राजी नहीं है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे फाटक के आगे आउटर सिंगल के पास अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई ।घटना की जानकारी मिलने पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### पिस्टल एवं कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दिनाबीघा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को पिस्टल एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दीना विगहा ग्राम निवासी जयकुमार उर्फ खरंजन सिंह अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए है। उक्त सूचना के आलोक में नगर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर त्वरीत कार्रवाई करते हुए जयकुमार उर्फ खरंजन सिंह के घर पर छापामारी किया गई। छापामारी के क्रम में एक देशी पिस्टल एवं एक जिन्दा कारतूस के साथ जयकुमार उर्फ खरंजन सिंह को गिरफ्तार किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय पिंडदान स्थल पर पंडाल से गिर रहा पानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पिंडदान स्थल पर व्यवस्था ने पोल खोल दी हैं। जरा सी बारिश ने पिंडदानियों को की मुश्किलें बढ़ा दी है। दरअसल रविवार को दिन भर बारिश होती रही बारिश होते ही पंडाल में पानी भर गया और कई जगहों पर पानी गिरने लगा। जिसे न केवल फर्श पर बल्कि कई जगहों पर जल जमाव की स्थिति बन गई, पंडाल के अंदर पिंडदानी छाता लेकर पिंड का तर्पण करते हुए दिखे। बहरहाल बिते 6 सितंबर को जब अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला का उद्घाटन हुआ था उस वक्त जिला प्रशासन ने कई बड़े-बड़े दावे किए थे के पिंडदानियों को किसी भी तरह का कोई भी असुविधा नहीं होगी, लेकिन रविवार को हुई बारिश ने उसे व्यवस्था को पोल खोल कर रख दी हैं। जहां पर कई जगहों पर पंडाल के नीचे पानी गिरना शुरू हो गया है वैसे तो वाटरप्रूफ पंडाल बनाने की बात कही गई थी लेकिन वाटरप्रूफ पंडाल कहां गया? ऐसे में किसी तरह से पिंडदानी अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति को लेकर पिंड का तर्पण करते हुए दिखे। वहीं पुनपुन पांडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने इसका विरोध जताते हुए कहा है यह जिला प्रशासन की लापरवाही हैं। समय-समय पर मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से व्यवस्थाएं बदहाल दिख रही हैं। देश-विदेश से आने वाले पिंडदानीयों के समक्ष यह कैसी तस्वीर दिखाएंगे, जो उद्घाटन के बाद बड़े-बड़े वादे किए थे और आज थोड़ी सी बारिश ने पूरा पंडाल को पानी पानी कर दिया है।

## दो बड़े पुल निर्माण का शिलान्यास

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा क्षेत्र में विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने रविवार को दो पुल निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। पहला शिलान्यास भेड़हड़िया सियारामपुर पंचायत के भेड़हड़िया इंग्लिस गांव में ब्रह्मस्थान के सामने नहर पर किया गया। लगभग 23 मीटर लंबे इस पुलिया के निर्माण पर 276.95 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके बनने से ग्रामीणों को बरसों से लंबित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। दूसरा शिलान्यास अंकुरी गांव के रविदास टोला के सामने सोन नहर पर आरसीसी पुल निर्माण के लिए किया गया। यह पुल 44.76 मीटर लंबा होगा और 394.75 लाख रुपए की लागत से तैयार होगा। इसके बनने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

## एमएलसी ने किया खेल क्लब भवन का शिलान्यास

### गांव की छिपी हुई प्रतिभा को राष्ट्रीय फलक तक पहुंचाने में मिलेगी मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मसौढ़ी प्रखंड की चयनित पंचायतों में शाहाबाद पंचायत के तुलसीचक गांव में रविवार को लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का नारियल फोडकर एमएलसी रविंद्र सिंह ने शिलान्यास किया। मौके पर जदयू प्रखंड ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ कराया। विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने कहा की नौ लाख रुपये की प्राकल्लन राशि से यह खेल भवन बनाये जा रहे हैं जो डेढ़ महीने के अंतराल में बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सुविधा मुहैया करा रही है। उन्होंने



कहा कि इससे गांव की प्रतिभा जो अब तक छिपी हुई थी उसे राष्ट्रीय फलक तक पहुंचने में मदद मिल पायेगी। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के अंदर खेल के प्रति बढ़ावा देने का अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रही है. मौके पर जदयू संतोष चौधरी विधानसभा प्रभारी, मुन्ना चौधरी सिंडिकेट मेम्बर, अश्विनी कुमार गोल्डी नगर अध्यक्ष जदयू, राहुल पटेल जिला प्रवक्ता एवं नीरज कुमार पंचायत अध्यक्ष जदयू शाहाबाद सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## किसान महापंचायत की तैयारी को लेकर सीपीएम की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में रविवार को सीपीएम पार्टी की लोकल कमिटी की बैठक हुई। बैठक में सचिव सीपी मंडल ने पिछले कार्यो एवं आगामी आंदोलन पर अपनी रिपोर्ट रखते हुए कहा कि मसौढ़ी के किसान 15 सितम्बर को तथा 25 सितम्बर को पटना में छात्र कन्वेंशन में शामिल होंगे। छात्र कन्वेंशन को जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा एसएफआई के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव छात्र नेत्री आईसी घोष सम्बोधित करेगी। बैठक में प्रभारी के तौर पर राज्य सचिव मंडल सदस्य मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि वोटर पुनरीक्षण के कारण अधिकतर गरीबों का कागजात के बिना मतदाता सूची से नाम कट गया है, छूटे हुए तमाम लोगो का सूची में नाम दर्ज होना चाहिए। सरकार सरकारी योजनाओ का घोषणा तो कर रही है लेकिन लाभ आम गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। नीतीश भाजपा सरकार जन विरोधी सरकार है यह सरकार का सत्ता से बाहर होना तय है। आम लोगो से अपील किया गया है कि सरकार के खिलाफ जन आंदोलन तय करे। बैठक में उमेश चंद राय, सुरेंद्र कुमार, सोने लाल प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, अवधेश कुमार, रामनारायण प्रसाद, मधेश शर्मा, कृष्णा प्रसाद, चन्द्र देव प्रसाद वर्मा, रामदयाल प्रसाद आदि ने भाग लिये।

## निर्जला रह कर अपने बच्चों की सलामती के लिए रखा जितिया पर्व

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिउतिया पर्व को लेकर गांव से लेकर शहर तक महिलाओं में भारी उत्साह रहा। रविवार की शाम को मसौढ़ी के विभिन्न हिस्सों मे सामुहिक रूप से गांवों में व्रतियों ने नेग-नियम के साथ निर्जला उपवास रख कर के बाद पारंपरिक गीतो के साथ पूजा-अर्चना की और पुत्र के दीर्घायु होने की कामना की।महिलाओं ने जितिया व्रत कथा का पाठ भी किया। मसौढ़ी के ठाकुरवाड़ी मंदिर, मणिचक मंदिर, रामनाथेश्वर मंडप,काली स्थान तारेगना गोला,विश्वनाथ मंदिर लखिबाग समेत कई जगहों पर सामुहिक तौर पर पुजा अर्चना की गई। माताओं द्वारा अपने बच्चों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए रखा जाने वाले इस पर्व के पीछे कई पौराणिक कथाएं हैं।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से शहरी महिलाओं को भी मिलेगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अब शहरी क्षेत्र की महिलाओं के लिए भी लाभकारी साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत शहरों में रहने वाली महिलाएं जीविका समूह से जुड़कर अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकती हैं।




**शहरी क्षेत्र में आवेदन की प्रक्रिया**

शहरी क्षेत्र में जीविका समूह से जुड़ी हुई महिलाएं अपना आवेदन एरिया लेवल फ़ेडरेशन अथवा सीआरपी के माध्यम से जमा कर सकती हैं। समूह स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर एएलएफ की बैठक में अनुमोदन किया जाएगा। जो महिलाएं जीविका समूह से अभी तक नहीं जुड़ी हैं, वे भी योजना का लाभ उठा सकती हैं। इसके लिए उन्हें जीविका की आधिकारिक वेबसाइट www.brlps.in पर जाकर आवेदन करना होगा। पोर्टल पर शहरी क्षेत्र के नये सदस्य जोड़ने का विकल्प उपलब्ध है। आवेदन की प्रक्रिया साइबर कैफ़े अथवा किसी भी इंटरनेट सुविधा केंद्र से भी सुगमता से की जा सकती है।

**ग्रामीण क्षेत्र में लाभार्थियों का चयन**

ग्रामीण क्षेत्र में भी यह योजना महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में कारगर सिद्ध हो रही है। जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ नये इच्छुक सदस्यों को भी समूह में जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं– आवेदिका का पति आयकर दाता न हो। आवेदिका का पति किसी भी सरकारी या संविदा सेवा में कार्यरत न हो। आवेदिका की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। इन मानदंडों के पूरा होने पर महिलाएं ग्राम संगठन के माध्यम से जीविका समूह से जुड़कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

**एकल महिलाएं भी होंगी लाभान्वित**

राज्य सरकार ने विशेष प्रावधान किया है कि एकल महिलाएं (विधवा, परित्यक्ता या अविवाहित) भी इस योजना का लाभ ले सकती हैं। उनके लिए जीविका समूह अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने रविवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में आवेदिकाओं को दलाल या बिचौलियों के चक्कर में नहीं पड़ना है। इस संबंध में प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए प्रखंड और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। महिलाएं यदि किसी समस्या का सामना करती हैं तो अपने प्रखंड के जीविका कार्यालय, संकुल स्तरीय संघ, नगर परिषद, नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

**महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम**

यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, पारिवारिक आय बढ़ाने तथा समाज में उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्रामीण और शहरी–दोनों ही क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने से परिवारों की आजीविका सुनिश्चित होगी और सशक्त महिला, सशक्त परिवार का लक्ष्य साकार होगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य : डॉ निर्मल कुशवाहा

## नहीं थमेगी विकास की रफ्तार नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से बनेगी एनडीए सरकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने सासाराम विधानसभा क्षेत्र के दरिगांव जमहत, मलाव, सासाराम सहित कई गांव का दौरा करने के उपरांत बताया कि नहीं थमेगी विकास की रफ्तार फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार।



सुशासन की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जदयू के नेताओं ने घर-घर जाकर 2025 फिर से नीतीश का पोस्टर , घर-घर साट रहे हैं। तथा विकास की जानकारी दें रहे हैं। डा. निर्मल कुशवाहा ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 की जगह प्रतिमाह 1100 सात निश्चय ए दो के तहत घोषित 20 लाख नौकरी और रोजगार की जगह 50 लाख नौकरी और रोजगार देने के बाद अब अगले 5 साल में युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने जा रही है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की गंगा बही है जिसको बिहार की जनता देख रही है। उन्होंने विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा 2005 में सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है और राज्य में लगातार विकास के काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार ने शुरू से ही हर तबके के लोगों का विकास किया है, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो, महादलित हो, सभी के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि 2005 में नई सरकार बनी तो सर्वप्रथम कानून व्यवस्था को ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल थी सरकारी अस्पतालों में न डॉक्टर नजर आते थे न मुफ्त दवा होती थी और रोजगार जांच के लिए एक्स-रे पैथोलॉजी आदि की सुविधा नहीं के बराबर थी। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण शुरू किया गया तथा जांच और इलाज की पूरी व्यवस्था की गई पहले केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 12 हो गई तथा 14 और नए मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं इसके अतिरिक्त 9 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी गई है। यानी राज्य में कुल 35 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे जिनमें आठ में केंद्र का सहयोग मिला है बचे जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की विकास कार्यों की जानकारी हर प्रखंड हर गांव के लोगों को देना जरूरी है और हम लोग इसी उद्देश्य के साथ सभी जगह जाकर विकास कार्यों की चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है। इस मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता महाराणा प्रताप उर्फ गुड्डू पटेल, अरविंद तिवारी, राजेश सोनकर सहित कई अन्य मौजूद थे।

# हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** हिन्दी दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय सासाराम स्थित मल्टीपर्पस हॉल में विचार गोष्ठी सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास मदन राय द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता एसपी जैन कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य तथा विश्व भोजपुरी सम्मेलन के उपाध्यक्ष डॉ गुरुचरण सिंह ने की जबकि संचालन विख्यात शायर मतीन सासारामी ने की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी भाषा के मौलिक पहचान के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि हिन्दी भाषा आमजनों से जुड़ने हेतु एक अत्यंत सरल, महत्वपूर्ण भाषा है। कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तभी से यह दिन हर वर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी न केवल एक भाषा है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और एकता की पहचान भी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित रौशन ने कहा कि हिन्दी भाषा सिर्फ एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच, हमारी अस्मिता एवं हमारी सांस्कृतिक विरासत भी है। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षाविदों द्वारा हिन्दी भाषा के उत्थान के संबंध में व्यक्तव्य, कविता आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में आये रोहतास महिला कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि हिन्दी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना तथा लोगों को इसके महत्त्व के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में आये सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निक्खू राम ने भी अपनी गंभीर कविता सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। उत्तर प्रदेश के विख्यात शायर अहमद आजमी, पूनम श्रीवास्तव तथा फजीहत गहमरी के साथ जिले के कवियों में सरोज कुमार पंकज, अख्तर इमाम अंजुम, तनवीर अख्तर, ललन सिंह ललित, डॉक्टर विनोद मिश्र, वीरेंद्र तिवारी सहित अन्य कवि-शायरों ने अपनी शायरी से श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया।

# ट्रेनिंग की आड़ में धर्मांतरण का खेल, बाल कल्याण समिति ने डीएम से की जांच की अनुशंसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र के जेम्स इंग्लिश स्कूल परिसर स्थित सिलाई ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में गरीब बच्चियों के नाम पर चल रहे कथित धर्मांतरण खेल का मामला गहराता जा रहा है। जिला बाल कल्याण समिति ने इस प्रकरण में गंभीर अनियमितताओं का हवाला देते हुए रोहतास डीएम से पूरे आवासीय परिसर की उच्च स्तरीय जांच कराने और विधि सम्मत कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार, सदस्य गायत्री कुमारी और ददन पांडेय ने जांच प्रतिवेदन में कहा है कि हाल ही में मिशनरी परिसर में किशोरी के साथ दुष्कर्म और तीन छात्राओं के लापता होने की घटनाओं ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 30 अगस्त को दर्ज एफआईआर और 8 सितंबर को की गई जांच में खुलासा हुआ कि संस्थान में बिना नामांकन रजिस्टर, उपस्थिति पंजी और मान्यता के बच्चियों को रखा जा रहा है। प्रभारी सुभद्रा के पास कोई ठोस दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। जांच के दौरान एक किशोरी को रोते-चिल्लाते हुए रेस्क्यू किया गया जिसने बाद में परामर्श में चार लोगों द्वारा बलात्कार की बात कही। उसे गंभीर अवस्था में बालिका गृह कैमूर भेजा गया। इसके अतिरिक्त 9 सितंबर को जिला चाइल्ड हेल्पलाइन और पुलिस की टीम ने यहां से सात और नाबालिग बच्चियों को मुक्त कराया। जांच रिपोर्ट में धर्मांतरण के ठोस संकेत मिले हैं। सिलाई प्रशिक्षण में नामांकन के लिए जारी फॉर्म में पूछा गया है कि क्या आवेदिका ने प्रभु यीशु मसीह को व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया है, क्या उसने बपतिस्मा लिया है और किस कलीसिया से जुड़ी है। कई बच्चियों के आवेदन पत्रों में 'गवाही' संलग्न है जिसमें वे लिखती हैं कि ईसा मसीह को अपनाने से उनका परिवार भूत-प्रेत और गरीबी से मुक्त हुआ। समिति ने रिपोर्ट में कहा है कि 2003 से संचालित यह संस्थान गरीब परिवारों की आड़ में नाबालिग बच्चियों से श्रम कराता है और धार्मिक प्रभाव डालने का प्रयास करता है। संचालक आगस्टिन जेबा कुमार और उनके पुत्र गोफोर्थ जेबा कुमार जांच के दौरान उपस्थित नहीं मिले। जिला प्रशासन अब इस पूरे मामले की गहन जांच कराएगा।

# आरपीएफ ने बिछड़े नाबालिग को परिजनों के किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि उपनिरीक्षक डी.एस. राणावत रेलवे सुरक्षा बल सासाराम के द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचना दिया गया कि गाड़ी संख्या-12802 डॉउन के कोच संख्या- एस-1 में दो छोटे बच्चे नाम आर्यन उम्र 04 वर्ष तथा आर्यांस उम्र 01 वर्ष है छूट गए हैं। उनके साथ उसके मामा करण कुमार उम्र लगभग 19 वर्ष साथ में है। बच्चों की मां सासाराम में उतर गई है तथा बच्चे उपरोक्त कोच में छूट गए हैं। सूचना पर गाड़ी के हडहरी ऑन सोन स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर आने पर सहायक उप निरीक्षक जे पी चतुर्वेदी साथ स्टाफ द्वारा अटेंड किया गया तथा छूटे हुए बच्चों को उतार कर रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन सोन लाकर पोस्ट पर सुरक्षित रखा गया और उनकी माता को उनके बच्चों को उतार लिए जाने की सूचना दिया गया। बच्चों की माता आरती उम्र 21 वर्ष पत्नी राजेश रविदास, ग्राम-मिल्कीपुर महुवारी, पोस्ट-मोरगांव, थाना-इस्लामपुर, जिला-नालंदा के आने के पश्चात तथा दोनों बच्चों द्वारा अपनी मां को पहचान करने तथा बच्चों के माता के द्वारा अपने बच्चों की पहचान करने के पश्चात तथा उचित पहचान एवं सत्यापन करने के उपरांत बच्चों को उसके माता आरती कुमारी को वीडियोग्राफी एवं फोटो लेते हुए सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# सरकार की उपलब्धियों को हर घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता : सत्यनारायण यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा अंतर्गत कैनाल रोड स्थित सिटी सेंटर हॉस्पिटल में भाजपा डिहरी विधानसभा की कार्यशाला बैठक जिला उपाध्यक्ष सह डिहरी विधानसभा प्रभारी महेंद्र पासवान की अध्यक्षता में हुईं। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर वंदे मातरम से शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सत्यनारायण यादव ने कहा कि भारत एवं बिहार सरकार की उपलब्धियां को हर घर पहुंच करके हमारे कार्यकर्ता जमीनी हकीकत को बात करके एनडीए की जीत को सुनिश्चित करेंगे। जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा ने कहा कि हर कार्यकर्ता घर-घर तक संपर्क अभियान करके एनडीए का प्रचंड जीत दिलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार की विशिष्ट उपलब्धियों को हमारे कार्यकर्ता घर-घर जा करके बताएंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भोला, डिहरी विधानसभा के जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, कार्यक्रम संयोजक विवेक सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बबल कश्यप, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, प्रो डॉ. कन्हैया सिंह, संजय गुप्ता, रोहित राज सिंह डिहरी विधानसभा संयोजक डॉ नवीन नटराज, वीरेंद्र शर्मा, उदय कुशवाहा, महामंत्री रवि शंकर राय, कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने किया।

# 150 लीटर महुआ शराब बरामद, माफिया में मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तिलौथू (सासाराम)।** शराबबंदी के बावजूद तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने एक लगातार बड़ी सफलता दर्ज करते रहा है। इसी बीच शनिवार की सुबह तिलौथू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय बाजार स्थित गैस एजेंसी के पास से एक लक्जरी बलेनो कार से डेढ़ सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया। इस संबंध में एएसआई दिवाकर कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि कार से शराब कारोबारी महुआ शराब लेकर खेप लगाने जा रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गैस एजेंसी के पास से एक कार को धर दबोच लिया गया जबकि पुलिस को देख शराब माफिया मौके से फरार होने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि शराब माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में शराब धंधेबाजों के बीच खौफ का माहौल है। स्थानीय लोग पुलिस की इस सख्ती से राहत की सांस ले रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि इस तरह की निरंतर कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगेगी। पुलिस की नाकाबंदी और दबिश से अब तिलौथू में महुआ शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रविवार को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर के दिशा निर्देश पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने किड्स कॉर्नर स्कूल, यूरोपियन कॉलोनी, डी.डी.यू. में ऑन-द-स्पॉट ऑल इण्डिया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः 6 से 15 वर्ष के कुल 63 रेलवे कर्मचारियों के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन की सचिव शालिनी भूषण ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए समझाया कि उन्हें अपने अंदर की काबिलियत को समझने और उसे सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए अपने लक्ष्य का निर्धारण सही समय पर करना चाहिए। इस तरह के प्रतियोगिता में उन्हें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए एवं उनके अभिभावकों से आग्रह किया कि उन्हें अपने बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि हमारे बच्चों की प्रतिभा हमारे हर मुमकिन प्रयास से साकार हो। इस तरह की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को सशक्त बनाने के क्रम में हमारे संगठन द्वारा उठाया गया एक छोटा सा कदम है। इस संगठन द्वारा भाग ले रहे बच्चों को जलपान एवं शिक्षा संबंधित कुछ सामग्री का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव शालिनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, स्कूल सचिव श्रीमती दीपिका, संयुक्त सचिव सोमा चटर्जी आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह कुशवाहा के अध्यक्षता एवं कुशवाहा सभा भवन के ट्रस्टी सत्यनारायण स्वामी एवं उपाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह अधिवक्ता के संचालन में कुशवाहा सभा भवन सासाराम में मनाया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने बताया कि हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। चूंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी, इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी हमारे देश की एकता अखंडता एवं समरसता का प्रतीक है। राजभाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता एवं राजकाज में इसके आधिकाधिक प्रयोग से प्रशासन अत्यधिक लोकोन्मुख होगा। हिंदी दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम हिंदी के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

# जितिया पर दुर्गावती जलाशय में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित दुर्गावती जलाशय परियोजना पर रविवार को जिउतिया पर्व को लेकर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। पुत्र की दीर्घायु और लंबी उम्र की कामना को लेकर माताओं सहित लगभग चालीस हजार श्रद्धालु यहां पहुंचे। पूरे परियोजना क्षेत्र में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। रोहतास व कैमूर के विभिन्न गांवों से महिलाएं अपने परिजनों व नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ वाहन पर सवार होकर धार्मिक गीत गाते हुए यहां पहुंचीं। दोपहर 1 बजे से भीड़ बढ़नी शुरू हुई और शाम 4 बजे तक जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिलाएं जलाशय में स्नान कर अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना करते हुए पूजा-अर्चना में लीन रहीं। इस दौरान चेनारी व करमचट थाने की पुलिस टीम पूरे क्षेत्र में मुस्तैद रही। वाहनों को परियोजना के निचले हिस्से में रोकने के साथ ही पुलिसकर्मी दोनों ओर से व्यवस्था बनाने में जी-तोड़ मेहनत करते नजर आए। वहीं, महिलाओं द्वारा जगह-जगह भक्ति गीत गाए जाने से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अमन इलेवन ने मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** प्रखंड स्थित चेनारी हाई स्कूल के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया इसका आयोजन इलियास अख्तर द्वारा किया गया। फाइनल मुकाबले में अमन इलेवन और राज इलेवन के बीच मैच खेला गया जिसमें टॉस राज इलेवन ने जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बैटिंग करने उतरी अमन इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 105 रन बनाया जिसमें आशीष कुमार को 20 बॉल पर 44 रन की शानदार पारी खेली सामने वाली टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिसमें अंशु की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत 12 ओवर में 104 रन ही बना पाई जिसको अमन इलेवन ने एक रन से मैच जीत लिए जो कि अमन इलेवन की टीम ने एक रन से शानदार जीत दर्ज किए जिसमें मैन ऑफ द मैच का खिताब आशीष कुमार को दिया गया। बेस्ट बॉलर का खिताब अंशु को दिया गया और बेस्ट फील्डर का किताब लव कुश को दिया गया। इस दौरान सैकड़ों दर्शक मौजूद थे। क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि अरुण कुमार, शशि रंजन, पिंटू मिश्रा थे। अरुण कुमार ने कहा कि जिस तरह से शिवसागर प्रखंड के बड्डी गांव के रहने वाले आकाशदीप क्रिकेट की दुनिया में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं हम लोग उम्मीद करते हैं कि इस जिले से और भी बच्चे भारतीय टीम के अलावा अन्य सभी खेलों में शामिल अपनी उपलब्धि दर्ज कराए।

# थाईलैंड से दर्शन करने पहुंचे पर्यटक मां तुतला भवानी धाम

चितरंजन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिला के गौरवशाली मां तुतला भवानी ईको-पर्यटन स्थल अब अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण शनिवार को देखने को मिला जब थाईलैंड से मां तुतला भवानी धाम का दर्शन करने आए पर्यटक यहां के प्राकृतिक वादियों की भव्यता और हरियाली देखकर इतने प्रभावित हुए और बोले कि हमने दुनिया के कई देशों में नेचर टूरिज्म देखा है, लेकिन यहां जैसी शांति और पवित्रता कहीं नहीं मिली। यह जगह वाकई धरती का स्वर्ग है। पर्यटकों ने मां तुतला भवानी के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और परिसर की हरियाली, झरनों व प्राकृतिक गुफाओं का आनंद उठाया। वे यहां की संस्कृति, ग्रामीण आतिथ्य और आध्यात्मिक वातावरण से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि दीपक चौधरी को अपने देश की करेंसी भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों में भी काफी खुशी देखने को मिली। उनका कहना है कि विदेशी पर्यटकों का आगमन यहां की पहचान को नई ऊंचाई देगा और भविष्य में यह स्थल अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर चमकेगा। मां तुतला भवानी धाम का प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था अब न सिर्फ बिहार और भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने लगा है।

# आरपीएफ ने खोया मोबाइल यात्री के किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि ड्यूटी में तैनात रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन सोन के आरक्षी रूपेश कुमार भारती को प्लेटफार्म संख्या 03 पर जीआरपी थाना के सामने एक अदद ग्रे रंग का रेडमी एंड्राइड मोबाइल फोन गिरा हुआ मिला जिसे बरामद करने के कुछ समय उपरांत मोबाइल पर एक फोन आया जिसके द्वारा बताया गया कि उक्त मोबाइल कविता बचवानी जगतपुरा 7 नंबर चौराहा जयपुर का है और बताई कि मोबाइल लेने के लिए मैं अपने रिश्तेदार को भेजती हूं। उक्त आरक्षी द्वारा बरामद मोबाइल को पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखा गया। सूचना प्राप्ति के कुछ समय उपरांत रूपचंद बुलानी, फतू मल बुलानी, पटेल सर्किल मेहंदी बाग टोंक राजस्थान पोस्ट पर उपस्थित हुए तथा उक्त मोबाइल के बारे में बताए कि वह मोबाइल उनकी साली कविता बचवानी का है ।

# नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार ने सरस्वती पब्लिक स्कूल मेरठ को मात देकर जीत दर्ज की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** नारायण वर्ल्ड स्कूल के आतिथ्य में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार खेल परिसर में कल से प्रारंभ हुई राष्ट्रीय सी बी एस ई कबड्डी खेल प्रतियोगिता अब धीरे-धीरे अपने रंग में आने लगा है। कल शाम और आज दोपहर में खेले गए विभिन्न प्रतिस्पर्धा के परिणाम आने के बाद अब क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल की स्थिति दिखने लगी है। सीबीएसई के खेल पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षकों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अंडर-19 वर्ग में खेले गए पहले मैच में नारायण वर्ल्ड स्कूल, जमुहार ने सरस्वती पब्लिक स्कूल मेरठ को 11 अंकों से मात देकर जीत दर्ज की है जबकि एन जी डी पब्लिक स्कूल सोलन एवं पी पी सावनी चैतन्य विद्या संकुल के बीच हुए मैच में एन जी डी पब्लिक स्कूल हिमाचल प्रदेश ने 21 के मुकाबले 47 अंक से जीत दर्ज किया। तीसरे मैच में वेलामल विद्यालय मोगापैर, तमिलनाडु की टीम ने कलिंगा इंस्टिट्यूट स्कूल खुरदा, उड़ीसा को 27 10 से हराया। अन्य मैच में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल बबुरी चंदौली और डी पी एस बैंगलोर ईस्ट के बीच में मुकाबले में उत्तर प्रदेश चंदौली की टीम विजय रही। एक दूसरे मैच में जोसेफ एंड मैरी पब्लिक स्कूल उत्तर प्रदेश एवं श्री प्रकाश विद्या निकेतन आंध्र प्रदेश के बीच हुए मैच में आंध्र प्रदेश की टीम 40-27 से विजय रही जबकि प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरदोई एवं प्रताप सिंह विद्यालय हरियाणा के बीच हुए मुकाबले में हरियाणा की टीम 41-15 से जीत हासिल किया। अंडर 17 वर्ग में खेले गए मैच में एस बीआईओए पब्लिक स्कूल कोचीन, केरल एवं सतनाम विद्या मंदिर कामराज सूरत गुजरात के बीच हुए मैच में गुजरात की टीम विजय रही जबकि माउंटेन स्कूल बिहटा बिहार एवं केवीएम ग्लोबल सेकेंडरी स्कूल हरियाणा के बीच हुए कांटे की टक्कर में हरियाणा की टीम 35-32 से जीत दर्ज की। अंडर 14 बालक वर्ग में दो मैच हुए जिसके पहले मैच में कौसमोनौट इंटरनेशनल स्कूल सिरसा हरियाणा एवं कर्नाटक की मारथा मंडल विद्यालय के बीच मैच खेला गया इसमें इंटरनेशनल स्कूल हरियाणा 52-16 से जीत दर्ज की जबकि दूसरे मैच में भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी, उत्तर प्रदेश एवं डॉक्टर साइरस पुनावाला, पुणे के बीच हुए मैच में पुणे की टीम 64 50 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता शुरू होने के पूर्व गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनकी हौसला आफजाई की।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/17 दिनांक- 14.09.2025

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025**

**BCECE (PCM / PCB / PCMB)-2025 के संयुक्त मेधासूची के आधार पर सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों एवं कृषि धारा के 50% सीटों पर सीट आवंटन / नामांकन हेतु Round-2 Online Counselling से सम्बन्धित सूचना**

1. विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2025/09 दिनांक 01.08.2025 के क्रम में BCECE-(PCM/PCB / PCMB)-2025 की संयुक्त (Joint) मेधासूची के आधार पर **बिहार राज्य के सरकारी क्षेत्र के फार्मेसी धारा/ चिकित्सा धारा के पूर्ण सीटों** एवं **कृषि धारा की 50% सीटों पर** दिनांक 18.08.2025 से दिनांक 20.08.2025 तक सम्पन्न Online 1st Round Counselling एवं नामांकन के उपरान्त बचे रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए Online 2nd Round Counselling हेतु पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थियों / सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि तकनीकी कारणों से विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/09 दिनांक 01.08.2025 द्वारा प्रकाशित **Online 2nd Round Counselling कार्यक्रम को निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है;**

| क्र. | कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित तिथि | पुनर्निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| i. | **2nd Round** Provisional Seat Allotment Result publication date | 28.08.2025 | **20.09.2025** |
| ii. | Downloading of Allotment Order (Round-2) | 28.08.2025 to 01.09.2025 | 20.09.2025 to 24.09.2025 |
| iii. | **Document Verification and Admission** (Round-2) | 30.08.2025 to 01.09.2025 | **22.09.2025 to 24.09.2025** |

2. विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2025/09 दिनांक- 01.08.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर स्थित कियाखाप गांव के पास रविवार को निजी बस की चपेट में आने आठ वर्षीय बच्चे की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना के बाद चालक मौके पर ही बस का रोक फरार हो गया। आक्रोशित ग्रमीणों ने बस में तोड़-फोड़ करते हुए घटनास्थल पर सड़क जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। मृत बच्चे की पहचान सलैया थानांतर्गत खजुअतिया गांव निवासी पिंटू कुमार यादव के 8 वर्षीय पुत्र यीशु कुमार के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि यीशु कियाखाप निवासी धर्मेंद्र यादव के घर दो दिन पहले ही आया था। धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वह मेरी भगनी का पुत्र था। तबीयत खराब रहने के कारण उसे रफीगंज में डॉक्टर से दिखाने आई थी। इसके लिए सड़क के किनारे खड़े थे तभी औरंगाबाद की तरफ से आ रही निजी बस ने धक्का मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी और उन्हें भी चोट लगी है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शम्भू कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे ग्रामीणों एवं परिजनों को समझाने में लग गए। आक्रोशितों ने आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। आक्रोशित ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। महफूज आलम ने बताया कि प्रशासन से मांग की गयी है कि गांव में रोड पर ठोकर दिया जाए। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता राशि दिया जाएगा। पारिवारिक लाभ की राशि एवं मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौर द्वारा कबीर अन्त्येष्टि की राशि देने का भी आश्वासन दिया गया तब जाकर आक्रोशितों ने जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद भेज दिया।

## नियम का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दशहरा व दुर्गा पूजा को लेकर खुदवां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने उपस्थित सभी गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए सौहार्द्रपूर्ण तरीके से दशहरा पूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान ना दें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत ही सूचना पदाधिकारी को दें। बैठक के दौरान अधिकारियों ने दशहरा पूजा को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की समुचित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न कराने एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिए जाने का आमजनों से अपील की है। कहा कि नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी।

# जिउतिया पर मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर में जिउतिया का अलग स्वरूप और अंदाज है। यहां यह नौ दिवसीय लोकोत्सव है, जो साल1860 से आयोजित हो रहा है। यह पर्व आश्विन कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को होता है। रविवार को दाउदनगर में जिउतिया पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। विशेष कर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने संतान की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना में जुटी हैं। दाउदनगर के पुराना शहर चौक, कसेरा टोली चौक, पटवा टोली चौक और बाजार चौक स्थित भगवान जीमुतवाहन मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना को लेकर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। दाउदनगर की व्रती महिलाएं भगवान जीमुतवाहन के चारों चौकों में से किसी एक चौक पर जाकर सोना, चांदी या सूत से निर्मित जिउतिया का पूजन विधिवत पूजा करती है। इस अवसर पर भगवान जीमुतवाहन की कथा और पूजा विधि का पालन करते हुए अपने संतान के चिरंजीवी होने की कामना कर रही हैं। चारों चौकों पर संबंधित पूजा समितियों ने भव्य सजावट और रोशनी की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय लोक कलाकार स्वांग कला का प्रदर्शन कर जिउतिया पर्व को और आकर्षक बना देते हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस नकल अभिनय का शुरुआत नहाए खाए के दिन से ही हो जाता है। शनिवार की रात में भी स्थानीय कलाकारों ने बेहतर कलाकार प्रदर्शन किया। उन्होंने स्वांग कला का प्रदर्शन किया और विभिन्न बहरूपियों के वेश में दर्शकों का मनोरंजन किया। कलाकारों की प्रस्तुति ने जिउतिया के माहौल को जीवंत और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बना दिया। सोमवार को भी स्थानीय कलाकारों की ओर से नकल अभिनय का प्रदर्शन किया जाएगा।

# सर्पदंश से वृद्ध की मौत मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव दूपथ सर्पदंश से 72 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी स्व. मंगल भगत के पुत्र इंद्रदेव पाल के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक इंद्रदेव पाल रविवार की अहले सुबह शौच के लिए बधार की ओर गए थे जहां किसी जहरीले सर्प ने डस लिया। इस बात की जानकारी उन्हें तब हुई जब वे घर पहुंचे। इस दौरान उन्हें शारीरिक पीड़ा हुई और ज़हर के कारण मुंह से झाग निकलने लगा। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए नबीनगर ले जा रहे थे। इसी क्रम में उनकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। परिजनों ने बताया कि इंद्रदेव पाल को केवल तीन बेटियां है जिसमें एक बेटी की शादी हो चुकी है जबकि दो अविवाहित है। वे बेहद ग़रीब हैं। किसी तरह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। स्थानीय लोगों ने पीड़ित परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि सर्पदंश से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# सात शराब तस्कर गिरफ्तार, चार बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** कासमा पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर सात शराब तस्करों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने इस क्रम में चार मोटरसाइकिल एवं भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब जब्त किया है। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि विशेष समकालीन अभियान के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बक्शी बिगहा गांव के समीप से बाइक पर सवार गयाजी जिला के शेरघाटी थाना अंतर्गत नीमचक गांव निवासी पुत्र अरविंद रविदास, गुरुआ थाना क्षेत्र के भरौंदा गांव निवासी रंजन कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा इसके पास से 3 लीटर वदेशी शराब तथा 24 लीटर देसी महुआ शराब जब्त किया गया। इसी क्रम में स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार कासमा थाना क्षेत्र के लहंगिया गांव निवास वीरेंद्र कुमार के पास से 14 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। बक्शी बिगहा से ही पैदल चल रहे शराब कारोबारी रफीगंज थाना क्षेत्र के शारदा बिगहा निवासी सुशील कुमार को 30 लीटर देसी महुआ शराब के साथ बरामद किया गया। इसके उपरांत साहु कर्मा नहर के समीप से गयाजी जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के धाधर गांव निवासी पुत्र विकास कुमार, शेखपुरा गांव निवासी सनोज कुमार, शेखपुरा गांव के ही आयुष राज को दो मोटरसाइकिलों के साथ 21 लीटर 750 एमएल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुल 7 शराब तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ चार मोटरसाइकिल तथा 68 लीटर देसी महुआ शराब एवं 25 लीटर 125एमएल विदेशी शराब जब्त किया गया है। सभी तस्करों को जेल भेजने के साथ मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पिंडदानियों एवं दरिद्र नारायण के बीच फल व खीर का वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के सिरिस स्थित पुनपुन नदी के घाट पर पवित्र श्राद्ध कर्म की प्रथम वेदी पिंडदानियों एवं दरिद्र नारायण के बीच स्वयंसेवी संगठन सनातन स्तंभ के तत्वावधान में फल एवं खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए लगभग दो हजार लोगों के बीच खीर एवं फल-फूल का वितरण करने के साथ उन्हें शीतल पेयजल भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय, रवि चन्द्रा, संतोष कुमार सिंह, पराशर जी, रविरंजन गुप्ता टाईगर, भूपेन्द्र नारायण सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर भोपतपुर पंचायत के सरपंच सुजीत कुमार ने स्थानीय नवयुवकों के साथ कार्यक्रम में सहयोग किया।

# हत्या के प्रयास सहित अन्य मामलों में 48 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौश्रान अलग-अलग मामलों में 48 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब के शीर्ष कांडों में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 805 वाहनों की जांच की गई जिसमें 22000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। वारंट निष्पादन की संख्या एकहै। वहीं 1 ट्रैक्टर, 5 बाइक, 100 सीएफटी, 190 लीटर देसी एवं 238.45 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक की माने तो चुनाव के मद्देनजर तथा जिले में विधि व्यवस्था कायम करने के लिए पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त और गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। साथ ही नशे के सौदागरों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करें।

## पशुओं से लदा ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने तस्करी के लिए ले जा रहे पशुओं से भरे ट्रक को जब्त किया है। साथ ही मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जिसमें एक ट्रक से 40-45 पशुओं को बरामद किया गया है। वहीं चार लोगों को तस्करी मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को देखते ही सभी तेज गति से भागने की फिराक में थे लेकिन जवानों ने मुस्तैदी से ट्रक को रुकवाया। इस दौरान पशुओं से संबंधित कागजात मांगने पर तस्कर वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा पशु लदे वाहन का परमिट भी नहीं दिखाया गया। मामले में पशु क्रूरता प्रतिषेध अधिनियम के तहत तस्करों के विरुद्ध प्राथमिक कर अनुसंधान की जा रही है। वहीं आवश्यक कार्रवाई के उपरांत बरामद पशुओं को पुलिस ने स्थानीय गौशाला को सुपूर्द कर दिया।

# जिउतिया पर्व ने जगाई सामाजिक एकता की लौ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के ग्राम पंचायत भोपतपुर में वर्षों से परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ जिउतिया पर्व मनाया जा रहा है जो सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का अद्‌भुत प्रतीक बना है। यहां पर्व पर नकल का भी आयोजन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता है जो इसकी निरंतरता और भव्यता बनाए रखने में मदद करता है। इस आयोजन में मृत्युंजय कुमार यादव एवं प्रेम कुमार उर्फ 'गोरा' की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। दोनों व्यक्तियों के अथक प्रयासों और समर्पण से न केवल ग्रामवासियों को एकजुट किया जाता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत होता है।



अभियंता दिवस के अवसर पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ई. गजेन्द्र कुमार चौधरी
अधीक्षण अभियंता
सोन उच्च स्तरीय नहर अंचल
औरंगाबाद (बिहार)



अभियंता दिवस के अवसर पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ई. अशोक कुमार
कार्यपालक अभियंता
लघु जल संसाधन विभाग
औरंगाबाद (बिहार)

# मृत शिक्षक की पत्नी को दी सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देव(औरंगाबाद)।** देव प्रखंड के शिक्षकों ने बैठक कर और सोशल मीडिया के माध्यम से चंदा इकट्ठा कर आज 1,83,500 रुपए का चेक मृत शिक्षक की पत्नी को उनके पैतृक गांव कुम्हार बिगहा जाकर प्रदान किया। गौरतलब हो कि देव थाना क्षेत्र के कुम्हार बिगहा निवासी एवं प्राथमिक विद्यालय कुसहा में कार्यरत शिक्षक दिलीप पासवान की मौत 2 सितम्बर को बिजली करंट से हो गई थी। वे अपने पीछे पत्नी के अलावे चार बच्चों को छोड़ गए हैं। इस पुनीत कार्य में शिक्षक सुनील कुमार सिंह, उदय कुमार, बसंत चौरसिया, संजय कुमार पांडेय, ज्ञानेश्वर कुमार, रमेश कुमार, रवि शंकर पांडेय, सुशील प्रसाद, उमेश प्रसाद, मजहर आलम शामिल हुए।

# सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

## ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार करने का किया किया ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड में ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हसपुरा-देवकुंड सड़क का निर्माण नहीं हो जाता तब तक वे अपना वोट नहीं डालेंगे और किसी भी नेता को गांव में प्रवेश नहीं करने देंगे। बता दें कि वोट बहिष्कार करने का निर्णय महाबल बिगहा, पांचू बिगहा, बिरहारा, पुरहारा, अमझर शरीफ, हैदरगंज और सैदपुर जैसे कई गांवों के ग्रामीणों ने एकजुट होकर लिया है। उनका आरोप है कि पिछले 25 से 30 वर्षों से इस सड़क की हालत खराब है और नेता केवल झूठे वादे करते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। खासकर बारिश के मौसम में हालात और भी दयनीय हो जाती है। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ कागजी घोषणाएं और टेंडर की बातें करके ग्रामीणों को धोखा दिया है। उनका कहना है कि यह फैसला कोई अचानक से नहीं लिया गया है बल्कि वर्षों से हो रही उपेक्षा का नतीजा है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तब तक वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल नहीं करेंगे। यह आंदोलन अब नेताओं और प्रशासन के लिए एक सीधी चेतावनी बन गयी है कि अगर बुनियादी समस्याओं को नजरअंदाज किया गया तो जनता वोट की ताकत से अपना उत्तर देगी।



अभियंता दिवस के अवसर पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ई. मो. शमी अख्तर
कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
औरंगाबाद (बिहार)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# देव बाजार में शौचालय नहीं होने से परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक सूर्य नगरी देव का हाल बेहाल है। यहां विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए है परंतु सभी दावे सिर्फ घोषणाओं और कागजों में ही सिमटी हुई है जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और ही है। देव स्थित पवित्र सूर्यकुंड और रुद्रकुंड तालाब के पास स्थित नगर पंचायत भवन में यहां के विकास के लिए चुने गए जनप्रतिनिधि भले ही आराम से अपना कार्य कर रहे हो परंतु इस भवन के आसपास की स्थिति नारकीय है। देव और मदनपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों से महिला पुरुष यहां प्रतिदिन पहुंचते है। यहां तक कि जिले के बाहर से आने वाले सैकड़ों लोग प्रतिदिन देव आते हैं और पवित्र सूर्य मंदिर और सूर्यकुंड तालाब दर्शन को जरूर पहुंचते हैं। सूर्य मंदिर की साफ सफाई तो न्यास समिति के अंतर्गत है परंतु पूरे देव की साफ सफाई की व्यवस्था नगर पंचायत के जिम्मे है। देव में हजारों लोगों का आवागमन होते रहते हैं लेकिन देव बाजार में महिला पुरुषों के लिए किसी तरह की शौचालय और बाथरूम की व्यवस्था नहीं है जो विकास के नए मॉडल को दिखाती है। विकास के नए मॉडल में नगर पंचायत भवन से नजदीक तालाब परिसर में खुले में बाथरूम जाने की व्यवस्था की गई है जिसे विकास का अत्याधुनिक मॉडल कहा जा रहा है। वहीं महिलाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में महिला श्रद्धालओं को शौच के लिए खुले में जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कहने को तो नगर पंचायत भवन है लेकिन इनका कोई अपना परिसर नहीं है जिसके कारण नगर पंचायत भवन के पीछे रुद्रकुंड तालाब परिसर में कचड़ा उठाने वाली टूटी फूटी साइकिलों की एक प्रदर्शनी विकास मॉडल में चार चांद लगा रही है। नालियां, तालाब परिसर में लगने वाली दुकानों से फैल रही गंदगी के बीच रुद्रकुंड तालाब में जाना लोगों की नियति बन चुकी है। । देव थाना मोड़ से लेकर दीवान बाग, हाजीनगर और मल्लाह टोली के बीच खेतों में सैकड़ों मकानें बनी है लेकिन बेहतर नालियों का प्रबंध नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति साल में चार महीने भयंकर रहती है जो अभी बनी हुई है। देव के आनंदी बाग स्थित देवी मंदिर के पास खेतों की पानी मुख्य सड़क पर बह रही है जिससे पैदल आने जाने वाले लोगों को गंदी नालियों के पानी से गुजरना पड़ रहा है। देव के दतू बिगहा में जलजमाव से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। नगर पंचायत में मुख्य सड़क को छोड़कर आसपास के सड़कों की नियमित सफाई नहीं होती है।

अभियंता दिवस के अवसर पर शुभकामनाओं के साथ
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद (बिहार)
- ग्रामीण सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का संकल्प मूर्त रूप ले रहा है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।

ई. अरूण कुमार प्रभाकर
कार्यपालक अभियंता

CMYK